वर्ष-07 - अंक 299
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
बुधवार, 05 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

हंगामे के बीच डटे रहे मंत्री ए.के. शर्मा, विपक्ष पर ........................ 3
यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना: किसानों की आय बढ़ाने की ..................... 4
जलस्तर बढ़ने से शारदा नदी उफान पर................................ 11

## 16 अगस्त को अलवर आएंगे अमित शाह विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात



**अलवर(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 16 अगस्त को प्रस्तावित अलवर दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दौरे के मद्देनजर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को सरस डेयरी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने सभा स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री का यह दौरा अलवर जिले के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान वे सरस डेयरी परिसर में तीन लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले आधुनिक डेयरी संयंत्र का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी उनके प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के डेयरी व्यवसाय, किसानों और स्थानीय विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए राज्यमंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक विभाग को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही वीआईपी आवागमन और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन की प्रभावी योजना बनाने, पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से पूर्व सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर किया जाए।

# यूपी विधानसभा में 59,019 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश



**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। सरकार ने इस बजट के माध्यम से औद्योगिक विकास, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और आधारभूत ढांचे के विस्तार को प्राथमिकता दी है। अनुपूरक बजट का आकार चालू वित्तीय वर्ष के मूल बजट का 6.47 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि अनुपूरक बजट में 17,399.50 करोड़ रुपये राजस्व व्यय तथा 41,620.04 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य पूंजीगत निवेश बढ़ाकर सड़क, ऊर्जा, उद्योग, चिकित्सा, ग्रामीण विकास और अन्य आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करना है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिल सके। उन्होंने बताया कि नई विकास योजनाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुपूरक बजट में 7,854.25 करोड़ रुपये की नई मांगों का प्रावधान किया गया है। इससे नई परियोजनाओं के साथ-साथ पहले से संचालित योजनाओं को भी गति मिलेगी। अनुपूरक बजट में सबसे अधिक 22,107.88 करोड़ रुपये का प्रावधान भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए किया गया है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए उद्योग स्थापित होंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने के उद्देश्य से ग्राम विकास विभाग के लिए 17,942.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग ग्रामीण सड़कों, पंचायतों के विकास, पेयजल, स्वच्छता, आजीविका मिशन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य गांवों में विकास कार्यों को तेज कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और ऊर्जा अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सरकार का कहना है कि इससे बिजली उत्पादन, वितरण व्यवस्था और औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 2,000.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस धनराशि का उपयोग अस्पतालों के विस्तार, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किया जाएगा। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए समाज कल्याण विभाग को 1,655 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। वहीं महिला कल्याण विभाग के लिए 1,094.40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि से महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण, पोषण और कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। अनुपूरक बजट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 700.01 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे नई सड़कों, पुलों तथा अन्य आधारभूत ढांचागत परियोजनाओं को गति मिलेगी और प्रदेश में बेहतर संपर्क व्यवस्था विकसित होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह अनुपूरक बजट केवल अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान नहीं, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का उद्देश्य चल रही विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करना, नई जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना तथा आधारभूत संरचना को मजबूत बनाकर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि पूंजीगत निवेश पर विशेष बल देने से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास कार्य तेज होंगे तथा स्वास्थ्य, ऊर्जा और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ आम जनता तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा।

## राम दरबार दर्शन के लिए पास व्यवस्था समाप्त, श्रद्धालुओं को बड़ी राहत

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। ट्रस्ट ने प्रथम तल स्थित राम दरबार के दर्शन के लिए लागू विशेष पास व्यवस्था समाप्त कर दी है। अब श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन के लिए अलग से पास बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी। नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालु सामान्य दर्शन कतार से रामलला के दर्शन करने के बाद सीधे प्रथम तल पर स्थित राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। इससे पहले राम दरबार के दर्शन सीमित संख्या में जारी किए जाने वाले विशेष पास के माध्यम से ही संभव थे। ट्रस्ट के इस निर्णय से दर्शन प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सरल और सुगम हो गई है। अब श्रद्धालुओं को अलग से आवेदन करने या पास प्राप्त करने की औपचारिकता से नहीं गुजरना पड़ेगा, जिससे उनका समय भी बचेगा और दर्शन व्यवस्था अधिक व्यवस्थित होगी। सावन माह के दौरान अयोध्या में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में पास व्यवस्था समाप्त किए जाने के निर्णय को भक्तों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इससे दर्शन के दौरान होने वाली अतिरिक्त प्रक्रिया समाप्त होने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा भी बढ़ेगी। मेरठ से दर्शन के लिए आई श्रद्धालु निधि ने बताया कि पहले राम दरबार के दर्शन के लिए अलग से पास बनवाना पड़ता था, लेकिन इस बार बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रिया के रामलला और राम दरबार दोनों के सहज दर्शन हो गए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### साइबर ठगी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, आरबीआई को एसओपी बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले 'म्यूल अकाउंट्स' सहित संदिग्ध बैंक खातों से निपटने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने और जारी करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा कि इससे डिजिटल वित्तीय अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और पीड़ितों को समय पर राहत दिलाने में मदद मिलेगी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने यह निर्देश 'डिजिटल अरेस्ट और फर्जी दस्तावेजों से जुड़े साइबर अपराधों के पीड़ितों' के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई के दौरान दिए। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों के लिए विकसित शिकायत निवारण और ठगी गई राशि की वापसी (मनी रेस्टोरेशन) की व्यवस्था को शीघ्र प्रभावी ढंग से लागू करें। अदालत का मानना है कि इससे पीड़ितों को समयबद्ध राहत मिल सकेगी।

### एअर इंडिया की उड़ान में टर्बुलेंस, दिल्ली में सुरक्षित उतरा विमान

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फुकेत (थाईलैंड)-दिल्ली उड़ान एआई2379 मंगलवार को तेज हवा के झटकों (टर्बुलेंस) का सामना करने के बाद सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतर गई। उड़ान के दौरान कुछ समय के लिए विमान की ऊंचाई में अचानक बदलाव हुआ, जिससे कुछ यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को मामूली चोटें आईं। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान के दिल्ली पहुंचने के बाद सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए। एयरलाइन के अनुसार, किसी भी यात्री के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि, कुछ यात्रियों और चालक दल के कुछ सदस्यों को हल्की चोटें आई हैं। एयरलाइन ने बताया कि एहतियात के तौर पर प्रभावित यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एअर इंडिया की मेडिकल टीम और हवाई अड्डे की टीम लगातार उनकी देखभाल में जुटी रही।

## नीट-यूजी ओएमआर शीट विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नीट-यूजी 2026 परीक्षा में ओएमआर शीट से जुड़ा विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। परीक्षा में शामिल छह अभ्यर्थियों ने मंगलवार को शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान उन्होंने जो उत्तर ओएमआर शीट पर अंकित किए थे, वे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा अपलोड की गई स्कैन कॉपी से मेल नहीं खाते। अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने से पहले मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की है। याचिका का उल्लेख भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया गया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन भी शामिल थे। अभ्यर्थियों की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि मामला छह ऐसे छात्रों से जुड़ा है, जिन्होंने परीक्षा में 600 से 650 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन ओएमआर शीट में कथित गड़बड़ी के कारण उनके वास्तविक अंक और रैंक प्रभावित हुए हैं। अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि छात्रों का दावा है कि एनटीए द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई ओएमआर शीट में कई प्रश्नों के उत्तर उनके द्वारा परीक्षा में भरे गए उत्तरों से अलग दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में छात्रों ने एनटीए को ईमेल भेजकर और उसके कार्यालय जाकर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि मेडिकल प्रवेश की काउंसिलिंग शुरू होने से पहले इस विवाद का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें अपूरणीय शैक्षणिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। नीट-यूजी 2026 परीक्षा के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि उनकी उत्तर पुस्तिका (ओएमआर शीट) में दर्ज उत्तर और एनटीए द्वारा उपलब्ध कराई गई स्कैन कॉपी में अंतर है। छात्रों का कहना है कि कई प्रश्नों में उनके सही उत्तर या तो बदल गए हैं या गलत तरीके से रिकॉर्ड हुए हैं, जिससे उनके अंक कम हो गए और रैंक पर भी असर पड़ा। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि ओएमआर शीट में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच किए बिना प्रवेश प्रक्रिया आगे बढ़ाना न्यायसंगत नहीं होगा। उनका कहना है कि यदि बाद में उनकी शिकायत सही पाई गई तो उन्हें मनचाहा मेडिकल कॉलेज मिलने का अवसर खोना पड़ सकता है। गौरतलब है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा पहले 3 मई को आयोजित की गई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बाद इसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित कराई। परीक्षा दोबारा होने के बाद अब ओएमआर शीट को लेकर नया विवाद सामने आया है।

## यूक्रेन में जहाज पर हमले के बाद दो भारतीय अब भी लापता



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से रवाना हुए मालवाहक जहाज एजीएन राग्नार पर हुए हमले के बाद लापता दो भारतीय नागरिकों की तलाश जारी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि जहाज पर कुल चार भारतीय सवार थे, जिनमें से दो सुरक्षित हैं, जबकि दो अन्य का अब तक पता नहीं चल सका है। भारत सरकार ने कहा है कि दोनों भारतीयों की सुरक्षित तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि यूक्रेन और रोमानिया में स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के लगातार संपर्क में हैं। दोनों देशों के सहयोग से खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास लापता नाविकों के परिवारों से भी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि विदेशों में कार्यरत भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोनों भारतीय नागरिकों का पता लगाने तक सभी आवश्यक प्रयास जारी रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया। रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपेक्षा करता है और पाकिस्तान को अपनी धरती पर सक्रिय आतंकी ढांचे को पूरी तरह समाप्त करना चाहिए।

## छात्रों के मुद्दे पर राहुल गांधी का केंद्र पर हमला, बोले- युवाओं को माफी नहीं, रोजगार चाहिए



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** छात्रों, रोजगार और शिक्षा व्यवस्था को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को किसी माफी की नहीं, बल्कि रोजगार, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और बेहतर शिक्षा व्यवस्था की जरूरत है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि देशभर के छात्र रोजगार की मांग कर रहे हैं, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता चाहते हैं और ऐसी शिक्षा व्यवस्था की अपेक्षा रखते हैं जो निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से काम करे। उन्होंने कहा कि इन मूलभूत मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय अलग तरह की बातें की जा रही हैं। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य को लेकर 'माफी' की बात करना उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश के छात्रों के भविष्य को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करने का अधिकार प्रधानमंत्री को किसने दिया। उनके अनुसार, युवाओं को ठोस समाधान चाहिए, न कि केवल बयान।

## केरल में बारिश का कहर: 25 की मौत, 18 हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में



**तिरुवनंतपुरम(एजेंसी)।** केरल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। 1 अगस्त से जारी भारी वर्षा के कारण राज्य में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चार लोग लापता और 10 अन्य घायल हुए हैं। बाढ़ और जलभराव की स्थिति के चलते 18 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर 400 से अधिक राहत शिविरों में ठहराया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आठ जिलों में रेड अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। राज्य सरकार के अनुसार, पिछले चार दिनों में सामान्य से लगभग तीन गुना अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में पथानामथिट्टा, कोट्टायम और अलप्पुझा शामिल हैं। राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 1 से 4 अगस्त के बीच 52 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए, जबकि 565 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। पथानामथिट्टा में 7,852, कोट्टायम में 5,288 और अलप्पुझा में 2,651 लोगों को राहत शिविरों में ठहराया गया है। कई निचले इलाकों और नदी किनारे बसे गांवों में पानी भरने से लोगों के जरूरी दस्तावेज, घरेलू सामान और बच्चों की किताबें भी खराब हो गई हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पथानामथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं अलप्पुझा, त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम में ऑरेंज अलर्ट, जबकि तिरुवनंतपुरम और कोल्लम में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कई क्षेत्रों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी है। लगातार बारिश के कारण मुवट्टुपुझा और थोडुपुझा नदियों का जलस्तर चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंच गया था, हालांकि बाद में इसमें कुछ कमी दर्ज की गई। वहीं मूझियार, कल्लारकुट्टी, एराट्टयार, लोअर पेरियार, पोरिंगलकुथु और कुट्टियाडी सहित कई प्रमुख बांध रेड अलर्ट स्तर पर पहुंच गए हैं।

## छात्रों को मिलेगा न्याय, सरकार पूरी गंभीरता से कर रही है कार्रवाई : हेमंत सोरेन

### जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती विवाद पर पहली प्रतिक्रिया, बोले- जांच पूरी होते ही सरकार करेगी उचित निर्णय



**रांची(एजेंसी)।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पहली बार सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे मामले को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ देख रही है तथा संवैधानिक और कानूनी दायरे में छात्रों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। रामगढ़ जिले के नेमरा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार न्याय करने वाली और संवेदनशील सरकार है। उन्होंने कहा, 'जिस समस्या को हम हाथ में लेते हैं, उसका समाधान करके ही दम लेते हैं। संवैधानिक दायरे में मेरे युवा साथियों को न्याय अवश्य मिलेगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा, 'मैं यह दिखा नहीं सकता कि सरकार कितनी गंभीर है, लेकिन हमारी सरकार के आंख-कान खुले हैं और हम पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। छात्रों के हित में जो भी उचित और कानूनी होगा, वही निर्णय लिया जाएगा।' हेमंत सोरेन ने बताया कि मामले की जांच विभिन्न एजेंसियों द्वारा की जा रही है और सरकार उनकी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने और सभी तथ्य सामने आने के बाद सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून और संविधान के दायरे में रहते हुए छात्रों को पूरा सहयोग और न्याय मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी, भ्रष्टाचार और पेपर लीक के विरोध में छात्रों का आंदोलन लगातार जारी है। आंदोलनकारी छात्र विवादित परीक्षाओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच, संबंधित परीक्षाओं को रद्द करने और भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। छात्र पिछले 11 दिनों से धरने पर बैठे हैं और सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा जांच एजेंसियां सक्रिय रूप से अपना काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद सरकार तथ्यों के आधार पर उचित निर्णय लेकर सार्वजनिक रूप से जानकारी देगी।

## पूर्व राज्यपाल डीवाई पाटिल का निधन, 92 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**कोल्हापुर(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीवाई पाटिल का मंगलवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। परिवार के सूत्रों के अनुसार, उन्होंने 92 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। डीवाई पाटिल एक अनुभवी राजनेता, शिक्षाविद् और समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से राजनीतिक और शिक्षा जगत में शोक की लहर है। परिवार में उनके बेटे पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सतेज पाटिल, संजय पाटिल और अजिंक्या पाटिल हैं। कोल्हापुर के मूल निवासी डीवाई पाटिल ने वर्ष 1967 से 1978 तक विधायक के रूप में कार्य किया। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से हटकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान बढ़ाया। उन्होंने कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की और उच्च शिक्षा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा स्थापित डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय चिकित्सा, इंजीनियरिंग सहित कई अन्य क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए जाना जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें पद्म श्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। डीवाई पाटिल ने संवैधानिक पदों पर भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वह त्रिपुरा और बिहार के राज्यपाल रह चुके थे। इसके अलावा उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। राजनीतिक जीवन, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## फंदे से लटकता मिला सातवीं कक्षा की छात्रा का शव, मां ने लगाया हत्या का आरोप

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया थाना क्षेत्र के उभाई गांव में सोमवार को 15 साल की लड़की ने फांसी लगाकर जान दे दिया। वह सातवीं कक्षा की छात्रा थी। उसका शव घर के भीतर फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां ने परिवार के ही कुछ सदस्यों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मिली जानकारी के अनुसार उभाई गांव निवासी दुर्गाप्रसाद की पुत्री की मौत के बाद गांव मे तरह तरह की चर्चायें हो रही हैं। परिजनों के मुताबिक, सोमवार सुबह दुर्गाप्रसाद काम पर चले गए थे। वहीं, आरती की मां सुनीता अपने सात वर्षीय बेटे और छोटी बेटी के साथ पहचान पत्र बनवाने के लिए हरैया जाने के लिये निकली थीं। इसी दौरान सुबह करीब 11:10 बजे सुनीता को उनके पति का फोन आया, जिसमें बेटी की मौत की सूचना दी गई। खबर मिलते ही वह आनन फानन में घर पहुंचीं। सुनीता ने परिवार के कुछ सदस्यों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है।

## रूट डायवर्जन से बढ़ा संकट, आनूपुर से यमुना पुल तक लगा लंबा जाम

**कानपुर ग्रामीण।** सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत हमीरपुर से आने वाले वाहनों को आनूपुर मोड़ से डाय वर्जन किए जाने के बाद सोमवार रात करीब 10 बजें यमुना पुल तक लगभग पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया जाम में सैकड़ों वाहन फंस गए, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, हमीरपुर की ओर से आने वाले भारी व हल्के वाहनों को प्रशासन द्वारा आनूपुर मोड़ से बरीपाल होते हुए मुग़ल रोड परास चौराहे की तरफ से निकाला जा रहा है,, संकरे रास्ते में अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई, सोमवार रात से शुरू हुआ यह जाम मंगलवार सुबह तक बना रहा, जिससे ट्रक चालकों और बस यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा,,भीषण जाम के चलते रात भर वाहन रेंग कर आगे बढ़ते रहे,,भीषण गर्मी और जाम में फंसे चालकों व यात्रियों को पीने के पानी तक के लिए तरसना पड़ा,, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि बिना पूर्व पुख्ता व्यवस्था के अचानक रूट डायवर्जन किए जाने से यह समस्या खड़ी हुई,, पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाने और यातायात सुचारू बनाने के प्रयास में जुटे हुए हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो महिलाएं हुई घायल

**कोंच (जालौन)**- कोंच उरई रोड पर भदारी गांव के पास मंगलवार सुबह अचानक सामने आए आवारा पशु से एक बाइक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक, बस्ती निवासी 23 वर्षीय प्रार्थना पत्नी राजा अपने पति राजा तथा भाभी साधना के साथ बाइक से इलाज कराने के लिए उरई जा रही थीं। जब उनकी बाइक ग्राम भदारी के पास पहुंची, तभी अचानक एक आवारा मवेशी बाइक के सामने आ गया जिससे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# बस्ती के चर्चित दलित बच्ची केस में हाईकोर्ट का बड़ा एक्शन, डीएम-एसपी को आयोग का नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना लालगंज थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ गांव में पांच वर्षीय दलित बच्ची से कथित दुष्कर्म एवं हत्या के बहुचर्चित मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। भीम युवा वाहिनी संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले में व्यक्तिगत रूप से निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, करीब 14 माह पूर्व हुई इस घटना में संगठन का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

संगठन का कहना है कि लगातार पैरवी और न्यायालय में उठाए गए प्रयासों के बाद हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए 30 जुलाई 2026 को डीजीपी को निर्देश जारी किए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि हाईकोर्ट ने आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी उचित कार्रवाई करने तथा तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। संगठन का यह भी दावा है कि मामले की निगरानी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमानदीन वर्मा की देखरेख में की जा रही है। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग (भारत सरकार) ने भी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, बस्ती को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर संबंधित प्रकरण में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। भीम युवा वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव ने हाईकोर्ट एवं राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग द्वारा की गई कार्रवाई का स्वागत करते हुए न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।

## भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का मंगलवार को बस्ती जनपद में प्रथम आगमन हुआ। जिले में प्रवेश करते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका ऐतिहासिक एवं भव्य नागरिक अभिनंदन किया क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय आजमगढ़ से टांडा होते हुए बस्ती जनपद की सीमा में दाखिल हुए। कलवारी चौराहे के पास टांडा पुल पर जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र के नेतृत्व में पूर्व सांसद व असम प्रभारी हरीश द्विवेदी, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनका पहला स्वागत किया। इसके उपरांत टांडा पुल से लेकर शहर तक जगह-जगह स्वागत समारोह आयोजित किए गए। कलवारी चौराहा, नगर बाजार, फुटहिया, कारगिल शहीद स्मारक, मूड़घाट, बड़ेबन, कटरा चुंगी, फुहार चौराहा, कंपनी बाग, गांधीनगर चौकी, रोडवेज तिराहा, दक्षिण दरवाजा और पंकज टाकीज पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष का आदरपूर्वक अभिनंदन किया। इस स्वागत से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल दिखाई दिया। स्वागत जुलूस के पश्चात होटल बालाजी प्रकाश, बस्ती में 'तिरंगा यात्रा अभियान' के संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय एवं जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच पर उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत सिंह, सुशील सिंह, पवन कसौधन, महेश शुक्ल, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, संजय प्रताप जायसवाल, चंद्रप्रकाश शुक्ल, राजकिशोर सिंह, संजय चौधरी, अजय सिंह गौतम, गोपेश्वर त्रिपाठी, राजेश पाल चौधरी, रोली सिंह, अभिषेक कुमार, अंकुर वर्मा, अमृत कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि को विशाल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विनोद राय ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय पर्व पर 10 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाली 'तिरंगा यात्रा' को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अभियान के तहत प्रत्येक मंडल, युवा मोर्चा के द्वारा विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में तिरंगा यात्रा और हर घर पर तिरंगा लगा कर कर जन-जागरण किया जाएगा।

## हर घर तिरंगा अभियान को गति, गांवों में बांटे जाएंगे 2.30 लाख तिरंगे

**उन्नाव।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियां जिले में तेज हो गई हैं। इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 2.30 लाख तिरंगा झंडों का वितरण किया जाएगा। अभियान के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक तिरंगा पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। तिरंगा झंडों का निर्माण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं करेंगी।

इससे महिलाओं को रोजगार एवं अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा, वहीं अभियान को भी मजबूती मिलेगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पंचायतीराज विभाग झंडों की खरीद करेगा। इसके बाद ग्राम पंचायतों के माध्यम से तिरंगों का वितरण ग्रामीण परिवारों में कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति का संदेश दे सकें। प्रशासन ने संबंधित विभागों को झंडों के निर्माण, खरीद और वितरण की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे स्वतंत्रता दिवस से पूर्व अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके।

## हरैया क्षेत्र में बढ़ा नशे का कारोबार, पुलिस पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र में नशा का कारोबार तेजी से फैल रहा है जिसको पुलिस रोकने में नाकाम साबित हो रही है आए दिन घटनाएं घट रही हैं पुलिस की मिलीभगत से इन पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा है युवा पीढ़ी नशे के दौर में जा रही है लेकिन बार बार शिकायत होने केबावजूद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे क्षेत्र में लोगों में असंतोष फैल रहा है जिसका मुख्य कारण है दीवान कपिल देव 3 साल से ऊपर एक ही थाने पर जमे हुए हैं इनका संबंध गंज माफिया से और थाने पर आने वाले फरियादियों से रुपया वसूला जा रहा है गरीब जनता का फिर नहीं लिखा जा रहा है सबूत रहते हुए फोटो वीडियो फिर भी दीवानपर जब तक चढ़ावा नहीं चढ़ता है तब तक किसी की कंप्लेंट नहीं लिखी जा रही है कई सालों से थाने पर जमे रहने के कारण इनका वर्चस्व अपराधियों के संपर्क में है जिससे नशा कारोबारी द्वारा शिकायत करता पर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

नशेड़ियों के कब्जे मे हरैया आयेदिन चौराहे पर नेशाडियो के चलते लोगों का आना जाना हुआ दुस्वार. पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है इसके कारण आने जाने वाली महिलाओं के साथ अभद्रता अ होती है हरैया पुलिस के सरक्षण मे खूब फलफूल रहा स्मैक व गाँजे का धन्धा. करने वालों कोसंरक्षण देते हैं राजा माफिया इनकी संपर्क में रहते हैं कई बार शिकायत करने के बाद हम सुन कर देते हैं।

नशेडियों को मना करने पर मारपीट पर उतारु हो जाते है आम नागरिक से नशेड़ी..


हरैया पुलिस बिना जाँच किये तत्काल लिख दी रही निर्दोषों पर मुकदमा कई सालों से एक थाने पर जमे दीवान कपिल देव सिंह द्वारा सही फिर नहीं लिखा जाता है जिसकाप्रूफ रहते बिना रुपया लिए मुकदमा




नहीं लिख रहे है सूत्रों की माने तो हरैया पुलिस की मिलीभगत से खूब फलफूल रहा है नशे का कारोबार के संरक्षण में 4बजे मौके पर रहती है इसीलिएकोई विरोध नहीं करता है एसपी साहब के सख्त निर्देश के बाद भी हरैया मे बन्द नहीं हो पा रहा नशे का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती शिकायत करने वाले कोपुलिस कार्यवाही कर देती इसी लिए खुल कर विरोध नहीं करते है पीडित जनता को हरैया थाने से न्याय मिलने की उम्मीद हो चुकी है खत्म,बिना तहकीकात किये लिखे जा रहे मुकदमे।

# सारीपुर तिराहे पर खुला खाद-बीज भंडार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के सारीपुर गांव स्थित तिराहे पर किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कविश खाद एवं बीज भंडार का शुभारंभ किया गया। दुकान खुलने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यक सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। भंडार पर किसानों को उचित दर पर खाद, बीज एवं कीटनाशक सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। कविश खाद एवं बीज भंडार के प्रोपराइटर मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को खाद, बीज एवं कीटनाशक सामग्री के लिए दूसरे स्थानों पर जाने में परेशानी होती थी। इसी समस्या को देखते हुए सारीपुर तिराहे पर दुकान शुरू की गई है, ताकि किसानों को उनके क्षेत्र में ही कृषि संबंधी जरूरी सामग्री आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और जरूरत को प्राथमिकता दी जाएगी। दुकान पर खेती के लिए आवश्यक खाद, विभिन्न प्रकार के बीज तथा कीटनाशक सामग्री उचित दर पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को कृषि सीजन के दौरान आवश्यक सामग्री के लिए दूर-दराज के बाजारों का चक्कर न लगाना पड़े, इसी उद्देश्य से भंडार की शुरुआत की गई है।

**सारीपुर तिराहे पर दुकान खुलने से आसपास के गांवों के किसानों को मिलेगा लाभ**

कविश खाद एवं बीज भंडार के खुलने से सारीपुर समेत आसपास के गांवों के किसानों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। खासकर खेती के मौसम में खाद, बीज और कीटनाशक सामग्री की जरूरत किसानों को लगातार बनी रहती है। ऐसे में गांव के नजदीक ही कृषि सामग्री उपलब्ध होने से किसानों का समय और आने-जाने की परेशानी कम होगी। दुकान संचालक मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों के साथ बेहतर व्यवहार और उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से दुकान पर उपलब्ध कृषि सामग्री का लाभ उठाने की अपील की।

## दहेज हत्या के मामले में पति, सास और ससुर गिरफ्तार, पुलिस ने तीनों को भेजा जेल




**महराजगंज/रायबरेली।** दहेज हत्या के सनसनीखेज मामले में थाना महाराजगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति, सास और ससुर शामिल हैं। पुलिस ने मामले में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण सबूत जुटाकर कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के मकरंदपुर मजरे जमुरावां निवासी विवाहिता मनीषा यादव (25) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मृतका के परिजनों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया था। इस संबंध में मृतका के पिता संत प्रसाद यादव निवासी पूरे देवरी मजरे ओया, थाना चंदापुर ने महाराजगंज थाने में तहरीर देकर पति, सास, ससुर समेत अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर के आधार पर थाना महराजगंज में मु0अ0सं0 103/2026 धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की।

## सराय एक्ट में बिना पंजीकरण के चल रहे आधा दर्जन होटल होंगे बंद

**नोटिस के बावजूद नहीं कराया पंजीकरण धडल्ले से चल रहे होटल**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे छह होटलों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सराय अधिनियम 1867 के तहत पंजीकरण न कराने पर इन प्रतिष्ठानों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हलचल मच गई है। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार संबंधित संचालकों को पहले एक माह के भीतर पंजीकरण कराने का नोटिस दिया गया था। तय समय बीतने के बाद भी पंजीकरण नहीं कराया गया। इसके बाद कार्रवाई के आदेश जारी किए गए। नोटिस में होटल अजय पैलेस, होटल हेरिटेज, चौहान होटल एंड रेस्टोरेंट, प्रताप पैलेस होटल एंड रेस्टोरेंट, हरि प्रताप लॉन सहित कुल छह प्रतिष्ठानों के नाम शामिल हैं।जिलाधिकारी कार्यालय ने एसडीएम को सराय अधिनियम 1867 की धारा-5 के तहत सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई पूरी होने के बाद इसकी रिपोर्ट नगर मजिस्ट्रेट या नियत प्राधिकारी कार्यालय को भेजने के लिए भी कहा गया है। एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीलिंग की कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार की अगुवाई में तहसील स्तर की टीम बना दी गई है। नियमों का पालन नहीं करने वाले होटल और लॉज संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## साक्ष्यों के आगे दबंगई बेअसर, सहायक रसोइया को न्याय

**बीएसए का कड़ा नोटिस, पत्रकार को धमकी देने से नहीं छिपेगा सच**

बस्ती। जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हरैया की सहायक रसोइया ने छात्राओं व विद्यालय कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार का मामला तूल पकड़ गया है। इस गंभीर अनुशासनहीनता पर सख्त रुख अपनाते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनूप कुमार जी ने सहायक रसोइया सुमन पाठक को संविदा समाप्ति का नोटिस थमा दिया है। बीएसए ने आरोपी रसोइया से 2 कार्यदिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। तय समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर बर्खास्तगी की अंतिम पत्रावली जिलाधिकारी बस्ती के समक्ष प्रस्तुत कर दी जाएगी। वहीं, बीएसए की इस कड़ी कार्रवाई और सरकारी दस्तावेजों पर आधारित निष्पक्ष खबर प्रसारित होने से बौखलाहट सामने आई है। मामले में गोविंदपारा निवासी अश्विनी कुमार नामक व्यक्ति द्वारा सच दिखाने पर पत्रकार को कानूनी नोटिस देने की धमकी दी जा रही है। हालांकि, विभागीय साक्ष्य और पीड़िता छात्राओं व कर्मचारियों के दर्ज बयान इस बात की पुष्टि करते हैं कि खबर पूरी तरह तथ्यों पर आधारित है।

# महिलाओं से चेन चोरी कराने वाला गिरोह सरगना गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** छावनी पुलिस ने टेंपो में महिलाओं के गले से चेन चोरी कराने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन, अंकित सोने का लॉकेट, वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, नकदी तथा अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना छावनी क्षेत्र के रामजानकी मार्ग स्थित रामरेखा मंदिर पुलिया के पास से वांछित आरोपी पंकज कुमार निवासी झंगहा, गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने चार महिलाओं का गिरोह बना रखा था। वह उन्हें विभिन्न जनपदों के टेंपो स्टैंड पर छोड़ देता था। महिलाएं भीड़भाड़ वाले टेंपो में बैठकर यात्रियों की चेन और लॉकेट चोरी कर लेतीं और बीच रास्ते उल्टी का बहाना बनाकर उतर जातीं। इसके बाद पहले से पीछा कर रही स्कॉर्पियो में बैठकर फरार हो जाती थीं।

पुलिस के अनुसार 25 जुलाई को विक्रमजोत से अयोध्या जा रही एक महिला की चेन और लॉकेट इसी तरीके से चोरी किए गए थे। अगले दिन अमेठी में वारदात के प्रयास के दौरान गिरोह की चार महिला सदस्य गिरफ्तार हो गई थीं, जबकि सरगना फरार हो गया था। मंगलवार को चोरी के जेवर बेचकर साथियों की जमानत कराने निकले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। घटना के खुलासे में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, टोल प्लाजा के फास्टैग अभिलेख और तकनीकी साक्ष्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज अन्य मुकदमों की भी जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. प्रदीप तिवारी बने प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ अमेठी के निर्विरोध जिला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस संघ) अमेठी की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रदीप तिवारी को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। उनके निर्वाचन पर जनपद के चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।डॉ. प्रदीप तिवारी स्वास्थ्य विभाग में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए विशेष पहचान रखते हैं। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर के अधीक्षक सहित विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार और मरीजों की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए।चिकित्सा सेवा के साथ-साथ डॉ. तिवारी सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े रहे हैं। सरल, सौम्य और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी डॉ. प्रदीप तिवारी जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि चिकित्सकों के साथ-साथ आमजन में भी उनकी विशेष लोकप्रियता है। उनके निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने जाने को संगठन की एकजुटता और उनके प्रति चिकित्सकों के विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है।

प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ अमेठी की नवगठित कार्यकारिणी में डॉ. राजीव सौरभ को सचिव, डॉ. संध्या सिंह चौहान एवं डॉ. अवनीश चंद्रा को उपाध्यक्ष, डॉ. शैलेश कुमार गुप्ता को वित्त सचिव, डॉ. पीतांबर रजक को संपादक तथा डॉ. आलोक मिश्रा को केंद्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, चिकित्सकों के हितों की रक्षा करने तथा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। जिले के चिकित्सकों ने नवगठित कार्यकारिणी से स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंशुमान सिंह भी मौजूद रहे।

## उगू नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोपों पर छह सभासद धरने पर बैठेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। नगर पंचायत उगू में विकास कार्यों, निर्माण योजनाओं की गुणवत्ता, प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था तथा वित्तीय आवंटन में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरोध में छह सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है। सभासदों ने उपजिलाधिकारी सफीपुर को ज्ञापन सौंपकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि बोर्ड बैठकों में मामला उठाने और पूर्व में कई बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद प्रशासन की ओर से न तो पारदर्शी जांच कराई गई और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई की गई।

सभासदों ने कहा कि जनता के हितों और अपनी जवाबदेही का निर्वहन करते हुए वे गांधीवादी एवं शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करेंगे, ताकि नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान कथित अनियमितताओं की ओर आकर्षित हो सके। उन्होंने एसडीएम से प्रदर्शन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था

**एसडीएम को ज्ञापन देकर मांगी अनुमति, निष्पक्ष जांच और सुरक्षा व्यवस्था की मांग**

उपलब्ध कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन 6 अगस्त 2026 (गुरुवार) को उगू बाजार चौराहे के पास दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। ज्ञापन पर नगर पंचायत के छह सभासदों के हस्ताक्षर हैं।

## श्रावण मासः पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और शिवार्चन आरम्भ

**कोंच(जालौन)**- श्रावण मास के पावन अवसर पर मंगलवार को पटेल नगर स्थित शिव शक्ति सिद्ध पीठ मंदिर (नहर कोठी) में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं शिवार्चन का शुभारंभ हुआ। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। आयोजकों ने बताया कि मंदिर परिसर में 30 जुलाई से 27 अगस्त तक प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं विशेष शिव अर्चन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान लड्डू गोपाल हैं। पंडित शिवाकांत शास्त्री ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार सावन भगवान शिव का प्रिय माह है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा करने, रुद्राभिषेक करने और भगवान शिव का स्मरण करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अनीता अग्रवाल, राखी पांडे, राधा सुहाने सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बरखा बनी किसानों के लिए वरदानः झमाझम बारिश से खेतों में लौटी हरियाली, उम्मीदों को मिले नए पंख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** कई दिनों से आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे किसानों का इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया। क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश ने खेतों में नई जान फूंक दी है। धान सहित खरीफ की फसलों के लिए यह वर्षा किसी संजीवनी से कम नहीं रही। लंबे समय से बारिश के अभाव में सूखने लगे खेत एक बार फिर पानी से लबालब हो गए हैं और किसानों के चेहरों पर चिंता की जगह मुस्कान लौट आई है। समय पर हुई वर्षा से धान की रोपाई में तेजी आ गई है। जिन किसानों की रोपाई पहले ही पूरी हो चुकी थी, उनकी फसलों को भी भरपूर लाभ मिलने की उम्मीद है। मक्का, अरहर, उड़द, तिल तथा अन्य खरीफ फसलों की बढ़वार के लिए भी यह वर्षा बेहद लाभकारी मानी जा रही है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश ने फसल को नई ऊर्जा दी है और अब अच्छी पैदावार की उम्मीद पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गई है।

लगातार बढ़ रही गर्मी और बारिश की कमी के कारण किसान महंगी सिंचाई कराने को मजबूर थे। डीजल और बिजली से सिंचाई करने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा था, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही थी। अब प्राकृतिक वर्षा होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने से सिंचाई का खर्च कम होगा और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आने की संभावना है। बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों का नजारा पूरी तरह बदल गया है। खेतों में किसान परिवारों के साथ कृषि कार्यों में जुट गए हैं। कहीं धान की रोपाई हो रही है तो कहीं खेतों की मेड़बंदी और निराई-गुड़ाई का कार्य तेज हो गया है। गांवों में चारों ओर हरियाली लौटने से किसानों के साथ-साथ आम लोगों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दे रही है। मौसम में आई ठंडक ने उमस और भीषण गर्मी से भी राहत दिलाई है। जमुरावां निवासी किसान रामबरन ने कहा, 'यह बारिश हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। लंबे समय से हम सभी किसान वर्षा का इंतजार कर रहे थे। समय पर हुई इस बारिश से धान की फसल को नया जीवन मिला है। अब अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है और सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी बचेगा। 'कपूरपुर निवासी किसान रामफल ने कहा, 'बारिश ने किसानों की चिंता काफी हद तक दूर कर दी है। खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे फसलों की बढ़वार बेहतर होगी। यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह समय-समय पर वर्षा होती रही तो इस वर्ष फसल की उपज निश्चित रूप से अच्छी होगी। '

किसान रुद्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा, 'कृषि पूरी तरह मौसम पर निर्भर करती है और समय पर हुई वर्षा किसानों के लिए सबसे बड़ी राहत




होती है। इस बारिश से खेतों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हमें विश्वास है कि प्रकृति का साथ इसी तरह बना रहा तो इस वर्ष किसानों की मेहनत अवश्य रंग लाएगी और भरपूर उत्पादन होगा। 'क्षेत्र के किसानों का मानना है कि यदि अगस्त माह में भी समय-समय पर अच्छी वर्षा होती रही तो इस वर्ष खरीफ की फसल का उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर हो सकता है। कृषि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि धान की फसल के लिए इस समय हुई वर्षा बेहद महत्वपूर्ण है। इससे पौधों की जड़ों को मजबूती मिलेगी और फसल का समुचित विकास होगा। बारिश की यह सौगात केवल खेतों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि इसने किसानों के मन में भी नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार किया है। खेतों में लौटती हरियाली और किसानों के चेहरों पर खिली मुस्कान इस बात का संकेत है कि यदि मौसम इसी तरह मेहरबान रहा तो इस वर्ष क्षेत्र में भरपूर पैदावार के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

# हंगामे के बीच डटे रहे मंत्री ए.के. शर्मा, विपक्ष पर बोला हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के तृतीय सत्र की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच भी अपने विधायी दायित्वों को पूरा करते नजर आए। सदन में लगातार विरोध और शोर-शराबे के बावजूद मंत्री ने संयम और दृढ़ता के साथ निर्धारित विधायी प्रक्रिया में हिस्सा लिया और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विपक्ष के विरोध के बावजूद विकास कार्यों की गति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहस और चर्चा का महत्व है, लेकिन सदन की



कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करना जनता के हितों के विपरीत है। मंत्री शर्मा ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग अतीत में रामभक्तों पर कार्रवाई और श्रीराम मंदिर से जुड़े मुद्दों को लेकर सवालों के घेरे में रहे हैं, उन्हें श्रीराम और सनातन परंपरा के सम्मान को लेकर वर्तमान सरकार पर आरोप लगाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपराओं और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य विकास, सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारना है। ए.के. शर्मा ने कहा कि सरकार विपक्ष के निराधार आरोपों से विचलित होने वाली नहीं है। प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, ऊर्जा व्यवस्था को मजबूत करने और नगरीय विकास को गति देने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। विधानसभा में विपक्ष की ओर से लगातार नारेबाजी और विरोध के बीच मंत्री ने सदन की गरिमा बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को समस्याओं के समाधान और नीतिगत फैसलों के लिए सदन में भेजा है, इसलिए सभी पक्षों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। मंत्री के अनुसार, प्रदेश सरकार विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ रही है और जनहित से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उत्तर प्रदेश को विकास के नए पथ पर आगे ले जाना है।

# रेडिको खेतान लिमिटेड द्वारा रेडिको कबड्डी लीग-2026 का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर।** रेडिको खेतान लिमिटेड, सीतापुर इकाई द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (छ्स्त्र) कार्यक्रमों के अंतर्गत 'रेडिको कबड्डी लीग-2026' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन कंपनी की सीएसआर अध्यक्षा अनीता चौहान के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडिको खेतान लिमिटेड, सीतापुर इकाई के यूनिट हेड अंशु श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर कंपनी के एच.आर. हेड अजय कुमार गोस्वामी, इंजीनियरिंग हेड यू. एन. पाण्डेय, फाइनेंस हेड अनिल जैन, बॉटलिंग हेड भूपेंद्र सिंह तोमर, प्रोसेस हेड डी. के. यादव, कमर्शियल हेड दीपक सिंह, आई.टी. हेड दिनेश अवस्थी, सहित कंपनी के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी अरिंजय चौधरी की गरिमामयी



उपस्थिति भी रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में सीतापुर जनपद की बिसवां एवं सिधौली तहसील के कुल 16 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण प्रतियोगिता का सफल संचालन विशाल शर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ, जिनके द्वारा खेल प्रतियोगिता से संबंधित समस्त निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबलों के उपरांत एच.आर.डी. इंटर कॉलेज, बिसवां ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रेडिको कबड्डी लीग-2026 का खिताब अपने नाम किया, जबकि आर.बी.एस.बी.एस. इंटर कॉलेज, कमलापुर (सिधौली) ने उपविजेता (Runner-up) का स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अंशु श्रीवास्तव ने विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि रेडिको खेतान लिमिटेड भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं खेल प्रोत्साहन कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करती रहेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यालयों, शिक्षकों, निर्णायकों, अतिथियों तथा आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता का सफल समापन किया गया।

# महमूदाबाद के छंगापुर स्कूल में परोसे गए भोजन का वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** क्षेत्र के विकास क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय छंगापुर का एक वीडियो इस वक़्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद बच्चों को परोसे जाने वाले मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। वायरल वीडियो में प्राथमिक विद्यालय छंगापुर में बच्चों को दिए जा रहे मिड-डे मील के भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब और मानकों के विपरीत दिखाई गई है। वीडियो के तूल पकड़ने के बाद से ही क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालयों में पढ़ने वाले मासूम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है, जबकि शासन की ओर से बच्चों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं।



ग्रामीणों और अभिभावकों की मांग

वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि जिम्मेदार लोग ही बच्चों के हक के भोजन में इस तरह की लापरवाही बरतेंगे, तो सरकारी योजनाओं का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की पुरजोर मांग की है। इस पूरे मामले के तूल पकड़ने के बाद अब क्षेत्र के लोगों की निगाहें सीतापुर के जिलाधिकारी पर टिक गई हैं कि वह इस प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेते हैं या नहीं। लोग उम्मीद जता रहे हैं कि जिला प्रशासन जल्द ही इस मामले की जांच के लिए टीम गठित करेगा। यदि जांच के दौरान मिड-डे मील योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है, तो क्या संबंधित शिक्षकों, प्रधानाध्यापक और जिम्मेदार एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय व विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# मोहनलालगंज की रजिस्ट्रियां अब सदर में भी होंगी, अधिवक्ताओं में उबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ की रजिस्ट्री व्यवस्था में किए गए बड़े प्रशासनिक बदलाव के बाद मोहनलालगंज तहसील में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। शासन की नई अधिसूचना के तहत अब मोहनलालगंज क्षेत्र की संपत्तियों की रजिस्ट्री केवल स्थानीय उप-निबंधक कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि लखनऊ सदर के उप-निबंधक कार्यालयों में भी कराई जा सकेगी। इस निर्णय को लेकर मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे स्थानीय व्यवस्था और अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत बताया है। स्टाम्प एवं निबंधन अनुभाग-1 की ओर से 4 अगस्त 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार लखनऊ सदर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम उप-निबंधक कार्यालयों का प्रशासनिक एकीकरण करते हुए उन्हें निबंधक कार्यालय, लखनऊ के अंतर्गत समाहित किया गया है। साथ ही इन



(वरिष्ठ अधिवता एवं पूर्व महामंत्री देवेश सिंह )

उप-निबंधकों को मोहनलालगंज उप-जिला क्षेत्र की संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों का पंजीकरण करने का अधिकार भी प्रदान किया गया है। अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। सरकार के अनुसार नई व्यवस्था का उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और ई-गवर्नेंस आधारित बनाना, कार्यभार का संतुलित वितरण सुनिश्चित करना तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करना है। इसके तहत उप-निबंधकों को पंजीकरण अधिनियम-1908 की धारा-30 के अंतर्गत निबंधक, लखनऊ में निहित शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार दिया गया है। हालांकि, इस फैसले के विरोध में मोहनलालगंज बार एसोसिएशन खुलकर सामने आ गया है। बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव ने कहा कि यदि मोहनलालगंज की रजिस्ट्रियां सदर कार्यालयों में भी होने लगेंगी तो स्थानीय अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और वादकारियों के हित प्रभावित होंगे। इससे वर्षों से संचालित तहसील स्तरीय न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो बार एसोसिएशन व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी। बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश सिंह ने भी अधिसूचना पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय से पहले स्थानीय अधिवक्ताओं और संबंधित पक्षों से राय ली जानी चाहिए थी। उनका कहना है कि यह फैसला मोहनलालगंज की प्रशासनिक पहचान और स्थानीय व्यवस्था को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से आम नागरिकों में भी भ्रम की स्थिति पैदा होगी और अनावश्यक असुविधा बढ़ सकती है। उन्होंने सरकार से अधिसूचना पर पुनर्विचार करते हुए मोहनलालगंज क्षेत्र की रजिस्ट्रियों का अधिकार केवल स्थानीय उप-निबंधक कार्यालय तक सीमित रखने की मांग की है। फिलहाल शासन की अधिसूचना लागू हो चुकी है, लेकिन बार एसोसिएशन के विरोध के बाद इस मुद्दे के तूल पकड़ने के आसार हैं। अधिवक्ताओं ने संकेत दिए हैं कि मांगें नहीं मानी गई तो शासन को ज्ञापन सौंपने के साथ आंदोलन की रूपरेखा भी घोषित की जाएगी ।

## सियार के हमले से घायल युवक की हुई मौत घर में मचा कोहराम

सीतापुर जनपद सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर तेंदुआ में सियार के हमले में घायल हुए युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार देर शाम करीब 7 बजे मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि घायल युवक के पिता की हालत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 20 जुलाई को राजपाल (65) और उनके पुत्र रघुबीर (40) खेत में काम कर रहे थे इसी दौरान एक सियार ने दोनों पर हमला कर दिया था, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में दोनों का इलाज लखनऊ में भी कराया गया, जिसके बाद वे घर लौट आए थे परिजनों के मुताबिक सोमवार सुबह अचानक रघुबीर की तबीयत बिगड़ गई और उनका व्यवहार असामान्य हो गया उन्होंने लोगों की ओर दौड़ना और काटने का प्रयास शुरू कर दिया। किसी अनहोनी से बचने के लिए परिवार ने उन्हें घर पर रस्सी से बांध दिया।

## चार दिन बाद शारदा-घाघरा का जलस्तर घटा बढ़ी कटान की चिंता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में शारदा और घाघरा नदियों का लगातार चार दिनों तक बढ़ता जलस्तर सोमवार शाम से घटने लगा है। इससे प्रशासन ने राहत की स्थिति बनने का दावा किया है, लेकिन तटवर्ती गांवों के किसानों और ग्रामीणों की चिंता अभी खत्म नहीं हुई है उनका कहना है कि पानी उतरने के साथ नदी की धारा तेज होती है, जिससे कटान का खतरा कई गुना बढ़ जाता है और खेतों के साथ आबादी भी इसकी चपेट में आ सकती है। प्रशासन के मुताबिक सोमवार देर रात बनबसा, गिरिजा और घाघरा बैराज से करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके बावजूद सोमवार शाम से नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। रामपुर मथुरा क्षेत्र में लगे मीटर गेज के अनुसार जलस्तर पहले की तुलना में करीब 20 सेंटीमीटर कम हुआ है। फिलहाल नदी खतरे के निशान से लगभग 1.19 मीटर नीचे बह रही है। पिछले तीन दिनों में शारदा और घाघरा के बढ़े जलस्तर से रेउसा और रामपुर मथुरा विकासखंड के 25 से अधिक तटवर्ती गांव प्रभावित हुए रेउसा क्षेत्र में करीब डेढ़ सौ बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई। कई संपर्क मार्गो पर पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन भी प्रभावित रहा। ग्रामीण किसान मोहन और दिनेश का कहना है कि जलस्तर घटना राहत जरूर है, लेकिन इसके साथ ही नदी की धारा तेज होने से कटान का खतरा बढ़ जाता है। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में कई किसानों की उपजाऊ जमीन नदी में समा सकती है। प्रशासन का कहना है कि नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान संभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय और बचाव कार्य तेज करने की मांग की है!!



# महमूदाबाद में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की नई टीम का भव्य शपथ ग्रहण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** स्थानीय फौजी रेस्टोरेंट में मंगलवार को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट से संबद्ध यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की महमूदाबाद तहसील इकाई का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन, न्यायपालिका, शिक्षा और चिकित्सा जगत के कई प्रतिष्ठित चेहरों के साथ-साथ क्षेत्र के तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज की छात्राओं–गायत्री गुप्ता, संजना वर्मा और प्रिया वर्मा द्वारा प्रस्तुत अत्यंत मनमोहक सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। एनसीसी अधिकारी दुर्गेश कुमार के मार्गदर्शन में पहुंची इन छात्राओं की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस शानदार प्रदर्शन से अभिभूत होकर इकाई अध्यक्ष अनुज कुमार जैन ने तीनों छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से ?500-?500 का नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मंच का संचालन जितेंद्र वर्मा और इरफान मंसूरी ने बेहद ऊर्जावान और सधे हुए अंदाज में किया। शपथ ग्रहण के मुख्य अनुष्ठान में जिला



महामंत्री सुनील वर्मा ने महमूदाबाद इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को पत्रकारिता के बुनियादी उसूलों–निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और समाज के प्रति जवाबदेही के साथ-साथ पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटने का संकल्प लिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रियदर्शी, विशिष्ट अतिथि सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा, नगर पालिका ईओ पवन किशोर मौर्य और इकाई अध्यक्ष अनुज कुमार जैन ने संयुक्त रूप से नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपे। वक्ताओं के मुख्य विचार समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीएम अभिषेक प्रियदर्शी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारों की भूमिका समाज को सही दिशा देने में अहम होती है। उन्होंने प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आशीष वर्मा और पवन किशोर मौर्य ने भी पत्रकारों के सामाजिक योगदान की सराहना की। तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेंद्र सहाय, प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह, समाजसेवी चक्र सुदर्शन पाण्डेय और जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाने वाले पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और आमंत्रित पत्रकारों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।

इस सफल आयोजन में फौजी रेस्टोरेंट के प्रबंधक सी.वी. गुप्ता का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने रेस्टोरेंट की सभी सुविधाएं व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध कराईं। संगठन ने उनके इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल समापन पर महमूदाबाद इकाई के अध्यक्ष अनुज कुमार जैन और महामंत्री रामनिवास गुप्ता ने सभी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सहयात्रियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी पत्रकार हितों के लिए संघर्षरत रहने का ऐलान किया।

## पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कहिमारा गांव में 101 वृक्षों को किया गया रोपित

**बिसवां/सीतापुर।** इनरव्हील क्लब आफ बिसवां उड़ान के द्वारा से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कहिमारा गांव में 101, वृक्षों को रोपित किया गया,



कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा, क्लब अध्यक्षा शालिनी गुप्ता, के साथ साथ निवर्तमान अध्यक्षा सीमा रस्तोगी, वाइस प्रेसिडेंट सुनीता गुप्ता, सेक्रेटरी आरती मौर्या, एडीटर सीमा शुक्ला और भी क्लब के सक्रिय सदस्यों ने इसमें अपनी सहभागिता दर्ज करवाकर वृक्षों को रोपित किया।

# स्टांप पेपर पर हुआ समझौता, महिला ने निजी चिकित्सक पर लगाए आरोप लिए वापस

गर्भ में पहले से मृत था शिशु, बहकावे में आकर शिकायत देने का किया दावा

भविष्य में कानूनी कार्रवाई न करने की दी लिखित सहमति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर क्षेत्र में एक निजी चिकित्सक के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के मामले में नया मोड़ आ गया है। मामले में प्रथम पक्ष की महिला ने 100 रूपये के स्टांप पेपर पर लिखित समझौता करते हुए चिकित्सक पर लगाए गए आरोप वापस ले लिए हैं। समझौता पत्र




के अनुसार ग्राम गोरिया प्रहलादपुर निवासी शमा पत्नी अफसर अली ने स्वीकार किया है कि वह लगभग 9 माह 20 दिन की गर्भवती थीं और उनके गर्भ में पल रहा शिशु पहले से ही मृत था। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें अन्य अस्पतालों में जांच और चिकित्सकीय परामर्श के दौरान हो चुकी थी। समझौता पत्र में महिला ने यह भी उल्लेख किया है कि कुछ लोगों के बहकावे में आकर उन्होंने लहरपुर निवासी खुदाना पत्नी मोहम्मद आसिफ के यहां उपचार कराया तथा बाद में उन पर गलत दवा देने के कारण गर्भस्थ शिशु की मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए थाना लहरपुर, उपजिलाधिकारी लहरपुर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर को शिकायत भेजी थी। महिला ने अब लिखित रूप से स्वीकार किया है कि उनके द्वारा लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं थे और वह अपनी गलती का एहसास होने पर द्वितीय पक्ष से समझौता कर रही हैं। उन्होंने यह भी लिखा है कि भविष्य में वह इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी तथा यदि ऐसा करती हैं तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। यह समझौता ?100 के स्टांप पेपर पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षरों के साथ संपन्न हुआ है। दस्तावेज में अफसर अली एवं सूफिया को गवाह के रूप में हस्ताक्षरित बताया गया है!!

# बाघिन के मिले पगचिह्न बच्चों ने छोड़ा स्कूल, दुधवा के टाइगर ट्रैकर कर रहे तलाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के संदना क्षेत्र में बाघिन का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रसुलवा गांव में किसान कमल किशोर की मौत के बाद अब घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर सोमवार शाम बाघिन के ताजा पगचिह्न मिलने से ग्रामीणों में एक बार फिर दहशत फैल गई है वन विभाग की लगातार कोशिशों के बावजूद अब तक बाघिन को पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी है। वन विभाग की ओर से दुधवा टाइगर रिजर्व से आए वन्यजीव विशेषज्ञ एवं टाइगर ट्रैकर चेतन कुमार अपनी टीम के साथ लगातार इलाके में कॉम्बिंग अभियान चला रहे हैं। टीम पक्षियों की गतिविधियों, पगचिह्नों और अन्य वन्यजीव संकेतों के आधार पर बाघिन की लोकेशन तलाशने में जुटी है। हालांकि अब तक की सभी कॉम्बिंग और सर्च ऑपरेशन बेनतीजा साबित हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाघिन की मौजूदगी के कारण पूरे इलाके में भय का माहौल है। बच्चों का स्कूल जाना प्रभावित हो गया है और अभिभावक उन्हें घर से बाहर भेजने में डर महसूस कर रहे हैं। किसान भी खेतों में अकेले जाने से बच रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन और खेती-किसानी पर असर पड़ रहा है। मिश्रिख वन क्षेत्र के रेंजर सिकंदर सिंह ने बताया कि रसुलवा गांव से 10 किलोमीटर दूर मिले ताजा पगचिह्न बाघिन के ही हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने, समूह में खेतों पर जाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या बाघिन के दिखाई देने की सूचना तत्काल वन विभाग को देने की अपील की जा रही है। गौरतलब है कि 15 जुलाई को किसान कमल किशोर की मौत के बाद वन विभाग ने इलाके में दो पिंजरे और कई ट्रैप कैमरे लगाए थे। इसके बावजूद बाघिन अब तक पकड़ में नहीं आई है। वन विभाग का सर्च अभियान लगातार जारी है, जबकि ग्रामीण जल्द से जल्द बाघिन को पकड़ने की मांग कर रहे हैं!!

# संपादकीय

## उपचुनावः जनता का संदेश, दलों के लिए चेतावनी

3 अगस्त 2026 को बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के परिणाम सामने आए। तीन राज्यों की इन तीन सीटों पर आए नतीजों ने केवल स्थानीय राजनीति को ही प्रभावित नहीं किया, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति को भी कई महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। इन परिणामों में भाजपा को दो महत्वपूर्ण सीटों पर झटका लगा, जबकि कांग्रेस और जन सुराज ने एक-एक सीट जीतकर अपने-अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। भाजपा ने गुजरात की मांजलपुर सीट बचाकर अपनी उपस्थिति बनाए रखी। सबसे अधिक चर्चा बिहार की बांकीपुर सीट की रही, जहां जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भाजपा के मजबूत गढ़ में जीत दर्ज कर भारतीय राजनीति में एक नई शुरुआत की। मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर कांग्रेस ने भाजपा को हराकर यह संदेश दिया कि वह अभी भी कई क्षेत्रों में सीधी चुनौती देने की स्थिति में है। वहीं गुजरात की मांजलपुर सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज कर अपने संगठनात्मक आधार को बनाए रखा। भाजपा के लिए चेतावनी- उपचुनावों के परिणामों को सामान्य चुनावों का सीधा संकेत नहीं माना जाता, लेकिन वे जनता के तत्काल राजनीतिक मूड का संकेत अवश्य देते हैं। भाजपा को बांकीपुर और दतिया में मिली हार यह बताती है कि केवल संगठनात्मक मजबूती या पुराने राजनीतिक समीकरण हर चुनाव में सफलता की गारंटी नहीं हैं। इन परिणामों से भाजपा के सामने कुछ प्रमुख प्रश्न खड़े हुए हैं— क्या स्थानीय मुद्दों को पर्याप्त महत्व दिया गया? क्या उम्मीदवार चयन में कहीं कमी रह गई? क्या युवाओं और रोजगार जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को प्रभावित किया? क्या सरकार को अपनी जनसंपर्क रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है? भाजपा नेतृत्व ने भी परिणामों को स्वीकार करते हुए समीक्षा की बात कही है। कांग्रेस के लिए राहत, लेकिन चुनौती भी- दतिया की जीत कांग्रेस के लिए मनोबल बढ़ाने वाली है। लंबे समय से लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना कर रही कांग्रेस के लिए यह परिणाम संगठन को ऊर्जा देने वाला साबित हो सकता है। हालांकि केवल एक सीट की जीत से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि कांग्रेस ने अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन पूरी तरह वापस पा ली है। पार्टी को यह साबित करना होगा कि वह इस सफलता को व्यापक जनसमर्थन में बदल सकती है। प्रशांत किशोर और जन सुराज की बड़ी छलांग- सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश बिहार से आया है। वर्षों तक विभिन्न दलों के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने पहली बार स्वयं चुनाव लड़कर जीत हासिल की। यह केवल एक सीट की जीत नहीं बल्कि एक नई राजनीतिक शक्ति के उभरने का संकेत माना जा रहा है। यदि जन सुराज आने वाले समय में संगठन को मजबूत बनाए रखता है तो बिहार की राजनीति में पारंपरिक दलों के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है। क्या जनता ने सरकार को संदेश दिया? कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उपचुनावों में मतदाता अक्सर सरकार को सीधा संदेश देने का प्रयास करते हैं। महंगाई, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाएँ, स्थानीय विकास, प्रशासनिक कार्यशैली और उम्मीदवार की स्वीकार्यता जैसे मुद्दे इन चुनावों में निर्णायक बन सकते हैं। हाल के महीनों में देश में युवाओं और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा रही है। ऐसे में इन परिणामों को सरकार के लिए जनभावनाओं का संकेत मानने वाले विश्लेषक भी हैं, हालांकि किसी एक कारण को निर्णायक कहना उचित नहीं होगा। 2027 और आगे की राजनीति पर प्रभाव इन उपचुनावों का असर आने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीतियों पर दिखाई दे सकता है। भाजपा संगठन और उम्मीदवार चयन पर अधिक ध्यान दे सकती है। कांग्रेस इन परिणामों को कार्यकर्ताओं के मनोबल बढ़ाने के लिए उपयोग करेगी। बिहार में जन सुराज को नई राजनीतिक पहचान मिलेगी। विपक्ष इन परिणामों को भाजपा के खिलाफ माहौल बनने के संकेत के रूप में पेश करेगा, जबकि भाजपा इन्हें सीमित स्थानीय परिणाम बताने का प्रयास करेगी। क्या उपचुनाव भविष्य तय करते हैं? भारतीय राजनीति का इतिहास बताता है कि उपचुनाव हमेशा भविष्य के आम चुनावों का सटीक पूर्वानुमान नहीं होते। कई बार उपचुनावों में हारने वाली पार्टियाँ बाद में बड़े चुनावों में शानदार वापसी करती रही हैं। इसलिए इन परिणामों को अंतिम जनादेश नहीं बल्कि राजनीतिक चेतावनी और जनभावनाओं का संकेत माना जाना चाहिए। तीनों उपचुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में मतदाता किसी भी दल को स्थायी जीत का भरोसा नहीं देता। जनता समय-समय पर अपने निर्णय से राजनीतिक दलों को संदेश देती रहती है। भाजपा के लिए यह आत्ममंथन का अवसर है, कांग्रेस के लिए संगठन मजबूत करने का और जन सुराज के लिए अपनी नई राजनीतिक पहचान को स्थायी बनाने की चुनौती। आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि राजनीतिक दल इन संकेतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और अपनी रणनीतियों में क्या बदलाव करते हैं।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष**- आज आपके लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा और वरिष्ठ अधिकारी भी आपके काम की सराहना कर सकते हैं।

**वृषभ**-आज का दिन सफलता और संतुष्टि देने वाला रहेगा। मेहनत का फल मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। संपत्ति या आर्थिक मामलों में लाभदायक अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन**-आज भाग्य का साथ मिलने से कई रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। किसी पुराने भ्रम या उलझन का समाधान मिलने से मानसिक राहत महसूस होगी। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट पर ध्यान देना आवश्यक रहेगा।

**कर्क**-आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आया है। करियर और कारोबार में नए अवसर सामने आ सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत करने वाले फैसले लाभदायक साबित होंगे।

**सिंह**-आज आपकी कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी। नौकरी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को उन्नति के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या**-आज मेहनत का पूरा लाभ मिलने के संकेत हैं। यदि किसी यात्रा की योजना है तो उससे लाभ प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें और नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**तुला**-आज आपका मन आध्यात्मिक और सकारात्मक विचारों की ओर रहेगा। नौकरीपेशा लोगों का प्रभाव कार्यस्थल पर बढ़ सकता है। अनुभवी लोगों की सलाह आपके लिए उपयोगी साबित होगी।

**वृश्चिक**-आज व्यापार में प्रगति के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। पहले से बनाई गई योजनाओं पर अमल करने से लाभ होगा। पुराने तनाव समाप्त होने से मानसिक शांति महसूस करेंगे।

**धनु**-आज का दिन उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है और मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**मकर**-आज व्यापार और करियर दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। साझेदारी में किए गए कार्य लाभदायक साबित होंगे। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है।

**कुम्भ**-आज आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और अचानक लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी में आपके प्रदर्शन की सराहना होगी, जिससे उन्नति के अवसर बन सकते हैं।

**मीन**-आज आत्मविश्वास के बल पर आप कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर सकते हैं। रुके हुए काम परिवार या करीबी लोगों के सहयोग से पूरे होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई या प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

# यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजनाः किसानों की आय बढ़ाने की नई पहल



(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

**यह परियोजना पारंपरिक कृषि और सौर ऊर्जा उत्पादन को एकीकृत करने का प्रयास है, जिसमें एक ही भूमि पर फसल उत्पादन के साथ-साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाता है। वर्तमान समय में जब ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और पर्यावरणीय चुनौतियाँ गंभीर होती जा रही हैं, तब इस प्रकार की परियोजनाएँ भविष्य के लिए एक सशत समाधान प्रस्तुत करती हैं। एग्री-वोल्टेइक प्रणाली का मूल सिद्धांत यह है कि खेतों के ऊपर एक निश्चित ऊँचाई पर सोलर पैनल लगाए जाते हैं, जिससे नीचे की भूमि पर कृषि कार्य जारी रह सके। इस तकनीक के माध्यम से किसान एक ही भूमि से दोहरा लाभ प्राप्त कर सकते हैं एक ओर वे फसल उगाते हैं और दूसरी ओर सौर ऊर्जा उत्पन्न कर अतिरित आय अर्जित करते हैं। उर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य में, जहाँ बड़ी संया में लोग खेती पर निर्भर हैं, यह मॉडल किसानों के आर्थिक सशतिकरण का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 का मुय उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और राज्य को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है।**

उत्तर प्रदेश में ऊर्जा सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि और सतत विकास को एक साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 'यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025' एक अत्यंत महत्वपूर्ण और नवाचारपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह परियोजना पारंपरिक कृषि और सौर ऊर्जा उत्पादन को एकीकृत करने का प्रयास है, जिसमें एक ही भूमि पर फसल उत्पादन के साथ-साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाता है। वर्तमान समय में जब ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और पर्यावरणीय चुनौतियाँ गंभीर होती जा रही हैं, तब इस प्रकार की परियोजनाएँ भविष्य के लिए एक सशक्त समाधान प्रस्तुत करती हैं। एग्री-वोल्टेइक प्रणाली का मूल सिद्धांत यह है कि खेतों के ऊपर एक निश्चित ऊँचाई पर सोलर पैनल लगाए जाते हैं, जिससे नीचे की भूमि पर कृषि कार्य जारी रह सके। इस तकनीक के माध्यम से किसान एक ही भूमि से दोहरा लाभ प्राप्त कर सकते हैं एक ओर वे फसल उगाते हैं और दूसरी ओर सौर ऊर्जा उत्पन्न कर अतिरिक्त आय अर्जित करते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य में, जहाँ बड़ी संख्या में लोग खेती पर निर्भर हैं, यह मॉडल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और राज्य को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। इस परियोजना के तहत राज्य सरकार किसानों को सौर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी और इसके लिए वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। साथ ही, उत्पादित बिजली को ग्रिड से जोड़कर उसे बेचने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसानों को नियमित आय का एक नया स्रोत प्राप्त होगा।

इस परियोजना की एक विशेषता यह है कि यह भूमि के कुशल उपयोग को बढ़ावा देती है। सामान्यतः सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए बड़ी मात्रा में भूमि की आवश्यकता होती है, जिससे कृषि योग्य भूमि कम हो जाती है। लेकिन एग्री-वोल्टेइक प्रणाली में यही भूमि दोहरे उपयोग में आती है। इससे भूमि की उत्पादकता बढ़ती है और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव होता है। यह मॉडल विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयोगी है जहाँ भूमि सीमित है या जहाँ किसानों के पास छोटे-छोटे खेत हैं। इसके अतिरिक्त, एग्री-वोल्टेइक प्रणाली का पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सौर ऊर्जा एक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही, सोलर पैनलों की छाया फसलों को अत्यधिक तापमान और तेज धूप से बचाती है, जिससे जल की बचत होती है और फसलों की गुणवत्ता में सुधार होता है। ।कुछ शोधों से यह भी पता चला है कि इस प्रणाली के तहत उगाई गई फसलें अधिक टिकाऊ होती हैं और उनका उत्पादन भी बेहतर होता है। यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 के तहत किसानों को विभिन्न प्रकार की फसलों के लिए उपयुक्त मॉडल अपनाने की सलाह दी जाएगी। उदाहरण के लिए, सब्जियाँ, दालें और कुछ औषधीय पौधे ऐसी फसलें हैं जो आंशिक छाया में भी अच्छी तरह उग सकती हैं। इसके अलावा, पशुपालन और मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों को भी इस प्रणाली के साथ जोड़ा जा सकता है, जिससे किसानों की आय के स्रोत और अधिक विविध हो सकते हैं।इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों और निजी क्षेत्र के साथ सहयोग किया जाएगा। ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग मिलकर इस परियोजना को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही, निजी कंपनियों और निवेशकों को भी इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना का विस्तार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। हालांकि, इस परियोजना के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती प्रारंभिक लागत है, क्योंकि सोलर पैनल और अन्य उपकरणों की स्थापना में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, किसानों को इस नई तकनीक के बारे में पर्याप्त जानकारी और प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। कुछ क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता और रखरखाव की सुविधा भी सीमित हो सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। सब्सिडी और ऋण सुविधाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे इस परियोजना में भाग लेने के लिए प्रेरित हों। इसके साथ ही, प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं, ताकि किसानों को इस प्रणाली के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सहायक है। बदलते मौसम, अनियमित वर्षा और बढ़ते तापमान के कारण कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यह परियोजना किसानों को एक स्थिर और सुरक्षित आय का विकल्प प्रदान करती है, जिससे वे इन चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकते हैं। यह परियोजना ग्रामीण विकास को भी गति प्रदान करेगी। जब किसानों की आय बढ़ेगी, तो उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। इसके साथ ही, राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कुल मिलाकर, यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 एक ऐसी पहल है जो कृषि और ऊर्जा दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। यह परियोजना न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी पूरा करने में सहायक होगी। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और सभी संबंधित पक्षों का सहयोग मिले, तो यह परियोजना उत्तर प्रदेश को हरित ऊर्जा और आधुनिक कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान दिला सकती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई एक दूरदर्शी योजना है, जो 'एक भूमि, दो लाभ' के सिद्धांत पर आधारित है। यह योजना किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलती है और राज्य के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखती है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श मॉडल बन सकती है और देश को ऊर्जा और कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकती है।

# आईएएस तुकाराम मुंढेः महाराष्ट्र के 'सिंघम' अफसर की प्रेरणादायक यात्रा



भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जिनकी पहचान केवल पद या पोस्टिंग से नहीं, बल्कि उनके साहस, ईमानदारी और नियमों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से बनती है। महाराष्ट्र कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी तुकाराम हरिभाऊ मुंढे ऐसे ही एक अधिकारी हैं। जनता उन्हें प्यार से 'सिंघम आईएएस' कहती है। 21 साल के करियर में लगभग 25 बार तबादला झेलने के बावजूद उन्होंने कभी समझौता नहीं किया।

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा**

तुकाराम मुंढे का जन्म 3 जून 1975 को महाराष्ट्र के बीड जिले के छोटे से गांव ताडसोना में एक साधारण किसान परिवार में हुआ। पिता हरिभाऊ मुंढे छोटे किसान थे और माता आसराबाई घरेलू कामकाज संभालती थीं। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। बचपन में तुकाराम को स्कूल जाने से पहले और बाद में खेतों में काम करना पड़ता था। उन्होंने जिला परिषद के स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ली। बाद में औरंगाबाद (अब छत्रपति संभाजीनगर) के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की। उन्होंने यूजीसी-जेआरएफ भी क्वालीफाई किया था। वंजारी समुदाय (ओबीसी) से आने वाले मुंढे ने कठिन परिस्थितियों में भी पढ़ाई जारी रखी। 2004 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 20 हासिल कर वे आईएएस बन गए और महाराष्ट्र कैडर आवंटित हुआ।

**प्रशासनिक करियरः तबादलों की कहानी**

अगस्त 2005 में सहायक कलेक्टर के रूप में सेवा शुरू करने के बाद मुंढे ने नांदेड़, वाशिम, जालना, सोलापुर, नवी मुंबई, नाशिक, नागपुर, पुणे समेत कई जगहों पर महत्वपूर्ण पद संभाले। उन्होंने जिला कलेक्टर, नगर आयुक्त, पीएमपीएमएल के सीएमडी, मानव अधिकार आयोग सचिव, दिव्यांग कल्याण विभाग सचिव और कई अन्य पदों पर काम किया। सोलापुर कलेक्टर के रूप में जल प्रबंधन और पारदर्शी प्रशासन के लिए उन्हें महाराष्ट्र सरकार का बेस्ट डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर अवॉर्ड (2015-16) मिला। उन्हें 'महाराष्ट्र का वाटरमैन' भी कहा जाता है।

**लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान है—तबादलों की संख्या।**

21 साल में लगभग 25 तबादले। औसतन एक साल से भी कम समय में नई पोस्टिंग। कारण साफ है—रेत माफिया, अवैध निर्माण, भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई। राजनीतिक दबाव और प्रभावशाली लोगों के हितों से टकराव के कारण वे अक्सर स्थानांतरित होते रहे। नागपुर नगर निगम आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल विशेष रूप से विवादास्पद रहा। नागरिकों ने उनकी प्रशंसा की, लेकिन राजनीतिक विरोध भी मिला।

**वर्तमान भूमिकाः एफडीए आयुक्त के रूप में सख्त अभियान**

मई 2026 में तुकाराम मुंढे को महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) का आयुक्त नियुक्त किया गया। यह उनके करियर का 25वां तबादला माना जाता है। पदभार संभालते ही उन्होंने 'सेफ फूड, सेफ महाराष्ट्र' अभियान शुरू किया। दो महीनों में 1,100 से अधिक छापेमारी, करोड़ों रुपये के मिलावटी खाद्य पदार्थों (खासकर दूध, पनीर, खाद्य तेल) और प्रतिबंधित गुटखा-पान मसाला की जब्ती, सैकड़ों गिरफ्तारियां और कई प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए। मुंबई के कई लोकप्रिय रेस्तरां और होटलों पर भी कार्रवाई हुई। उन्होंने नागरिकों के लिए एआई-आधारित शिकायत पोर्टल भी लॉन्च किया, जिससे लोग आवाज के माध्यम से मिलावट की शिकायत कर सकें। उनकी सख्ती से खाद्य व्यापार जगत में हलचल मची। कुछ लोगों ने आरोप लगाए, तो कुछ ने मौत की धमकियां भी दीं। लेकिन मुंढे अपने रुख पर अडिग रहे।

**परिवार और व्यक्तिगत जीवन**

तुकाराम मुंढे की पत्नी अर्चना मुंढे हैं। दंपति के एक बेटा (अगस्त्य) और एक बेटी (आशना) हैं। परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा है।

**प्रेरणा का स्रोत**

तुकाराम मुंढे की कहानी साबित करती है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि, आर्थिक कठिनाइयां और बार-बार के तबादले भी किसी अधिकारी के संकल्प को नहीं तोड़ सकते। वे युवाओं के लिए प्रेरणा हैं कि मेहनत और ईमानदारी से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। आज जब महाराष्ट्र में खाद्य सुरक्षा और मिलावट के खिलाफ अभियान चल रहा है, तो तुकाराम मुंढे का नाम सबसे आगे है। वे न केवल एक अफसर हैं, बल्कि एक मिसाल हैं—जो नियम को सर्वोपरि मानते हैं, चाहे परिणाम कुछ भी हो। **'सिंघम' की यह यात्रा अभी जारी है।**

**लेखकः सचिन बाजपेई**

# 'झटपट पोर्टल' बना आमजन के लिए वरदान

**मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ऊर्जा क्षेत्र को प्रदेश के विकास की आधारशिला माना है। उनकी सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पारेषण और वितरण व्यवस्था को भी आधुनिक बनाया है। इसका सीधा लाभ आम उपभोताओं तक पहुंचा है। प्रदेश में नए उपकेंद्रों का निर्माण, लाइनों का सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग ने बिजली व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक मजबूत बनाया है।झटपट पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आवेदन से लेकर स्वीकृति और कनेशन जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है।**

उत्तर प्रदेश में सुशासन और तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग ने उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। कभी नया बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को बिजली विभाग के चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी और प्रक्रिया जटिल मानी जाती थी। आज वही व्यवस्था पूरी तरह बदल चुकी है। ऊर्जा विभाग का "झटपट पोर्टल" प्रदेश के लाखों नागरिकों के लिए तेज, सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवा का माध्यम बन गया है। मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट विजन रहा है कि सरकारी सेवाएं नागरिकों के दरवाजे तक सरल और पारदर्शी रूप में पहुंचें। इसी सोच को साकार करते हुए ऊर्जा विभाग ने बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और समयबद्ध बनाया है। इसका परिणाम यह है कि आज उपभोक्ता घर बैठे आवेदन कर रहे हैं और निर्धारित समय सीमा में नया बिजली कनेक्शन प्राप्त कर रहे हैं। झटपट पोर्टल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण इसके माध्यम से जारी किए गए रिकॉर्ड नए बिजली कनेक्शन हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में झटपट पोर्टल के जरिए 13,98,344 नए बिजली संयोजन जारी किए गए, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवल जून 2026 तक ही रिकॉर्ड 2,68,885 नए बिजली संयोजन जारी किए जा चुके हैं। आज प्रदेश में बिजली सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और डिजिटल व्यवस्था ने आम नागरिकों का समय, श्रम और धन तीनों बचाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ऊर्जा क्षेत्र को प्रदेश के विकास की आधारशिला माना है। उनकी सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पारेषण और वितरण व्यवस्था को भी आधुनिक बनाया है। इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचा है। प्रदेश में नए उपकेंद्रों का निर्माण, लाइनों का सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग ने बिजली व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक मजबूत बनाया है।झटपट पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आवेदन से लेकर स्वीकृति और कनेक्शन जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। उपभोक्ता आवेदन की स्थिति भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और अनावश्यक कार्यालय की प्रक्रियाओं में कमी आई है। यही कारण है कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक बड़ी संख्या में लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल नए कनेक्शन जारी करना ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना भी है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। प्रदेश का पारेषण तंत्र सुदृढ़ हुआ है और दिनांक 24 जून 2026 को 32673 मेगावॉट की रिकॉर्ड बिजली मांग को पूरा किया है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शामिल हो चुका है। मजबूत वितरण व्यवस्था के कारण नए उपभोक्ताओं को भी बिना किसी परेशानी के बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। झटपट पोर्टल ने विशेष रूप से गरीब, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों, किसानों और नए मकान बनाने वाले परिवारों को बड़ी राहत दी है। पहले जहां कनेक्शन लेने में कई सप्ताह या महीनों का समय लग जाता था, वहीं अब पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी हो गई है। इससे लोगों का सरकारी व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री जी लगातार अधिकारियों को निर्देश देते रहे हैं कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। ऊर्जा विभाग ने इन निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया है। झटपट पोर्टल इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने बिजली विभाग की कार्यशैली में व्यापक बदलाव लाया है।प्रदेश में उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरीकरण के विस्तार के साथ बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। सरकार ने इस बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई विद्युत परियोजनाओं को गति देने तथा वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए निरंतर निवेश किया है। परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

झटपट पोर्टल की उपलब्धियां केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह डिजिटल गवर्नेंस और सुशासन का सफल मॉडल बनकर उभरा है। इससे न केवल बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया आसान हुई है, बल्कि सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता भी बढ़ी है। यही कारण है कि लाखों उपभोक्ता बिना किसी बिचौलिये के सीधे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग की यह पहल "ईज ऑफ लिविंग" और "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" दोनों को नई गति दे रही है। झटपट पोर्टल के माध्यम से रिकॉर्ड संख्या में जारी किए गए नए बिजली संयोजन इस बात के प्रमाण हैं कि उत्तर प्रदेश में डिजिटल तकनीक और सुशासन का समन्वय आम नागरिकों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बना रहा है। आज झटपट पोर्टल केवल एक ऑनलाइन सेवा नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उस विकासपरक सोच का सशक्त प्रतीक बन चुका है, जिसमें तकनीक, पारदर्शिता और जनसेवा को

**-प्रवीण मालवीय, अ0जि0 सूचना अधिकारी**


स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ड्यूटी पर जान गंवाने वाले होमगार्ड के परिवार को मिली 30 लाख की सहायता

**डीएम ने आश्रिता को सौंपा चेक, मुख्यालय से 5 लाख की अतिरिक्त अनुग्रह राशि का प्रस्ताव भेजा**



**उन्नाव।** ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड स्वयंसेवक के परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनकी आश्रिता गुड़िया देवी को 30 लाख की बीमा, अनुग्रह सहायता राशि का चेक सौंपा। कार्यक्रम में जिला कमांडेंट होमगार्ड धर्मेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में होमगार्ड स्वयंसेवक हरिशंकर का निधन हो गया था। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी एवं संवेदनशील सोच के अनुरूप होमगार्ड विभाग और एचडीएफसी बैंक की तकी नगर शाखा के बीच हुए समझौते के तहत निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद आश्रिता को 30 लाख की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस आर्थिक सहायता का उद्देश्य दिवंगत होमगार्ड के परिवार को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक सहारा देना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में सहयोग करना है। साथ ही, होमगार्ड मुख्यालय से 5 लाख की अतिरिक्त अनुग्रह सहायता दिलाए जाने के लिए प्रस्ताव भी भेज दिया गया है।

### सड़क पर अतिक्रमण करने पर पीडब्ल्यूडी विभाग की नोटिस

**लालगंज रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के पूरे भैरो मिश्र से कनहा मार्ग पर सड़क पटरी पर अवैध अस्थाई अतिक्रमण करने पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने नोटिस देकर बताया कि भैरो मिश्र सिकरोड़ी से लालता का पुरवा कनहा संपर्क मार्ग पर सड़क पटरी पर मेड बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। इससे सड़क का नवीनीकरण कार्य प्रभावित हो गया है। विभाग में नोटिस देकर अवैध अस्थाई अतिक्रमण को सता हटा लेने के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण न हटा लेने की दशा में पुलिस प्रशासन के साथ बलपूर्वक हटाने की हिदायत दी गई है। विभाग की ओर से हटाने पर अतिक्रमण करता से खर्च भी वसूला जाएगा।

### सिद्धार्थनगर के गौहनियां रेलवे क्रासिंग के पास युवक का मिला शव

**सिद्धार्थनगर।** गोरखपुर -बढ़नी -गोंडा रेल मार्ग के चिल्हिया रेलवे स्टेशन के निकट गौहनियां रेलवे क्रासिंग के पास गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ जाने से लगभग 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रेल लाइन के पास युवक का शव पड़ा देख आसपास गांव वालों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। चिल्हिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव का पहचान कराने की कोशिश किया। लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिल्हिया थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वह ट्रेन की चपेट में कैसे आ गया, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है, शव की पहचान कराने के लिए आस-पास के लोगों को बुलाया गया,लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कचरा और पानी फेंकने को लेकर खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों में जमकर मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा, गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर गांव में सोमवार शाम कचरा और पानी फेंकने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल नौ नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के धर्मेंद्र साहनी पुत्र रामबंध साहनी का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते सोमवार शाम करीब पांच बजे गांव के कुछ लोगों ने उन पर, उनके माता-पिता पर हमला कर दिया। मारपीट में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार कराया गया। पुलिस ने इस मामले में




रामपाल, लालजी, रामपाल की पत्नी और रामनारायण की पत्नी के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के रामपाल साहनी पुत्र स्वर्गीय रामप्रसाद साहनी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि घर के सामने कचरा और पानी फेंकने को लेकर विवाद शुरू हुआ। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने उनके भाई रामकरन साहनी पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने धर्मेंद्र, सदानंद, रामव्रत, बबली, आदित्य सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सहजनवा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।ज पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बहादुर श्वान 'वैनमोर' को नम आंखों से विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पुलिस परिवार मंगलवार को उस समय भावुक हो उठा, जब पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर जनपद के बहादुर खोजी श्वान 'वैनमोर' को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अपने सेवाकाल में अनेक महत्वपूर्ण अभियानों, सुरक्षा जांचों और संवेदनशील ड्यूटी में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले वैनमोर के निधन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उसकी सेवाओं को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वैनमोर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, डॉग स्क्वाड की पूरी टीम तथा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर बहादुर श्वान की उत्कृष्ट सेवाओं को याद किया। पुलिस विभाग के अनुसार, नर श्वान वैनमोर वर्ष 2018 में मध्य प्रदेश से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गोरखपुर पुलिस के श्वान दस्ते में शामिल हुआ था। प्रशिक्षण के बाद उसने अपनी सूझबूझ, तेज सूंघने की क्षमता और अनुशासित कार्यशैली के दम पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

अपने सेवाकाल के दौरान वैनमोर ने श्री गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा वीआईपी और वीवीआईपी कार्यक्रमों में सुरक्षा जांच, महत्वपूर्ण स्थलों की तलाशी, घटनास्थलों का निरीक्षण, खोजी अभियानों तथा कई मामलों के सफल अनावरण में उसका योगदान सराहनीय रहा। कठिन परिस्थितियों में भी उसने अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ निर्वहन किया, जिससे वह पुलिस विभाग का भरोसेमंद साथी बन गया।श्रद्धांजलि समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों और डॉग स्क्वाड के जवानों की आंखें भी नम दिखीं। वर्षों तक पुलिस टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले वैनमोर की विदाई ने सभी को भावुक कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वैनमोर की निष्ठा, साहस और सेवा भावना हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। उसकी उत्कृष्ट सेवाओं को गोरखपुर पुलिस परिवार सदैव सम्मान और गर्व के साथ याद रखेगा।

## सर्वर और इंटरनेट से बीसी सखियों का काम ठप

**लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नियुक्त 47 बीसी सखियों में से अधिकांश सक्रिय नहीं हैं। चार पांच बीसी सखियों को छोड़कर बाकी का काम इंटरनेट और सर्वर की समस्या से प्रभावित है। बीसी सखियों का कहना है कि गांवों में नेटवर्क की खराब व्यवस्था के कारण लेनदेन में परेशानी होती है। सर्वर डाउन रहने से भी काम बाधित रहता है। नियुक्ति के बाद केवल छह माह तक चार हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिला। इसके बाद मानदेय बंद हो गया। कमीशन से आय की उम्मीद थी, लेकिन काम प्रभावित होने से वह भी नहीं मिल पा रही है।इससे कई बीसी सखियों की रुचि कम हो गई है। नाम न छापने की शर्त पर एक बीसी सखी ने बताया कि नकदी निकासी की प्रक्रिया में लगातार बदलाव हो रहे हैं। पुरानी मशीनें नए सिस्टम को सपोर्ट नहीं कर रही हैं। करीब पांच हजार रुपये की फिंगर डिवाइस खरीदने के बाद भी वह ठीक से काम नहीं कर रही है। इससे बुजुर्गों और महिलाओं को रुपये निकालने में दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि उनके समेत कई बीसी सखियों को छह माह का मानदेय भी नहीं मिला है।

# जिला अस्पताल में डीएम सख्त,अव्यवस्थाओं पर फटकार

**सफाई, दवा भंडारण, बायोमीट्रिक और ऑनलाइन व्यवस्था पर कड़े निर्देश, मरीजों से लिया फीडबैकग्रामीणों का फूटा आक्रोश, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरमत की उठाई मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिला चिकित्सालय में मंगलवार को 11 बजे जिलाधिकारी दीपक मीणा के औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया और कई खामियां मिलने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि एक माह बाद दोबारा निरीक्षण किया जाएगा और यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय होगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दिव्यांग आयुष्मान प्रशिक्षण एवं निवारण केंद्र, आईएलआर (आईस लाइन रेफ्रिजरेटर) सिस्टम, सीएमओ कार्यालय, औषधि नियंत्रण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी तथा अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. सिंह ने दवा भंडारण व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि डिस्ट्रिक्ट ड्रग हाउस खोराबार



मंडलीय पिपराइच में संचालित है।

दवा भंडारण व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक अलमारी पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि उसमें कौन-कौन सी दवाएं रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि बिना लेबल और अव्यवस्थित तरीके से दवाओं का रखरखाव किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में कहीं भी कचरा दिखाई नहीं देना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि किस कक्ष में कौन कर्मचारी बैठता है, इसकी जानकारी बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को अनावश्यक भटकना न पड़े। बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली की जांच के दौरान मिली कमियों पर डीएम ने नाराजगी जताई और सभी कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने तथा बायोमीट्रिक प्रणाली का अनिवार्य पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल की प्रत्येक गतिविधि ऑनलाइन होनी चाहिए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार एवं सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दवाओं की उपलब्धता, वितरण और स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से ऑनलाइन अपडेट की जाए तथा आपातकालीन सेवाएं हर समय पूरी तरह सक्रिय रहें। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मुकुल खंडेलवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. सिंह सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे। डीएम के सख्त तेवर के बाद अस्पताल प्रशासन ने तत्काल व्यवस्थाओं में सुधार शुरू कर दिया।

# सीएम योगी से मिले उन्नाव एसएसपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जयप्रकाश सिंह ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्नाव की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था तथा पुलिस की हालिया कार्रवाईयों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जनपद में पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी ने मुख्यमंत्री को अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी तथा आगामी त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी न बरती जाए।

बैठक में हाल ही में चर्चित बाबा हत्याकांड की कार्रवाई का भी उल्लेख हुआ। एसएसपी ने मामले की विवेचना, आरोपियों की तलाश और मुख्य आरोपी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने तक की कार्रवाई से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए अपराध के प्रति सख्त नीति जारी रखने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने तथा त्योहारों और कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि उन्नाव पुलिस जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# चेहल्लुम पर उन्नाव में निकला मातमी जुलूस, 'या हुसैन' की सदाओं से गूंजा शहर



**उन्नाव।** चेहल्लुम के अवसर पर मंगलवार को उन्नाव शहर में कर्बला के शहीद हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में पारंपरिक मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान पूरे शहर में 'या हुसैन' की सदाएं गूंजती रहीं। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शामिल होकर इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश की। मातमी जुलूस शहर के ज़ेर खिड़की क्षेत्र से प्रारंभ होकर अपने पारंपरिक मार्गो से गुजरते हुए चौधराना स्थित शिया जामा मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल अंजुमनों के सदस्यों ने नौहाख्वानी की और सीना ज़नी कर गम-ए-हुसैन का इज़हार किया। जुलूस में जुलजनाह, ताबूत और आलम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस का दीदार किया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने जुलूस में भाग लेकर शहीदाने कर्बला को श्रद्धांजलि अर्पित की। अज़ादारों ने इंसानियत, न्याय, त्याग और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया। चेहल्लुम के अवसर पर नगर का माहौल पूरी तरह गमगीन रहा। विभिन्न स्थानों पर अज़ादारों के लिए पानी और शरबत की व्यवस्था की गई। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और पीएसी के जवानों की पर्याप्त तैनाती रही। वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। प्रशासन की सतर्कता और आयोजकों के सहयोग से चेहल्लुम का मातमी जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## मूसलाधार बारिश से गर्मी से राहत तो जलभराव से बढ़ी परेशानी

**बारिश से धान की फसल को मिलेगा लाभ किसान खुश**

**लालगंज (रायबरेली)।** मंगलवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि कई जगहों पर जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह करीब पांच बजे बारिश शुरू हुई, जो लगभग नौ बजे तक होती रही। इसके बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। किसानों ने बताया कि बारिश से सूख रही धान की फसल को संजीवनी मिली है। इससे खेतों में नमी बढ़ी और फसल को लाभ पहुंचा है। वहीं घोसियाना मोहल्ले में घरों के सामने सड़क पर पानी भर गया। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। अस्पताल परिसर और ब्लॉक कार्यालय परिसर में भी जलभराव की स्थिति रही। बारिश का असर रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे नवीनीकरण कार्य पर भी पड़ा। निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों में पानी भर जाने से काम प्रभावित हुआ।

# महंगाई की मार से कराह रहा आमजन, रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ा

**» कम आय वाले परिवारों पर सबसे ज्यादा असर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** सावन और त्योहारों के बीच लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, सब्जियों और अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों से मध्यम व निम्न आय वर्ग का मासिक बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। लोगों का कहना है कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना पहले की तुलना में काफी महंगा हो गया है। स्थानीय बाजार में पिछले कुछ समय के दौरान रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर 1005 रुपये पहुंच गई है। सरसों तेल, रिफाइंड, अरहर और चना दाल के साथ टमाटर, हरी मिर्च, आलू, प्याज, चीनी और बताशा जैसी जरूरी वस्तुओं के दाम भी बढ़े हैं। इसका सीधा असर आम परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है।

गृहणी चम्पा देवी ने बताया कि पहले जिस खर्च में महीनेभर का घर चल जाता था, अब उसी रकम में आधा महीना



निकालना भी मुश्किल हो गया है। वहीं दिहाड़ी मजदूर सूरज का कहना है कि रोज की कमाई का बड़ा हिस्सा खाने-पीने की चीजों पर ही खर्च हो जाता है, जिससे बचत करना असंभव हो गया है। किराना व्यापारी संजय गुप्ता के अनुसार महंगाई के कारण ग्राहक अब कम मात्रा में सामान खरीद रहे हैं और उधारी भी बढ़ गई है। व्यापारियों का मानना है कि परिवहन लागत, डीजल की कीमतों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेल व चीनी के बढ़े दामों का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ा है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण और गरीब व मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# चीनी मिल-दशवतपुर मार्ग बदहाल, गड्ढों में तब्दील सड़क बनी हादसों का सबब

**ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत की उठाई मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार/गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र का गोपालपुर-चीनी मिल-दशवतपुर मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली के कारण लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। वर्षों से मरम्मत के अभाव में सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुकी है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। हालत यह है कि इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, छात्र-छात्राओं, किसानों और वाहन चालकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में फंसकर



गिर चुके हैं, जबकि चारपहिया वाहनों को भी बेहद धीमी गति से गुजरना पड़ता है। इससे समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोहड़ी बुजुर्ग के सामने तथा विशुनपुर समिति के पहले सड़क का बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। कई स्थानों पर सड़क की गिट्टियां उखड़ गई हैं और मिट्टी भर जाने से रास्ता ऊबड़-खाबड़ बन गया है। बारिश के दौरान यह मार्ग कीचड़ और जलभराव से और अधिक खतरनाक हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र के लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इसी क्रम में अधिवक्ता रामलखन राय एवं भारतेंदु दुबे ने उपजिलाधिकारी गोला मनीष कुमार को ज्ञापन सौंपकर गोपालपुर-चीनी मिल-दशवतपुर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जर्जर सड़क के कारण आमजन का आवागमन बेहद कठिन हो गया है और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराकर सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुनिश्चित कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी बड़ी दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## गंगा उफान पर, एक दर्जन गांवों पर बाढ़ का खतरा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**परियर/उन्नाव।** लगातार हो रही वर्षा और नरौरा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी का पानी परियर क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों तक पहुंच गया है, जिससे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बढ़ते जलस्तर से किसानों की खड़ी सब्जी की फसल पर भी संकट गहरा गया है। संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। एडीएम सुशील कुमार गौर और सदर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि परियर में बाढ़ चौकी स्थापित कर दी गई है। जानकी कुंड आश्रम में राहत शिविर तैयार किया गया है। इसके अलावा नाव, राहत सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है।

प्रशासन की ओर से गंगा के जलस्तर पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। अधिकारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने के साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। तहसील स्तर पर गठित टीमें लगातार संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में सदर तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। गंगा का बढ़ता पानी मानाबंगला, देवीपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्टूपुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनीपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा समेत करीब एक दर्जन गांवों के निकट पहुंच चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा और बाढ़ की स्थिति बनी तो खेतों में तैयार लौकी, कद्दू, तोरई, टिंडा, सेम और करेला जैसी सब्जियों की फसल पूरी तरह नष्ट हो सकती है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। फिलहाल प्रशासन ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने, सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने और जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## कैंसर पीड़ित को मिला सहारा, इलाज का पूरा खर्च उठाएगी संस्था

**बस्ती।** कैंसर से जूझ रहे 51 वर्षीय राजकुमार गुप्ता और उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। समाजसेवी मनीष मिश्रा एवं उनकी संस्था 'पहल' ने उनके इलाज का पूरा खर्च उठाने के साथ अगले 12 महीनों तक प्रतिमाह दो हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। राजकुमार गुप्ता पिछले 13 महीनों से कैंसर का इलाज करा रहे हैं। बीमारी के कारण वह काम करने में असमर्थ हो गए, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ गया।

उनकी पत्नी अर्चना गुप्ता और पुत्र यश गुप्ता किसी तरह लोगों की मदद से परिवार का गुजारा कर रहे थे। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह द्वारा मामला सामने लाए जाने और मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद समाजसेवी मनीष मिश्रा अपनी टीम के साथ परिवार से मिले। हालात का जायजा लेने के बाद उन्होंने इलाज और परिवार की आर्थिक सहायता की जिम्मेदारी लेने का निर्णय लिया। संस्था के अनुसार, 7 या 8 अगस्त को राजकुमार गुप्ता को उनकी पत्नी और पुत्र के साथ हवाई मार्ग से नागपुर भेजा जाएगा, जहां एक विशेष कैंसर अस्पताल में उनका उपचार कराया जाएगा। यात्रा से लेकर इलाज तक का पूरा खर्च संस्था वहन करेगी। इसके अलावा संस्था ने परिवार के भरण-पोषण के लिए अगले एक वर्ष तक प्रतिमाह दो हजार रुपये देने की घोषणा की है।

# तालाब नीलामी में 9 लाख का खेल, प्रधान से होगी वसूली

**मरौंदा सूचित की प्रधान को नोटिस, 15 दिन में रकम जमा न करने पर भू-राजस्व की तरह होगी रिकवरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** सिकंदरपुर सरोसी विकासखंड की ग्राम पंचायत मरौंदा सूचित में तालाब की नीलामी से प्राप्त धनराशि के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ग्राम प्रधान रमापति को नोटिस जारी करते हुए ग्रामसभा के खाते में 9 लाख रुपये जमा करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अवधि में धनराशि जमा न होने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भांति किए जाने की चेतावनी दी गई है। मरौंदा सूचित निवासी शिवशंकर सविता की शिकायत पर मामले की जांच कराई गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्रामसभा के गाटा संख्या 949 स्थित 2.301 हेक्टेयर तालाब की मछली एवं सिंघाड़ा पालन के लिए हुई नीलामी से 12 लाख रुपये प्राप्त हुए थे, लेकिन पूरी धनराशि ग्रामसभा के खाते में जमा नहीं की गई।

डीएम के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर अभिलेखों का सत्यापन किया। जांच में सामने आया कि नीलामी की राशि में से केवल 3 लाख रुपये ही ग्रामसभा के खाते में जमा किए गए, जबकि 9 लाख रुपये का कोई संतोषजनक लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं कराया गया। जवाब में ग्राम प्रधान ने दावा किया कि उक्त राशि दंगल, पूर्णिमा मेले और अन्य आयोजनों पर खर्च की गई है। हालांकि जांच टीम द्वारा खर्च से संबंधित अभिलेख मांगे जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए जिलाधिकारी ने प्रधान को 15 दिन के भीतर पूरी राशि ग्रामसभा के खाते में जमा करने का नोटिस जारी किया है।

**बिना प्रचार-प्रसार कर दी गई नीलामी**

जांच में यह भी सामने आया कि तालाब की नीलामी शासनादेश के अनुरूप नहीं कराई गई। नियमों के अनुसार नीलामी से पहले व्यापक प्रचार-प्रसार और आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए, लेकिन न तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कराया गया और न ही लेखपाल एवं ग्राम सचिव को इसकी सूचना दी गई। आरोप है कि निर्धारित प्रक्रिया की अनदेखी कर मनमाने ढंग से नीलामी कराई गई।

# संक्षिप्त खबरें

## पेंशन न मिलने से तंग महिला दर-दर भटक रही



**बरेली/** विकासखंड भद्पुरा की ग्राम पंचायत नकटी नारायनपुर की नत्थो देवी की वृद्धा पेंशन आई थी परंतु अब बंद हो गई है इसके लिए महिला ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंची पीड़िता के अनुसार क्यों लड़ियां की बड़ौदा ग्रामीण बैंक में उसका खाता था। शाखा प्रबंधक द्वारा उसका खाता बंद कर दिया गया इस को लेकर वह परेशान होकर अपनी शिकायत करने विकास खंड भदपुरा कार्यालय पहुंची शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया इनका खाता उनके पति के साथ ज्वाइंट था पति की मृत्यु हो जाने के कारण खाते कासंचालन रुक गया क्योंकि पहला नाम खाते में उनके पति का था इसलिए उनका मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल होने के बाद खाते के संचालन का कोई महत्व नहीं रह जाता पेंशन पाने के लिए इन्हें अपना दूसरा खाता खुलवाना होगा।

## रेलवे हॉस्पिटल में लगाया जाएगा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी

**टूण्डला-** एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद एवं रेलवे हॉस्पिटल टूण्डला के सहयोग से निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर बुधवार, 5 अगस्त 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रेलवे हॉस्पिटल टूण्डला में आयोजित किया जाएगा। शिविर में हृदय, ईसीजी, ब्लडप्रेशर, ब्लड सुगर एवं हड्डी रोग (कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण) से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. अविनाश कुमार (एसीएमएस), डॉ. संजय द्विवेदी, डॉ. मानस, कैलाश चंद मुख्य कार्यालय अधीक्षक,सुशीला देवी मुख्य नर्सिंग अधीक्षक इंचार्ज,मनोज मीना,रमेश चिम्पा,वंदना शर्मा, विजेंद्र कुमार, जयकिशन अजवानी शाखा मंत्री मेंस यूनियन, सरदार सिंह, कैलाश चंद आदि सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो महिलाएं हुई घायल

**कोंच (जालौन)-** कोंच उरई रोड पर भदारी गांव के पास मंगलवार सुबह अचानक सामने आए आवारा पशु से एक बाइक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक, बस्ती निवासी 23 वर्षीय प्रार्थना पत्नी राजा अपने पति राजा तथा भाभी साधना के साथ बाइक से इलाज कराने के लिए उरई जा रही थीं। जब उनकी बाइक ग्राम भदारी के पास पहुंची, तभी अचानक एक आवारा मवेशी बाइक के सामने आ गया जिससे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में प्रार्थना और साधना को चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों की मदद की और उन्हें सीएचसी कोंच पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को निगरानी में रखा है।

## खबर का हुआ असर

### ब्लाक प्रसासन ने कराई कपरहा गांब मे श्मशान घाट की सफाई

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** विगत दिनो कपरहा गांव मे श्मशान मे उगी बडी बडी झाडियो की सफाई मे ब्लाक प्रसासन की लापरवही के चलते शव का अन्तिम संस्कार लोग सडको य अपने खेतो पर कराने की खबर कई समाचार पत्रो मे प्रमुखता से छपी थी। जिसकी सिकायत कपरहा के पूर्व प्रधान नीरज शुक्ला ने कई बार ब्लाक कर्मचारियो को अवगत कराया था, जिसका संज्ञान लेते हुये कुम्भी ब्लाक के एडीओ पंचायत सर्वेश कुमार वर्मा ने संज्ञान लेते हुये एक दर्जन सफाई कर्मियो को लगाकर तल्लीझाड सफाई कराई है, जिसके चलते ग्रामीणो ने एडीओ पंचायत की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

# फर्नीचर मार्केट में भीषण आग

## लाखों का फर्नीचर जलकर राख, अंदर फंसे लोगों को निकाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गोविंदनगर के फर्नीचर मार्केट में आज भीषण आग लग गई जिससे काफी नुकसान हुआ है। आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया। फायरबिग्रेड ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसी भी जनहानि का समाचार नहीं है। सीएफओ कमिश्नरेट कानपुर नगर दीपक शर्मा ने बताया कि दिनांक 4.08.2026 को सुबह लगभग 06:32 बजे मिनी कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोविंद नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित फर्नीचर मार्केट में भीषण आग लग गई है तथा कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए फजलगंज, किदवई नगर एवं मीरपुर सहित आसपास के फायर स्टेशनों से लगभग 07-08 अग्निशमन वाहनों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि आग एक बहुमंजिला फर्नीचर मार्केट में लगी थी, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर तथा ऊपर की मंजिलें शामिल थीं। अग्निशमन दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भवन के तीनों ओर से फायर टेंडर तैनात कर सुरक्षित तरीके से अंदर प्रवेश किया गया तथा सुनियोजित अभियान चलाकर आग को चारों ओर से घेरते हुए उस पर पूर्णतः नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ तथा पूरे रेस्क्यू एवं फायर फाइटिंग ऑपरेशन को सुरक्षित रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

# मूड़ा बाजार मे कुछ होटलो पर बिक रहा मिलावटी पनीर

## गोला के खाद्य निरीक्षक के होटलो के मालिको से मिले होने के ग्रामीणो ने लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** ब्लॉक बिजुआ में लगने वाली साप्ताहिक मूड़ा बाजार में निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर मिलावटी पनीर की बिक्री को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने विरोध किया। लोगों ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। सावन के महीने में मांस, मीट और अंडे की बिक्री पर सरकारी रोक के कारण पनीर और मशरूम की मांग बढ़ जाती है। व्यापारियों ने इसका अनुचित लाभउठाते हुए कीमतों में वृद्धि कर दी। शनिवार को मूड़ा बाजार में सुबह पनीर 500 रुपये प्रति किलो बिका, जो शाम होते-होते 400 रुपये प्रति किलो हो गया। इसी तरह, मशरूम सुबह 300 रुपये प्रति किलो बिका और शाम को 250 रुपये प्रति किलो हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने इस मूल्य वृद्धि और मिलावट पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने खाद्य निरीक्षक (फूड इंस्पेक्टर) से अगले शनिवार को बाजार में जांच करने और मिलावटी पनीर व अधिक मूल्य पर बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। वही गोला के खाद्य निरिक्षक के उपर होटल के मालिको से साठगांठ का आरोप भी लगाया है, विरोध करने वाले क्षेत्रीय लोगों में रामाधीन, ओंकार, जितेंद्र, शिवपाल, अजय, सर्वेश और जयकुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे। इस संबंध में खाद्य निरीक्षक, गोला से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# .नवाबगंज बरखेड़ा मार्ग पर बना पुल दे रहा हादसों को दावत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**नवाबगंज तहसील क्षेत्र में विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अदकटा रब्बानी बेगम दलेल नगर के बीच बह रही अप्सरा नदी पर ब्रिटिश शासन काल में इस पुल का निर्माण किया गया था उसे समय यह सड़क नवाबगंज से विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत बाहर जागीर तक ही आवागमन के लिए था। परंतु अब इस सड़क को नवाबगंज से पीलीभीत के बरखेड़ा में जोड़ दिया गया है सड़क का चौड़ीकरण भी कर दिया गया परंतु इस नदी पर बने पुल को अपने हाल पर ही छोड़ दिया गया वह आज भी अपनी पुरानी स्थिति में ही खड़ा है इस पुल से गिरकर अनेकों लोगों ने अपनी जान गवा दी है परंतु इस पुल के निर्माण के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने इस मामले को जनपद में दिशा की बैठक में भी उठाया था जिस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग से रिपोर्ट मांगी गई उसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया क्षेत्रीय विधायक द्वारा भी इस मामले को विधानसभा में रखा गया परंतु इसके बाद भी इस पुल को चौड़ा नहीं किया जा सका है ग्रामीणों की बार-बार की जाने वाली मांग आज भी पूर्ण नहीं हो सकी है जिसको लेकर जनता में आक्रोश है।

## शतरंज प्रतियोगिता में जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज की छात्राओं का दबदबा




**बरेली।** मौलाना आजाद इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित हुई माध्यमिक विद्यालयों की बालिका वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में नवाबगंज ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज हिमकरपुर चमरौआ की छात्रा आकांशा गंगवार ने जनपद में द्वितीय स्थान एवं दीक्षा ने जनपद में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। उनकी सफलता पर क्षेत्र में जश्न का माहौल है।विद्यालय के प्रधानाचार्य डा अजीत सक्सेना व प्रबंधक ललित मोहन गंगवार नवाबगंज विधायक डॉ एमपी आर्या ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ एके गंगवार ने बालिकाओं व व्यायाम शिक्षक सुरेंद्र प्रताप को बधाई दी। शाहजहांपुर में आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर बांटी मिठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** दतिया में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की जीत पर यहां कांग्रेसियों ने जश्न मनाया और उनका साथ सपाइयों ने देते हुए यहां उस जीत को जमकर सेलीब्रेट किया तथा मिठाइयां बांटी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मारकंडेयश्वर तिराहे पर और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रज्जाक अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खेरा चौराहे पर एकत्रित होकर मिठाई बांटी, एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और जीत की खुशी मनाई। कस्बे के मारकंडेयश्वर तिराहे पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अगुवाई में जुटे कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और वहां से गुजरने वाले लोगों को मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस सेलीब्रेशन में सपाइयों ने भी अपना पूरा योगदान दिया। सभासद आजादउद्दीन, श्रीनारायण दीक्षित, लकी दुवे, सेठ नासिर, गुड्डू अवस्थी, अजय बरार, सपा के मनोज इकड़या, राजू महाराज चांदनी आदि मौजूद रहे। उधर, खेरा चौराहे पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रज्जाक अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की जीत पर खुशी जताते हुए राहगीरों और स्थानीय लोगों को मिठाई वितरित की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा, यह जीत जनता के विश्वास, कांग्रेस की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। कांग्रेस प्रत्याशी की इस जीत में भाजपा का अजेय होने का दंभ भी टूटता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित, पूर्व सभासद कांग्रेस जिला महासचिव अनिल पटेरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, सभासद प्रतिनिधि आवेश जाटव, दिलशाद अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'हर घर तिरंगा अभियान' 2026 की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद –** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की गरिमामयी उपस्थिति में आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा अभियान' (02 से 15 अगस्त 2026) की तैयारियों एवं सफलता हेतु कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने इस राष्ट्रीय अभियान को जन-जन की भागीदारी से अभूतपूर्व, अनुशासित एवं अविस्मरणीय बनाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस तिरंगा यात्रा को अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर राष्ट्रधुन बजाने के लिए विशेष बैंड की व्यवस्था की जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेस्ट बैंड को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाए। व्यवस्थाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से नगर क्षेत्रों में केवल एक ही ऊंचाई के झंडे एवं डंडों (पोल) का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। ध्वज संहिता के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय ध्वज पूरे सम्मान और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही तैयार होना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि तिरंगे का प्रयोग राष्ट्रभक्ति एवं सम्मान प्रकट करने के लिए किया जाए, इसे सजावट की वस्तु के रूप में प्रयोग न किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी अन्य झंडे या प्रतीक की तुलना में राष्ट्रीय ध्वज का स्थान सर्वोपरि और सबसे ऊंचा रहना चाहिए।

अभियान के सुचारू एवं प्रभावकारी संचालन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों हेतु डी सी एन आर एल एम तथा शहरी क्षेत्रों के लिए संबंधित प्रशासनिक एवं अधिशासी अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। दौरान 'तिरंगा महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत भव्य तिरंगा मेला एवं 'तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट' आयोजित होंगे। इसमें एक ही दिन वृहद स्तर पर स्वयं सहायता समूहों (SHG) तथा ODOP के माध्यम से निर्मित तिरंगा-थीम आधारित खाद्य, परिधान व श्रृंगार सामग्री की बिक्री हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही प्रमुख, स्थलों पर 'HGT सेल्फी बूथ' स्थापित कर नागरिकों को पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा और प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस चरण की व्यवस्थाएं परियोजना निदेशक, उप निदेशक कृषि, उपायुक् (उद्योग व स्वतः रोजगार), DPRO, DIOS, BSA तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। अंतिम एवं तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त 2026) के दौरान जन-जन तक देशभक्ति का संदेश पहुंचाने हेतु तिरंगा बाइक व साइकिल रैलियां निकाली जाएंगी तथा विशाल कपड़े के तिरंगे के साथ आम जनमानस, युवाओं और विद्यार्थियों की सहभागिता से भव्य पदयात्राएं आयोजित होंगी। स्थानीय बाजारों, खादी भंडारों व राशन की दुकानों के माध्यम से झंडों का वितरण व बिक्री सुनिश्चित की जाएगी तथा समस्त शासकीय भवनों, चौराहों व बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश व सजावट की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधारी नामामी गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर जिलाधारी वि0रा0 कल्पना जयसवाल सहित संबंधित अधिकारी आदि अपस्थित रहे।

# महिला आयोग उपाध्यक्ष ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं तथा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में छात्रों से बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का मूल मंत्र निरंतर परिश्रम और अनुशासन है। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता, इसलिए प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि समय के महत्व को समझें, क्योंकि बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। प्रत्येक दिन का एक निश्चित लक्ष्य तय करें और हमेशा बड़े सपने देखें। शासन आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर कदम पर आपके साथ खड़ा है। उपाध्यक्ष ने छात्रों को नियमित अध्ययन के लिए समयबद्ध दिनचर्या (टाइम-टेबल) बनाने और उसका अनुशासित ढंग से पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का युग है और इसमें वही व्यक्ति सफलता हासिल करता है, जो मेहनती, लगनशील और निरंतर आगे बढ़ने का जज़्बा रखता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों विद्यालयों में साफ-सफाई, पठन- पाठन की गुणवत्ता, छात्रावास एवं भोजन (मिड-डे मील/मेस) की व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया। विद्यालयों में बच्चों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं शैक्षणिक प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि बदलते प्रतिस्पर्धी माहौल को देखते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं, ताकि छात्र-छात्राएं भविष्य में उच्च उपलब्धियां प्राप्त कर सकें।

# कानपुर में गुरु गोविंद सिंह पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में फजलगंज थाना घेरकर बवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** आज मंगलवार को यहां सिख समाज के लोगों ने फजलगंज थाना घेरकर जबरदस्त बवाल किया। इसकी वजह बनी गुरु गोविंद सिंह पर कथित अभद्र टिप्पणी, जिसके विरोध में ही सिख समाज का आक्रोश फूट पड़ा। सिख संगठनों के पदाधिकारियों और लोगों ने फजलगंज थाने का घेराव कर सड़क जाम कर दिया। इस बीच प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। सिख समाज के सैकड़ो लोगों द्वारा फजलगंज थाने के सामने लगाए गए इस भीषण जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं दूसरी दशमेश परिवार संस्था के पदाधिकारी रमिंदर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि अजय सिंह नामक व्यक्ति ने शास्त्री नगर निवासी रेस्टोरेंट संचालक हरप्रीत सिंह को फोन कर गुरु गोविंद सिंह के संबंध में अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। इसी बवाल के क्रम में बातचीत का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सिख समाज में आक्रोश फैल गया। इसी घटना के विरोधमें आज मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में सिख संगठन के पदाधिकारी और समाज के लोग फजलगंज थाने पहुंच बाहर सड़क जाम कर नारेबाजी की और कहा कि गुरु महाराज का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कथित ऑडियो की पेनड्राइव पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपते हुए मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। फिलहाल गुरु गोविंद सिंह पर अवध टिप्पणी के विरोध में पैदासिक समाज में आक्रोश को देखते हुए कई थानों का फोर्स भी मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री चारू चौधरी ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (जिला अस्पताल परिसर) एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, महिला सुरक्षा एवं सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, प्रसूति विभाग, दवाओं की उपलब्धता, पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेवाओं का निरीक्षण किया तथा मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान महिला मरीजों एवं उनके परिजनों ने बताया कि अस्पताल में आवश्यक दवाएं और पैथोलॉजी जांचें परिसर के भीतर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा किसी भी मरीज को बाहर से दवा या जांच कराने के लिए नहीं भेजा जा रहा है। उपाध्यक्ष ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 25 से 30 सामान्य प्रसव तथा 8 से 10 सिजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। वहीं प्रत्येक डॉक्टर प्रतिदिन लगभग 70 से 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल में दो अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ तैनात हैं। सामान्य मरीजों को 20 दिन से एक माह तक की तिथि दी जाती है, जबकि आपातकालीन एवं गंभीर मामलों में सीएमएस के माध्यम से तत्काल अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किए जाने तथा गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही छात्राओं की शैक्षणिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं का नियमित फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उपाध्यक्ष ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर वहां की आवास, भोजन, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में रह रही महिलाओं एवं युवतियों से बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने काउंसलर्स एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि कम उम्र की बालिकाओं और युवतियों की मल्टीपल सेशन काउंसलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि वे शिक्षा, जीवन के महत्व तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सही निर्णय ले सकें और सुरक्षित अपने परिवार के पास लौट सकें। वर्तमान में सखी वन स्टॉप सेंटर में कुल 8 पीड़िताएं पंजीकृत हैं, जिनमें से 5 चिकित्सीय परीक्षण एवं न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने गई हुई थीं। केंद्र में मौजूद 3 युवतियों से उपाध्यक्ष ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। निरीक्षण के अंत में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री चारू चौधरी ने सेंटर के कर्मचारियों एवं काउंसलर्स को पूरी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### आशुतोष मिश्र को कृषि विभाग में निदेशक बनायें जानें पर हर्ष



**चुनार, मीरजापुर।** जनपद मीरजापुर के सीखड़ विकास खंड के मुंडीपुर गांव में जन्मे आशुतोष मिश्रा को कृषि विभाग में अपर निदेशक से निदेशक के पद पर शासन द्वारा पदोन्नति होने पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।मुन्दीपुर गांव निवासी स्वर्गीय निधि नारायण मिश्र के कनिष्ठ पुत्र आशुतोष मिश्रा का प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ हुई। कक्षा नौवीं से ही इन्होंने कृषि विषय का चयन अपने जीवन में कर लिया तथा आगे की पढ़ाई कृषि विज्ञान पर आधारित रही। इन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से परास्नातक तथा पीएचडी की उपाधि ली। पीएचडी की डीग्री की उपाधि लेते ही इनका चयन इफको इंदौर में प्रबंधक के पद पर हों गया। एक अगस्त को इनका पदोन्नति अपर कृषि निदेशक से निदेशक के पद पर हों गया। इनके निदेशक बनने पर क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कच्चे मकान के बंडेर में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज।क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सोमवार की देर शाम सात बजे के करीब अपने कच्चे मकान के भीतर बंडेर में दुपट्टे के सहारे फंदे से फांसी लगाकर महिला ने जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बंजारी कलां गांव निवासी बाबूलाल कोल की 27 वर्षीया पत्नी एकादशी देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर बंडेर में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार एसआई कृपाशंकर यादव ने घटना की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की आठ वर्ष पूर्व शादी हुई थी।मायका हलिया क्षेत्र के देवघटा पांडेय गांव में स्थित है।मृतका को दो लड़की और एक लड़का है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान हेतु साक्षात्कार का आयोजन

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिला उपायुक्त उद्योग अधिकारी विनोद कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान करने हेतु कार्यालय में दिनांक 01 अप्रैल 2026 के बाद से प्राप्त पोर्टल पर आन लाईन आवेदनों के दिनांक 07.08.2026 के सापेक्ष चयन हेतु ट्रेड दर्जी का दिनांक 11. 08.2026 ,12.08.2026 एवं ट्रेड हलवाई का दिनांक 14.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे से कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र में साक्षात्कार का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। समस्त आवेदको से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित समय व स्थान पर अपने आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति, आय प्रमाण पत्र, व अनुभव प्रमाण पत्र आदि से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज दो प्रति (एक मूल व दूसरा छाया प्रति में लेकर साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियां पूरी, डीएम के निर्देश पर 22 बाढ़ चौकियां सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** संभावित बाढ़ को देखते हुए जनपद में आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी शैलेश कुमार के निर्देशन में राहत एवं बचाव कार्यों की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला सभी तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रही हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी औराई शिवेंद्र कुमार वर्मा एवं उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण दीक्षित ने अपने-अपने तहसील क्षेत्रों की बाढ़ चौकियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर ने ग्राम धनतुलसी स्थित बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनपद की तीन तहसीलों में कुल 22 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। धनतुलसी, इटहारा एवं अमिलौर सहित विभिन्न बाढ़ चौकियों पर राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य और विकास विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण कर राहत सामग्री, संचार व्यवस्था, आवश्यक संसाधनों एवं विभागीय समन्वय की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सभी संबंधित चिकित्सा केंद्रों पर सर्पदंश के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में एंटी-वेनम सहित आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं उपलब्ध हैं। वहीं, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण और दवाओं की समुचित व्यवस्था कर ली गई है।

सीतामढ़ी क्षेत्र में पीएसी एवं रेस्क्यू बोट टीम को भी सक्रिय रखा गया है। प्रशासन के अनुसार गंगा नदी का वर्तमान जलस्तर 69.22 मीटर दर्ज किया गया है, जो चेतावनी बिंदु 80.20 मीटर और खतरे के निशान 81.20 मीटर से काफी नीचे है। इसके बावजूद जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को बाढ़ चौकियों पर 24 घंटे निगरानी रखने, विभागीय समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### आकाशीय बिजली के चपेट में आने से युवक की मौत



**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में आकाशीय बिजली के चपेट मेंआने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह तेज बारिश और करकड़ाती बिजली के चपेट में आ गया।मानिकपुर निवासी युवक रोहित चौहान पुत्र मुरारी चौहान उम्र लगभग 21 वर्ष सुबह अपनी खेत की तरफ गया हुआ था। अचानक मौसम खराब होने की वजह से लौटते समय बज्रपात हो गया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा ले गए जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था और होनहार भी था। इसी वर्ष 2026 के नीट परीक्षा में भी भाग लिया था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस अग्रिम कार्यवाही हेतु शव सील कर मिर्जापुर के लिए रवाना कर दिए।

# मेघावी छात्र छात्राओं को पुलिस उपाधीक्षक ने किया प्रोत्साहित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार,** मीरजापुर। क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने मंगलवार को सीओ सभागार में आयोजित 10 वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले जनता जनार्दन इंटर कालेज कोलना के छात्र निखिल सिंह व छात्रा आकांक्षा व बोधनरायण इंटर कालेज कुशहा की छात्रा आंचल व ठाकुर शिवप्रसाद इंटर कालेज जघई प्रयागराज से रोशनी यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रों के साथ ही उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने कहा कि आत्मविश्वास अच्छी बात है लेकिन यह मत मानिए कि मैं ही सत्य हूं या मैं ही सब कुछ जानता हूं इस भ्रम में कभी मत रहिए व्यक्ति तब असफल होता है जब वह आत्मविश्वास में आकर छोटी-छोटी बातों का नजर अंदाज करने लगता है जब आप साफ नियत और ईमानदारी के साथ किसी भी क्षेत्र में काम करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी व्यवहारिक ज्ञान से खुद को मजबूत बनाइए अपनी परंपराओं को समझिये। कार्यक्रम का आयोजन क्रेडिट एक्सिस इंडिया फाउंडेशन जमुई के द्वारा किया गया।

## बेलन बरौंधा मार्केट में जलभराव, राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज मीरजापुर।** बेलन बरौंधा मे लगातार हुई बारिश के बाद बेलन बरौंधा मार्केट में जलभराव की स्थिति बन गई है। बाजार की मुख्य सड़क और कई दुकानों के सामने पानी भर जाने से राहगीरों, दुकानदारों और ग्राहकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कई दुकानदारों ने बताया कि पानी भरने से ग्राहकों की संख्या कम हो गई है और व्यापार पर भी असर पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की से मध्यम बारिश में भी बाजार में पानी भर जाता है, जो जल निकासी व्यवस्था की कमी को दर्शाता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से राहत मिल सके।

### विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की अनुमति देने के संबंध में मांग

**मीरजापुर।** लालगंज समाजवादी पार्टी छानवे विधानसभा के अध्यक्ष सोकिम अहमद के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की अनुमति देने के संबंध में मांग की गई। उप जिला अधिकारी अजीत कुमार को दिए गए पत्र में विधानसभा अध्यक्ष शोकीम अहमद ने कहा कि 9 अगस्त को पूरे देश में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाना है इसी क्रम में हम लोग समाजवादी पार्टी के तत्वधान में यह कार्यक्रम 96 विधानसभा पासवान चौकी पर करना चाहते हैं समय 10:00 बजे से शाय काल 3:00 बजे तक सुनिश्चित किया गया है जिसमें अनुमति प्रदान किए जाने की कृपा करें। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण यादव,छानवे विधानसभा सचिव हरिशंकर यादव समेत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएवी जोनल स्पोर्ट्स मीट का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद्र-** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी रिहंदनगर में मंगलवार को तीन दिवसीय डीएवी यूपी जोन-डी बालिका जोनल स्पोर्ट्स मीट का भव्य शुभारंभ सोनशक्ति स्टेडियम में उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन एनटीपीसी रिहंदनगर के परियोजना प्रमुख सह कार्यकारी निदेशक एवं महिला मंडल की अध्यक्षा ने किया। इस अवसर पर डीएवी यूपी जोन-डी की एआरओ भी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में सोनभद्र जनपद के विभिन्न डीएवी विद्यालयों की 361 बालिकाएँ भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय इस खेल महाकुंभ का समापन 6 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया।

इसके बाद मुख्य अतिथि ने मशाल प्रज्ज्वलित कर विद्यालय की हेड गर्ल दुर्गा को सौंपी। राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी छात्राओं ने मशाल के साथ पूरे स्टेडियम की परिक्रमा कर खेल भावना का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए एनटीपीसी प्रबंधन, विशेष रूप से परियोजना प्रमुख संजय असाटी, मानव संसाधन विभाग, टीएसी विभाग तथा एआरओ संध्या पांडे के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही इस भव्य स्पोर्ट्स मीट का सफल आयोजन संभव हो पाया है।

मुख्य अतिथि संजय असाटी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता की शुरुआत देश के लोकप्रिय खेल कबड्डी से हुई। पहला मुकाबला अंडर-17 बालिका वर्ग में डीएवी रॉबर्ट्सगंज एवं डीएवी परासी के बीच खेला गया, जिसमें डीएवी परासी की टीम ने तीन अंकों से जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की। समारोह में महाप्रबंधक प्रणय कुमार नायक, मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोइपाई, अपर महाप्रबंधक योगेश त्रिपाठी, एसी सीआईएसएफ पुजारी शिवा राव, उपप्रबंधक रोशन कुमार, डीएवी परासी की प्राचार्या रचना दुबे, डीएवी अनपरा की प्राचार्या दीपा शर्मा, इंचार्ज प्राचार्य दीपा पांडे, हरिकेश यादव, एसजेएस के प्राचार्य रोनाल्ड नोरोहा, बीजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडे, विभिन्न समाचार-पत्रों के पत्रकार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# युवा सक्रियता, मीडिया और विकसित भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शक्तिनगर/ सोनभद्र-** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वाधान में दिनांक 4 अगस्त 2026 को युवा सक्रियता, मीडिया और विकसित भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के प्रो0 विनोद कुमार सिंह ने युवा सक्रियता को विकसित भारत की नींव बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवा सक्रियता को एक तेज मिलता है जब वह मीडिया विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ अपनी अभिव्यक्ति को वैश्विक मंच पर रखता है। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा और मीडिया दोनों एक ऊर्जा स्रोत के समान है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में काशी विद्यापीठ शक्तिनगर की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0अपर्णा त्रिपाठी ने युवा संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के अंतः संबंधों पर अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि आज के सूचना समाज में मीडिया क्रांति को सही दिशा में आगे बढ़ाने हेतु युवा स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए युवाओं को देश के विकास में बढ़-चढ़कर अपना योगदान सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक उदय नारायण पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आवाहन किया कि वह देश के विकास में अपना योगदान दें ताकि देश को उन्नति की ओर ले जाया जा सके। युवा पत्रकार रोहित कुमार विश्वकर्मा ने युवा शक्ति के समक्ष वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में उत्पन्न हो रही चुनौतियों पर सभी का ध्यान आकर्षित किया और चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम के डॉ0 छोटे लाल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यापक डॉ0 ओम प्रकाश यादव, डॉ0 प्रभाकर लाल, अम्बरीश, रविकांत कुशवाहा, अमित कुमार सिंह, हिमांशु, राहुल सोनी, पंकज, साल्वी, अजय, अमृत लाल, नीरज, समीर, प्रभा, खुशबू, ममता, अंजलि, आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## शिवद्वार मंदिर में कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मंगलवार को शिवद्वार मंदिर पहुंचकर श्रावण मास में आने वाले कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, मंदिर परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित चिकित्सा शिविर तथा मेले में बनाए गए कंट्रोल रूम का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत घोरावल को निर्देशित किया कि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए शिवद्वार मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शाहगंज बाजार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर गंदगी एवं कीचड़ पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को तत्काल सफाई एवं रोड के किनारे बन रहे नाले निर्माण में आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मार्गो से कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है, वहां स्वच्छता एवं सुगम यातायात हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस.के. सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कैंप में 18 बच्चों का निर्गत हुआ दिव्यांगता प्रमाण पत्र



**भदोही।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षान्तर्गत मंगलवार को बीआरसी रोटहा भदोही में मेडिकल ऐसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 26 दिव्यांग बच्चों का आन लाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया। जिसमें बोर्ड में मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित चिकित्सकों ने 18 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया। कैंप में आर्थोपेडिक सर्जन डा. चंद्रबली ने अस्थि के 08, आई सर्जन डा. शिप्रा सिंह ने दृष्टि के 01 बच्चे को एमबीएस के लिए रेफर किया। मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. अभिनव एवं नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा. अशोक परासर ने आईडी के 10 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया। कैंप में सीएमओ कार्यालय से प्रिया श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट डा. जेपी सिंह, स्पेशल एजुकेटर सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, विजय मौर्या, विवेक पाठक, सरिता मिश्रा, मनोज सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया चेहल्लुम, 52 बीघा तालाब पर पहुंचे ताजिए

**भदोही।** सुरियावां कस्बे में मंगलवार को चेहल्लुम का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न मोहल्लों से ताजिए जुलूस के रूप में निकलकर 52 बीघा तालाब पहुंचे, जहां धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने ताजियादार बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मेडल, नगद एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ सभी पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। चेहल्लुम पर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे समय क्षेत्र में भ्रमण करता रहा, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन फाटक गली की करबला कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रईस अहमद, रऊफ हाशमी, रईस शेर अली, जयशंकर, मकसूद, गोपाल, मुनव्वर अली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में बिछेगा सड़कों का जाल, उद्योगों को मिलेगी रफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रदेश की योगी सरकार औद्योगिक विकास की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को लगाने के साथ-साथ सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को भी तेजी से मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के तहत सरकार ने सड़क निर्माण के 22 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इन 22 प्रस्तावों में सबसे ज्यादा 6 प्रस्ताव सोनभद्र के हैं। इसके तहत लगभग 202 करोड़ रुपये खर्च कर छह सड़कों (कुल 127 किमी.) का निर्माण किया जाएगा। यह उपलब्धि जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की ओर से किए गए समयबद्ध प्रयासों का नतीजा है, जो सोनभद्र के विकास को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरकार ने दूसरे जनपदों से जोड़ने वाली छह सड़कों के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि शासन ने औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के तहत सड़क निर्माण के कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इन प्रस्तावों में सोनभद्र के सबसे ज्यादा 6 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। जिलाधिकारी ने बताया कि मुर्धवा-म्योरपुर-बभनी-चपकी-बीजपुर मार्ग का निर्माण 36.75 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। नधिरा-धरतिडाड मार्ग का निर्माण 1.20 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं, वाराणसी-शक्ति नगर स्टेट हाइवे का निर्माण का 41.79 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। इसी तरह, डिबुलगंज-जोगेन्द्रा मार्ग का निर्माण 48.38 करोड़ रुपये, आरएस रोड से कोदरा टोला मार्ग तक सड़क का निर्माण 18.53 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। चोपन-कोटा-कोन-करौंदी मार्ग का निर्माण 55.50 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से जुड़े सभी संबंधित विभागों द्वारा सर्वे इत्यादि कार्यो को त्वरित गति से संपन्न किया गया। जिसके चलते जनपद में 6 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है।जिलाधिकारी ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। सड़क निर्माण के संबंध में जल्द टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योगों के लिए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की ढुलाई का समय और लागत (लॉजिस्टिक्स कॉस्ट) कम हो जाएगी। प्रस्तावित सड़कों के निर्माण का लाभ उद्योगों के साथ-साथ आम-जनमानस को भी मिलेगा। अभी आवागमन में काफी समय लगता है लेकिन सड़क निर्माण के बाद मिनटों में यह सफर तय किया जा सकेगा साथ ही मार्ग में होने वली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।जिलाधिकारी ने बताया कि औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना 2026-27 के तहत स्वीकृति के लिए जनपद की 5 सड़कों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। जिन्हें जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि डाला खन्ना कैंप से बिल्ली रोड़ तक टू लेन सड़क, खड़िया से तेलगढ़वा पुल (शक्तिनगर बार्डर) तक टू लेन सड़क व चुर्क सीमेंट फैक्ट्री तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए दो लिंक रोड बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। भेजे गए प्रस्तावों में ओबरा डिग्री कॉलेज से नगर पंचायत, कार्यालय ओबरा तक सड़क के निर्माण के लिए प्रस्ताव भी शामिल है। इसके अलावा 16 करोड़ रुपये की लागत से मीना बाजार घुरमा फीडर से कुनिअवां टोला मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है।

# अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर एसपी ने किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने तथा आधुनिक तकनीक आधारित यातायात प्रवर्तन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय परिसर से अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इंटरसेप्टर वाहन स्पीड लेजर गन, हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा, नाइट विजन कैमरा, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) सिस्टम, वीडियो रिकॉर्डिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, ब्रेथ एनालाइजर, अल्कोहल मीटर, लाल-नीली चेतावनी बत्ती और हूटर समेत अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं। इनकी मदद से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन वाहनों का उपयोग राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गो, प्रमुख मार्गो, नगर क्षेत्रों तथा संवेदनशील स्थानों पर ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, स्टंटबाजी, रैश ड्राइविंग, ध्वनि प्रदूषण और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए किया जाएगा। एसपी ने बताया कि जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) अभियान के तहत गोपीगंज, औराई एवं भदोही क्षेत्र सहित दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि इंटरसेप्टर वाहनों का संचालन पूरी पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए भी जागरूक किया जाए। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी सहित यातायात शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त नौसाद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम सहेरूआ विश्वनाथगंज थाना देल्हपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष को कुल 01.130 कि0ग्रा0 अवैध गांजा के साथ थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत कृष्णा ढाबा के बरामदे में ग्राम पूरे नियादर के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से कुल 01.130 कि0ग्रा0 अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसके संबंध में थाना देल्हूपुर में धारा 8/20 एनडी पीएस थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### नगर पंचायत के वार्डो में विशेष साफ -सफाई कार्य करने का निर्देश



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** नगर पंचायत बिस्कोहर के कार्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ तथा वार्डो में सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर व सफ़ाई नायकों को नगर पंचायत के सभागार में इस पवित्र श्रावण मास के अवसर पर एवं बरसात को देखते हुए सभी सफाई कर्मचारियों को नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने मगलवार को ड्रेस, रेनकोट आदि सामनों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डो की विशेष साफ़- सफ़ाई करने का निर्देश दिया।

### आजमगढ़ में तीन लोगों की जलकर मौत



**आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात डीजल भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रांसफर लगे पोल से टकरा गया। टक्कर से डीजल से भरे टैंकर में भीषण आग लग गई, जिसमें तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय प्रदीप निवासी निवासी भीखमपुर थाना मेंहनगर, परिचालक 25 वर्षीय पतिराज प्रसाद निवासी चौतरवा, थाना फरेंदा (महराजगंज) चालक रामू यादव निवासी गढ़वा,फरेंदा (महाराजगंज) के रूप में हुई है। हादसा उस समय हुआ जब टैंकर गोरखपुर के देवरिया स्थिति डिपो से तेल लेकर बिलरियागंज स्थित श्रेया पेट्रोल पंप लौट रहा था। रास्ते में टैंकर मालटारी-मिर्जापुर स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से टकराकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रांसफार्मर नीचे गिर पड़ा और तेज धमाके के साथ टैंकर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के लोग मदद के लिए टैंकर के करीब भी नहीं पहुंच सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की आठ गाड़ियों को लगाया गया था। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक टैंकर पूरी तरह जल चुका था। हादसे में तीन लोगों की जलकर मौत हो चुकी थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# वैदिक गणित, नवाचार एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का एचएमएस एकेडमी में हुआ सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** वैदिक गणित, नवाचार एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन सोमवार को एच एम एस एकेडमी रुधौली में हुआ। डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार गणितज्ञ अनूप कुमार सिंह तथा फाउंडेशन के समन्वयक अंबिका यादव के विशेष प्रयासों से आयोजित यह सत्र विद्यार्थियों के लिए वैदिक मैथ्स विषय पर एक विशेष शैक्षिक एवं प्रेरणादायक रहा है। महान गणितज्ञ अनूप कुमार सिंह ने वैदिक गणित की सरल, त्वरित एवं प्रभावी गणना विधियों तथा विभिन्न ट्रिक्स को विद्यार्थियों ने समझ कर ज्ञानार्जन किये।

सत्र कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वैदिक गणित, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), विकसित भारत-2047, नीति आयोग के नवाचार आधारित दृष्टिकोण तथा नेशनल चिल्ड्रन्स साइंस कांग्रेस के उद्देश्यों से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, नवाचार, अनुसंधान तथा भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति प्रेरित करते हुए करियर काउंसलिंग भी प्रदान की गई।

मुख्य वक्ता गणितज्ञ अनूप कुमार सिंह ने वैदिक गणित की सरल, त्वरित एवं प्रभावी गणना विधियों तथा विभिन्न ट्रिक्स का प्रदर्शन करते हुए बताया कि कठिन से कठिन गणितीय प्रश्नों को भी कम समय में शुद्धता के साथ कैसे हल किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन विधियों का अभ्यास किया, जबकि शिक्षकों ने भी इन तकनीकों को सीखने में विशेष रुचि दिखाई। कार्यक्रम में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सत्र के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता आरजू द्विवेदी को प्रथम स्थान, सोनल पाल को दूसरा स्थान और अंश पाण्डेय को तृतीय स्थान हासिल हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन, गणितज्ञ अनूप कुमार सिंह तथा अंबिका यादव का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन कराने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव, उप-प्रधानाचार्य रविंद्र सर, मनीष पांडे, नंदिनी द्विवेदी, सागर श्रीवास्तव, श्री प्रसून मिश्रा, करण सर, एच. पी. भट्ट तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## खाद्य सचल द्वारा फ्लोर मिलों का निरीक्षण कर जांच के लिये नमूने



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा आटे में शैलखड़ी (सोप स्टोन), चावल अथवा अन्य अवांछित पदार्थो की मिलावट एवं भंडारण/विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन में खाद्य सचल दल ने जनपद की विभिन्न फ्लोर मिलों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के मानकों के अनुरूप गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर आटे के दो नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए तथा संबंधित प्रतिष्ठानों को आवश्यक सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए।

अभियान के दौरान पट्टी स्थित सम्पूर्णना ऑयल एण्ड फ्लावर मिल (प्रो. अरविन्द चौरसिया) से आटे का एक नमूना लिया गया और इकाई को सुधार नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार वार्ड संख्या-02 पट्टी स्थित किरन फूड्स (प्रो. भरत लाल) से भी आटे का एक नमूना संग्रहित कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सोभवा, पट्टी स्थित आयुष इंटर प्राइजेज (प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इकाई में रख-रखाव संबंधी कमियां पाए जाने पर संचालक को सुधार नोटिस जारी करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई के तहत मंगलवार को कुल तीन फ्लोर मिलों का निरीक्षण किया गया तथा दो आटा नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, यादव संजय कुमार नन्हकू, संतोष कुमार दूबे, शहाब उद्दीन सिद्दीकी एवं शमशुन नेहा सहित खाद्य सचल दल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आजमगढ़ में मुठभेड़ में घायल हुआ अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह का सरगना

**आजमगढ़।** सिधारी थाना पुलिस की पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के बाद आजमगढ़ समेत कई जनपदों में सक्रिय अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके चार अन्य साथियों को भी दबोचने में कामयाब रही। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान ध्यान सिंह निवासी वाकरपुर अटायन, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद, छत्रपाल निवासी गदरपुर, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड), कुलदीप निवासी भोजपुर (मुरादाबाद), राजा निवासी वाकरपुर अटायन तथा सरिता सिंह के रूप में हुई है। गिरोह का सरगना दवा बेचने की आड़ में लोगों को यौन रोग और कमजोरी का भय दिखाकर नकली दवाएं बेचता था और मोटी रकम वसूलता था। आरोपितों ने पूछताछ में पवई क्षेत्र में पांच हजार रुपये की चोरी की घटना भी स्वीकार की है। मंगलवार सुबह थाना प्रभारी विनय कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि मारुति-800 कार से सवार कुछ ठग किसी वारदात की फिराक में आजमगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस घेराबंदी कर वाहनों की जांच करने लगी, इसी दौरान संदिग्ध वाहन आते हुए दिखाई पड़ी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

## दवा विक्रेताओं ने नवागत औषधि निरीक्षक का किया भव्य स्वागत



**सिद्धार्थनगर।** स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम के पश्चात सभी सम्मानित दवा विक्रेता साथियों ने अपने अपने होलसेल ड्रग लाइसेंसों का सत्यापन करवाया और संगठन के पदाधिकारियों ने औषधि निरीक्षक के इस अभियान में भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर महासचिव मुजीबुल्लाह (मुजीब) ने कहा कि संगठन को मजबूती से बनाए रखने में ही सभी दवा व्यापारियों का हित है। कार्यक्रम को औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हर कदम पर दवा व्यापारियों को विभागीय सहयोग करते रहेंगे और सुझाव भी दिया कि लाइसेंस पर ही खरीद और बिक्री का कार्य करें। शासन के आदेशानुसार प्रदेश भर में थोक लाइसेंसों के सत्यापन के कार्य किए जा रहे हैं सभी लोग अपने -अपने लाइसेंसों का सत्यापन जरूर करा लें। अन्यथा विभागीय नोटिस जाएगी और संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। इस मौके पर जिला महासचिव मनोज कुमार जायसवाल, चंद्र शेखर पाण्डेय, उबैदुल्लाह खान महामंत्री, मुजीबुल्लाह ,मुजीब (नगर महासचिव), जमाल अख्तर सहित सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं दवा व्यापारियों की उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, समय सीमा में सभी आवेदन निस्तारित करायें-सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्व दशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग तथा दशमोत्तर (कक्षा 11-12 एवं अन्य उच्च कक्षाओं) छात्रवृत्ति योजनाओं के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना की अध्यक्षता में तुलसी सदन (हादीहाल) सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी पूर्वदशम एवं दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यो, प्राचार्यों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में शासन द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित सभी कार्य निर्धारित तिथियों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने निर्गत समय-सारिणी के अनुसार पूर्वदशम एवं कक्षा 11-12 हेतु 05 अगस्त एवं दशमोत्तर कक्षाओं हेतु 15 अगस्त निर्धारित तिथि तक प्रोफाइल/मास्टर डाटा लॉक करना, छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये नवीन आवेदन/नवीनीकरण के आवेदनों को विद्यालय स्तर से निर्धारित तिथि तक अग्रसारित करते हुए समयबद्ध कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त पूर्वदशम/दशमोत्तर शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्यो को निर्देशित किया गया कि पूर्वदशम एवं दशमोत्तर के समस्त शिक्षण संस्थान निर्धारित तिथि तक अपने विद्यालय की प्रोफाइल/मास्टर डाटा अपडेट करेंगे तथा समस्त छात्रों का डाटा शासन द्वारा निर्गत समय-सारिणी के अनुसार अग्रसारित करना सुनिश्चित करेंगे। शिक्षण संस्थान स्तर पर एक भी डाटा समय सीमा के बाद लम्बित नही रहना चाहिए। बैठक के दौरान कई शिक्षण संस्थानों ने छात्रवृत्ति पोर्टल पर तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि पोर्टल संबंधी सभी समस्याओं का तत्काल समाधान कराते हुए छात्रवृत्ति प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित कराया जाए। बैठक में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सहायक कोषाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी पूर्वदशम और दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा बनेगा जन आंदोलनः अनामिका चौधरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव,पूर्व सांसद एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगमलाल गुप्ता ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई।मुख्य अतिथि अनामिका चौधरी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह घर-घर जाकर लोगों को तिरंगे के सम्मान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करे। तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है तथा इसे प्रत्येक घर तक पहुंचाना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है।अध्यक्षीय संबोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। सभी मंडलों पर निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज देशव्यापी जनभागीदारी का प्रतीक बन चुका है। यह अभियान नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करेगा।कार्यक्रम संयोजक/जिला महामंत्री ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। तिरंगा यात्रा के आयोजन, हर घर तिरंगा अभियान के सफल संचालन, बूथ स्तर तक जनसंपर्क, घर-घर राष्ट्रध्वज पहुंचाने तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष/कार्यक्रम सह संयोजक अंशुमान सिंह ने आए हुए सभी पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन एवं राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्र,पवन गौतम, अजय सिंह, अनुराग मिश्र, अशोक सरोज, अशोक श्रीवास्तव एवं राम आसरे पाल, जिला मंत्री सूर्य प्रकाश पटेल, मुदित सिंह, विनोद शर्मा एवं रुचि केसरवानी, विशाल विक्रम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, प्रमिला शुक्ला, साधु दुबे, शुभम सिंह, आशीष त्रिपाठी, बद्री गुप्ता, मनोज पांडेय सहित मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उप निदेशक कृषि ने उर्वरक केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के उर्वरक के दुकानों की मंगलवार को उप निदेशक कृषि राजेश कुमार द्वारा औचक निरीक्षण कर दुकानदारों के अभिलेखों का गहनता से जांच किया। दुकानदार को निर्देशित किया कि किसानों का फार्मर रजिस्ट्री,खतौनी, आधार देखकर पी ओ एस मशीन पर अंगूठा लगवाकर उचित मूल्य पर उर्वरक का वितरण करें। उप निदेशक कृषि राजेश कुमार ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ शोहरतगढ क्षेत्र में पहुंच कर चिल्हिया में स्थित संजय ट्रेडिंग कंपनी,पल्टादेवी में स्थित चौधरी कृषि रक्षा सेवा केन्द्र,कृषि रक्षा सेवा केन्द्र भदाव और चोडार चौराहा पर स्थित अंशिका फर्टीलाइजर का औचक निरीक्षण किए।औचक निरीक्षण में सभी खाद केन्द्रों पर उर्वरक वितरण/स्टाक रजिस्टर,पी ओ एस मशीन एवं गोदाम में रखें उर्वरकों का जांच किये तथा सभी उर्वरक विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किये की किसानों का फार्मर रजिस्ट्री,खतौनी, आधार देखकर पी ओ एस मशीन पर अंगूठा लगवाकर उचित मूल्य पर उर्वरक का वितरण करें।उप निदेशक कृषि राजेश कुमार ने विक्रेताओं से कहा कि किसानों से शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जायेंगी। औचक निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा अंशिका फर्टीलाइजर चोडार के वितरण रजिस्टर में अंकित किसानों के अभिलेखों का सघनता से जांच कर किसानों से फोन पर बात किया गया, जिसमें किसानों द्वारा संतोषजनक जबाब दिया गया। इस दौरान दुकान पर क्षेत्र के किसान संजय मिश्रा, राम औतार, ध्रुव कुमार, सुधाकर गिरी, अरुण उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## वैभव वर्मा के हत्यारों पर कड़ी कार्यवाई के लिये मुख्यमंत्री से किया मांग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने गोरखपुर जनपद के ग्राम रुद्रपुर, थाना खजनी निवासी स्वर्णकार समाज के हनुमान वर्मा के 10 वर्षीय पुत्र वैभव वर्मा के अपहरण के बाद हुई निर्मम हत्या के अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की मांग की।

हाटा के विधायक मोहन वर्मा, मृतक बच्चे के पिता हनुमान वर्मा व उनके दो भाई भृगुनाथ वर्मा व गौरीशंकर वर्मा के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर विधायक विनय वर्मा ने पत्र देकर बताया कि वैभव की हत्या उसके ही मोहल्ले के सर्वेश भट्ट उर्फ बिट्टू पुत्र हरिनारायण द्वारा फिरौती की नीयत से अपहरण करके कर दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद एक अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ लिया जबकि दूसरा अभी फरार चल रहा है। दूसरे अभियुक्त की भी गिरफ्तारी जल्द से जल्द कराकर दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। विधायक ने मांग किया कि अभियुक्त के अवैध धंधों, कारनामों और संपत्तियों की जांच कराकर ग्राम रुद्रपुर में बने अवैध मकान का ध्वस्तीकरण कराया जाए। विधायक ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि न्याय मिलेगा और दोषियों को उनके अपराध की कठोरतम सजा मिलेगी।

## 16 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राइसाइकिल

**भदोही।** जनपद के 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में ई-ट्राइसाइकिल योजना संचालित की गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी, जिन्हें दैनिक कार्यों, विद्यालय, कॉलेज या प्रशिक्षण संस्थान तक आने-जाने में कठिनाई होती है, उन्हें योजना के तहत ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। प्रति ई-ट्राइसाइकिल अधिकतम 65 हजार रुपये तक की धनराशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उन दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिलेगा जो किसी विद्यालय, महाविद्यालय या प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हों तथा निर्धारित पात्रता की शर्तें पूरी करते हों। लाभार्थी के परिवार की वार्षिक आय विभाग द्वारा निर्धारित सीमा के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही, पिछले पांच वर्षों में किसी अन्य स्रोत से ई-ट्राइसाइकिल प्राप्त न की हो। ई-ट्राइसाइकिल के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान से अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

# जलभराव से तबाह कारोबार, व्यापारियों ने मांगी राहत राशि



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** नगर में हुई अतिवृष्टि से जलभराव के कारण हुए आर्थिक नुकसान को लेकर व्यापारियों ने प्रशासन से राहत की मांग की है। आदर्श व्यापार मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित दुकानदारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि 2 अगस्त को हुई भारी बारिश के दौरान कोतवाली रोड स्थित कई दुकानों और मकानों में पानी भर गया, जिससे दुकानों में रखा सामान खराब हो गया और व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जलभराव के चलते कई लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित दुकानों का शीघ्र सर्वे कराया जाए और शासन की राहत योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि व्यापारी अपने व्यवसाय को दोबारा सुचारु रूप से संचालित कर सकें। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के साथ वेद प्रकाश अग्रहरि, डॉ. अनूप अग्रहरि, अजय गुप्ता, विजय वर्मा, विजेंद्र प्रताप सिंह, संजय अग्रहरी, राकेश अग्रहरी, विवेक जायसवाल, देवव्रत वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बोलेरो ने मारी टक्कर, बोलेरो चालक घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब ईंट लादकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची ड्रमंडगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एनएचएआई की एंबुलेंस से घायल चालक को पास स्थित मध्यप्रदेश के हनुमना सीएचसी में उपचार हेतु भर्ती करवाया। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के वई गांव निवासी 28 वर्षीय लल्लू राम सोमवार की रात अपने गांव से सवारियों को बैठाकर मीरजापुर छोड़ने गए थे।

सवारियों को छोड़ने के बाद मंगलवार भोर में घर लौट रहे थे। पांच बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो अचानक झपकी आ जाने से ईंट लादकर मध्यप्रदेश की तरफ जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो चालक लल्लू राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उपनिरीक्षक सुभाष यादव ने बताया कि बोलेरो चालक को अचानक झपकी आ आ गई जिससे बोलेरो ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गई। हादसे में बोलेरो चालक को गंभीर चोटें आई हैं और बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल बोलेरो चालक को उपचार हेतु एनएचएआई की एंबुलेंस से हनुमना सीएचसी भेजा गया है। घायल बोलेरो चालक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## बृजभूषण शरण सिंह बरी, समर्थकों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोंडा।** महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए कथित यौन उत्पीड़न के बहुचर्चित मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने मामले में सह-आरोपी विनोद तोमर को भी दोषमुक्त कर दिया। अदालत के फैसले के बाद गोंडा, कैसरगंज और देवीपाटन मंडल क्षेत्र में समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर फैसले का स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने इसे न्याय की जीत बताते हुए खुशी जाहिर की।

फैसले के बाद गोंडा के प्रसिद्ध रघु बाबा मंदिर परिसर में रघु बाबा समाज सेवा संस्थान की ओर से विजय उत्सव का आयोजन किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने कहा कि न्यायालय के फैसले से सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही संस्थान ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने राजनीतिक द्वेष के चलते बृजभूषण शरण सिंह की छवि खराब करने का प्रयास किया था।

उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय से न्याय व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत हुआ है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में साधु-संतों को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद भी लिया गया। कार्यक्रम में बबलू गुप्ता, उदय प्रताप तिवारी, पृथ्वीनाथ तिवारी, दादा ठाकुर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। लोगों ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सत्य की जीत बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरों के हौसले बुलंद! एक हफ्ते में फिर स्कूल बना निशाना

**लखीमपुर खीरी।** पलिया थाना क्षेत्र में चोरों के बेखौफ हौसलों ने एक बार फिर पुलिस की चौकसी को चुनौती दे दी। बीती रात प्राथमिक विद्यालय पट्टी पटवारा को निशाना बनाते हुए चोरों ने रसोई का दरवाजा काट डाला और अंदर रखा दो भरे गैस सिलेंडर, गैस भट्ठी, बर्तन समेत रसोई का अन्य सामान लेकर फरार हो गए।सोमवार सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो रसोई का दरवाजा कटा मिला और पूरा सामान गायब देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय पुलिस को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर चोर इतने बेखौफ क्यों हैं? क्योंकि यह कोई पहली घटना नहीं है। महज एक सप्ताह पहले पास स्थित प्राथमिक विद्यालय धौबिनपुरवा में भी चोरी हुई थी, लेकिन उस घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका। इसी बीच दूसरी वारदात ने पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पहली चोरी का समय रहते खुलासा हो जाता और चोरों पर कार्रवाई होती, तो शायद दूसरी घटना न होती। लगातार स्कूलों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में डर और नाराजगी दोनों हैं।

# धावाडंगाल ग्राम में भारी वर्षा के अभाव में धान रोपनी प्रभावित

## ऊँची-नीची अधिकांश भूमि अब भी पड़ी है परती : किसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः** पाकुड़िया प्रखंड के डोमनगड़िया, फुलझिंझरी और गनपूरा पंचायतों की ऊँची-नीची भूमि में समय पर धान रोपनी किए जाने से इन दिनों खेतों में हरियाली निखर रही है। मिली सूचना के अनुसार, पाकुड़िया प्रखंड में 10 जुलाई से लेकर 4 अगस्त तक लगभग 80 प्रतिशत धान रोपनी हो चुकी है। किसानों का मानना है कि यदि वर्षा होती रही तो इस वर्ष 15 अगस्त तक धान रोपनी का कार्य पूर्ण हो जाने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर, 4 अगस्त को पाकुड़िया प्रखंड के बासतकुंडी पंचायत अंतर्गत धावाडंगाल ग्राम में ऊँची भूमि से लेकर सभी छह टोलों की निचली बोहाल जमीन तक जिन खेतों में पानी उपलब्ध है, वहीं बड़ी कठिनाई से धान रोपनी होती देखी गई। 4 अगस्त को इसी गांव के किसानों ने बताया कि धावाडंगाल, तालवा और बासतकुंडी ग्राम में भारी बारिश के अभाव में धान रोपनी बाधित है। महिलाओं ने बताया कि 3 अगस्त को धावाडंगाल ग्राम में वर्षा नहीं हुई, जबकि पाकुड़िया सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने की सूचना मिली है। उल्लेखनीय है कि 3 अगस्त की संध्या को पाकुड़िया में लगभग 50 मिनट तक झमाझम मानसूनी वर्षा हुई थी। धावाडंगाल ग्राम के किसानों ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि धान की नर्सरी का पौधा एक हाथ से भी अधिक बड़ा हो चुका है, लेकिन बड़े हिस्से में अब तक धान रोपनी नहीं हो सकी है। एक अनुमान के अनुसार, तालवा, धावाडंगाल और बासतकुंडी ग्राम की निचली भूमि में अभी केवल 20 से 30 प्रतिशत तक ही धान रोपनी हो सकी है। किसानों का कहना है कि अभी रोपनी के लिए समय है। यदि शीघ्र रिमझिम वर्षा होती है तो शेष रोपनी भी समय पर पूरी हो जाएगी, अन्यथा धान की नर्सरी खराब होने से फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### साप्ताहिक डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश तथा डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में शनिवार को पाकुड़ के कालिकापुर में साप्ताहिक डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पैरा लीगल वॉलंटियर कमला राय गांगुली ने लोगों को बाल विवाह, साइबर फ्रॉड तथा सड़क सुरक्षा संबंधी कानूनों के प्रति जागरूक किया। साथ ही पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इस अवसर पर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) से संपर्क करें अथवा नालसा/डालसा के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में धरना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा, झारखंड।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जे.पी.एस.सी.) एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जे.एस.एस.सी.) की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में मंगलवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जे.एल.के.एम.) के बैनर तले लोहरदगा में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। धरना-प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जे.एल.के.एम. के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर नारेबाजी की। जे.एल.के.एम. के जिला अध्यक्ष ने कहा कि जे.पी.एस.सी. और जे.एस.एस.सी. परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, नकल और फर्जी अभ्यर्थियों के परीक्षा में शामिल होने जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने मांग की कि इन आरोपों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जे.पी.एस.सी. एवं जे.एस.एस.सी. की संदिग्ध परीक्षाओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने, जिन परीक्षाओं में धांधली के आरोप हैं उन्हें रद्द करने तथा भविष्य की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से आयोजित कराने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा। धरना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम में जे.एल.के.एम. के प्रखंड पदाधिकारी, महिला इकाई, युवा कार्यकर्ता और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद उपायुक्त के प्रतिनिधि ने संगठन की मांगों को शीघ्र राज्य सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# शहरी पी.एम आवास योजना फेज 2.0 मे भारी भ्रष्टाचार

**लखीमपुर खीरी –** भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण पी एम आवास योजना दलालो और डूडा कर्मचारियो की कमाई का अडडा बनकर रह गई है। सूत्र बताते है कि प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना मे डूडा से निकाले गए कर्मचारी महेश कुमार और एम आई एस आपरेटर विजय कुमार. लाभार्थियो से अवैध वसूली. कर रहे है इनका पैसा लेते हुए वीडियो बतौर साक्ष्य मौजूद है जो पी.ओ.डूडा संगीता सिंह को दिया जा चुका है शिकायत कर्ता विपनेश बंसल के बताए अनुसार इससे पहले भी शिकायत साक्ष्य के साथ पी ओ. डूडा से की गई थी लेकिन. कोई कार्रवाई अमल मे नही लायी गई। साक्ष्य समेत शिकायत के बाद कोई कार्रवाई न किया जाना पी ओ डूडा और सी एल टी सी मधुकर तिवारी की मिलीभगत होने की पुष्टि करने को काफी है। परियोजना अधिकारी डुडा की खाऊ कमाऊ नीति से आहत आर टी आई एक्टिविस्ट विपनेश कुमार ने जिलाधिकारी खीरी को शिकायत कर भ्रष्टाचार मे लिप्त लोगो और उनके खिलाफ कार्रवाई न करने वाली पी ओ डूडा संगीता सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायत मे शिकायत कर्ता का आरोप है कि जब महेश कुमार को निकाल दिया गया है तो यह लाभार्थियो से अवैध वसूली किसके आदेश से कर रहे है?इनके पास डूडा की फाइले कैसे पहुचती हैआखिर किसके आदेश से एम आई एस आपरेटर विजय कुमार महेश को लेकर लाभार्थियो से वसूली कर रहे है उक्त लोगो को पैसा लेते कैमरे मे कैद कर लिया गया। विभागीय सूत्र ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कई अहम राज खोले है मिली जानकारी के मुताबिक कई कथित दलाल सी एल टी सी के संरक्षण मे फील्ड मे जियो टैग और फाइल जमा करने के नाम पर लूट घसोट करते देखे जा सकते है।शिकायत कर्ता ने अवैध वसूली मे लिप्त महेश कुमार, विजय कुमार एम आई एस आपरेटर और इनको संरक्षण देने वाले सी एल टीसी मधुकर तिवारी और पी ओ डूडा. के विरूदध निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगो के विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की है पी ओ डूडा संगीता कुमारी ने बताया कि महेश कुमार को काफी पहले निकाल दिया गया और आपरेटर की जानकारी हमे मिली है कार्रवाई की जायेगी।

# वर्षा ऋतु में भी पेयजल संकट बरकरार, ग्रामीण परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा ऋतु के दौरान भी पेयजल संकट गहराया हुआ है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं जल एवं स्वच्छता विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को, स्वच्छ पेयजल के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोग बहियार स्थित पुराने कुओं तथा सिंचाई कूपों से पेयजल लाने को विवश हैं। प्रखंड की बंगाल सीमा से सटे जामसोल नीचे टोला, स्थान पहाड़ी गांव के चट्टान टोला, तालवा के तोड़े टोला, धावाडंगाल ग्राम के सागा टोला तथा विद्यालय टोला सहित कई अन्य बस्तियों में नलकूप लंबे समय से खराब पड़े हैं। इसके कारण ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। धावाडंगाल विद्यालय में भी नलकूप एवं जल टंकी खराब होने से विद्यार्थियों को कुएं से पेयजल लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। इससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि यदि खराब पड़े नलकूपों की समय पर मरम्मत करा दी जाए तो पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। उनका आरोप है कि न तो पंचायत स्तर पर चापाकलों की मरम्मत कराई जा रही है और न ही जल एवं स्वच्छता विभाग इस दिशा में कोई ठोस पहल कर रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से अविलंब खराब नलकूपों की मरम्मत कराकर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सहजकर्ता दल के अंतिम बैच का प्रशिक्षण संपन्न, पंचायत विकास योजनाओं की दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत पंचायत के सहजकर्ता दल के अंतिम बैच का प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षक सोहराब अली एवं दिलीप बास्की ने सहजकर्ता दल के सदस्यों को बाल सभा एवं महिला सभा के गठन, उनकी भूमिका तथा महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल शोषण एवं बाल मजदूरी पर रोक लगाने के साथ-साथ बच्चों से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता देना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने, ग्राम सभा के प्रभावी संचालन तथा पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने जीपीडीपी में पेसा कानून के अनुरूप योजनाओं को शामिल करने पर बल दिया। साथ ही बताया कि एक वर्ष की विकास योजना ग्राम पंचायत में सुरक्षित रखी जाएगी तथा इसकी जानकारी संबंधित सभी विभागों को पत्राचार के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) एवं दिव्यांगजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा संकल्प के अनुरूप योजनाओं का चयन करने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण में गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका वाला गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जलयुक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव तथा महिला हितैषी गांव जैसे विभिन्न विषयों पर कार्य करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समन्वयक नरेश सोरेन, उदय ओझा, मुखिया सुनीता मरांडी, पंचायत सचिव पानेश्वर मरांडी, पंपा माझी, संतोष बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बरही चौक पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर उपायुक्त ने किया पुष्प अर्पित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को बरही चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उपविकास आयुक्त रिया सिंह एवं झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड की पहचान, आदिवासी-मूलवासी समाज के अधिकारों तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि बरही चौक का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन चौक किए जाने का प्रस्ताव जिला परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा शीघ्र ही यहां दिशोम गुरु की प्रतिमा स्थापित कर उसका विधिवत अनावरण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार एवं उपविकास आयुक्त रिया सिंह ने भी दिशोम गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय एवं झारखंड के निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया, आवास बोर्ड के चेयरमैन प्रो. जानकी यादव, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, केंद्रीय सदस्य विकास राणा, जिला प्रवक्ता कुणाल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बिहार में जमीन के नाम पर 1 करोड़ की ठगी, आरोपी बिल्डर पटना से गिरफ्तार

**पटना।** श्रीकृष्णापुरी थाना पुलिस ने जमीन दिलाने का झांसा देकर पांच लोगों से एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले आरोपित बिल्डर भूषण कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिले का निवासी है और पटना ग्रीन हाउसिंग लिमिटेड नामक फर्म का निदेशक है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को एएन पथ इलाके से गिरफ्तार किया। मामले की जांच में सामने आया है कि बिल्डर ने बिहटा और आसपास के अन्य प्रमुख इलाकों में जमीन का टुकड़ा दिलाने का झांसा देकर महज तीन महीनों के भीतर पांच अलग-अलग लोगों से एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम ऐंठ ली। तय समय बीत जाने के बाद भी जब खरीदारों को न तो जमीन का कब्जा मिला और न ही उनके पैसे वापस लौटाए गए, तब पीड़ितों ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। पीड़ितों में भोजपुर की रहने वाली कांति कुमारी भी शामिल हैं, जो वर्तमान में राजाबाजार इलाके में रहती हैं। उन्होंने आरोपित के साथ बिहटा में 1200 स्क्वायर फीट जमीन के लिए बाकायदा एग्रीमेंट किया था और इसके एवज में 20.75 लाख रुपये का भुगतान किया था।

# मुर्तिहा में 11 वां तेंदुआ पिंजरे में कैद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही।** उत्तर निघासन वन रेंज के लट्ठौहा बीट क्षेत्र में मंगलवार तड़के वन विभाग को एक और बड़ी सफलता मिली। मुर्तिहा ग्राम पंचायत के कटैला फार्म में केवल सिंह के घर के पास लगाए गए पिंजरे में एक मादा तेंदुआ कैद हो गया। लगातार घरों में घुसकर पशुओं पर हमला कर रहे तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के अनुसार मंगलवार सुबह करीब तीन बजे तेंदुआ शिकार की तलाश में पिंजरे में घुस गया, जहां पहले से चारे के रूप में बकरी बांधी गई थी। सूचना मिलते ही वन दरोगा राकेश कुमार और वन कर्मी के साथ मौके पर पहुंचे और तेंदुए को सुरक्षित रेंज कार्यालय भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से तेंदुआ गांव और आसपास के गन्ने के खेतों में देखा जा रहा था। वह कई बार आबादी में घुसकर पशुओं पर हमला कर चुका था, जिससे लोगों में दहशत का माहौल था। किसान खेतों में अकेले जाने से बच रहे थे और पशुपालक भी मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने क्षेत्र में कई स्थानों पर पिंजरे लगाए थे, जिनमें से एक में यह तेंदुआ कैद हो गया। सिंगाही चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए मादा तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर निघासन वन रेंज में अब तक 11 तेंदुओं को सुरक्षित रेस्क्यू कर पकड़ा जा चुका है, जो जिले में सर्वाधिक है। वन्यजीवों की गतिविधियों को देखते हुए क्षेत्र में अभी भी कई स्थानों पर पिंजरे लगाए गए हैं।वन विभाग का मानना है कि दुधवा टाइगर रिजर्व और कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र से सटे होने तथा गन्ने की घनी फसल के कारण यह इलाका तेंदुओं की आवाजाही के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है।

### ओबरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, विभिन्न मामले में वांछित वारंटी गिर तार

**ओबरा/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा न्यायालय से निर्गत वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मु यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।मंगलवार दिनांक 04.08.2026 को थाना ओबरा के उ0नि0 रामसागर पटेल मय हमराह हे0का0 अशोक कुमार द्वारा क्षेत्र में देखभाल, रोकथाम अपराध एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर शारदा मंदिर के पास से दबिश देकर धारा 138 ह्ह्ढ ष्ह्ल के 03 अलग-अलग मुकदमों में वांछित/वारंटी अभियुक्त संजय कुमार विश्वास पुत्र स्व0 सुशील कुमार विश्वास निवासी गैस गोदाम रोड, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 49 वर्ष (प्रोपराइटर- मैसर्स अपर्णा एंटरप्राइजेज) को गिर तार किया गया। गिर तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा निर्गत वारंटों के अनुपालन में आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

# बिहार के 5 पुरातात्विक स्थलों का होगा कायाकल्प, मुख्यमंत्री ने एक्शन प्लान तैयार करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों बोधगया, सुल्तानगंज, मंदार और विश्व प्रसिद्ध केसरिया स्तूप के संरक्षण, वैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्खनन एवं समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। सरकार का उद्देश्य इन धरोहरों के ऐतिहासिक महत्व को नए सिरे से स्थापित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण का केंद्र बनाना है।

**प्रतिनिधिमंडल ने किया सर्वे**

देश के वरिष्ठ पुरातत्वविदों एवं विशेषज्ञों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को कैमूर जिला स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों के विस्तृत सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंदिर परिसर में बिखरे हजारों प्राचीन भग्नावशेषों का वैज्ञानिक पद्धति से पुनर्स्थापन, संरक्षण तथा प्रलेखन किया जा सकता है। उससे यह संपूर्ण परिक्षेत्र भारतीय पुरातात्विक धरोहर के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञों की अनुशंसा के अनुरूप चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में कैमूर क्षेत्र के तिलहाड़ कुंड, करकटगढ़ तथा अन्य प्राकृतिक एवं प्रागैतिहासिक महत्व के स्थलों को एकीकृत रूप से विकसित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। ये स्थल बनारस-कोलकाता एक्सप्रेस-वे से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं।

**ईको-टूरिज्म के रूप में होंगे विकसित**

विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य, प्रागैतिहासिक महत्व और पुरातात्विक संभावनाओं से समृद्ध यह क्षेत्र बिहार के नए हेरिटेज एवं इको टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित हो सकता है। इन स्थलों के वैज्ञानिक संरक्षण और व्यवस्थित विकास के बाद इन्हें यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में सम्मिलित कराया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती के नीचे अब भी अनेक महत्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहरें सुरक्षित हैं, जिनकी वैज्ञानिक पहचान, उत्खनन और संरक्षण से राज्य के इतिहास के अनेक नए अध्याय सामने आ सकते हैं। इससे सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति मिलेगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**महाबोधि परिसर का होगा लिडार-जीपीआर सर्वेक्षण**

मुख्यमंत्री ने बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर और उसके आसपास अत्याधुनिक लाइट डेटेक्शन एंड रैंगिंग (लिडार) तथा ग्राउंड प्रेनेट्रेशन रडार (जीपीआर) तकनीक से सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया। इन तकनीकों के माध्यम से बिना खोदाई किए भूमि के भीतर संभावित पुरातात्विक संरचनाओं और अवशेषों की वैज्ञानिक पहचान की जा सकेगी। बैठक में सुल्तानगंज और मंदार क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों के संरक्षण, समेकन और समग्र विकास पर भी विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े बौद्ध स्तूपों में से एक केसरिया स्तूप के शेष हिस्से के वैज्ञानिक उत्खनन का निर्देश दिया। अब तक इस विशाल स्तूप का केवल आंशिक उत्खनन हुआ है। पूर्व में इस स्तूप के उत्खनन एवं संरक्षण कार्य में डा. केके मोहम्मद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा की कार्यशाला आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य का जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं अभियान के जिला संयोजक आशू मिश्रा ने भी जिला अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। मंच पर वासुदेव मौर्य, अरविंद गुप्ता, आशू मिश्रा, अनुराग मिश्रा, मनोज वर्मा, रश्मि गुप्ता, अमित सिंह और उमेश शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर समाज को जोड़ने का अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं ने सदैव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है तथा समाज को संगठित करके ही भारत को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के गौरव, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि 11 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराए तथा अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्राओं में भाग ले। उन्होंने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी और इसके साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक आशू मिश्रा ने बताया कि 10 से 13 अगस्त तक प्रत्येक मंडल स्तर पर अलग-अलग तिरंगा यात्राएं आयोजित होंगी। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर भव्य तिरंगा यात्रा विलोबी मेमोरियल से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः वहीं संपन्न होगी। उन्होंने सभी से 13 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा लगाने तथा 15 अगस्त को शाम पांच बजे तक सम्मानपूर्वक उतारने की अपील की। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस भी निकाला जाएगा।कार्यशाला में अनुश्री जायसवाल, दिव्या सिंह, किरण अग्रवाल, रामजी मौर्य, देवदत्त चड्ढा, संजय गुप्ता, शौर्य सक्सेना, शरद मिश्रा, सुदीप निगम, सुमित मोदी, आशीष गुप्ता, राजू अग्रवाल, निष्कर्ष मिश्रा, राहुल मिश्रा, अजय अवस्थी, अंबरीश सिंह, कीर्ति गुप्ता, अंजू साहनी, अंकित अवस्थी और जितेंद्र साहनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन किया।

# संक्षिप्त खबरें

## श्रावण मासः पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और शिवार्चन आरम्भ

**कोंच(जालौन)-** श्रावण मास के पावन अवसर पर मंगलवार को पटेल नगर स्थित शिव शक्ति सिद्ध पीठ मंदिर (नहर कोठी) में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं शिवार्चन का शुभारंभ हुआ। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। आयोजकों ने बताया कि मंदिर परिसर में 30 जुलाई से 27 अगस्त तक प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं विशेष शिव अर्चन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान लड्डू गोपाल हैं। पंडित शिवाकांत शास्त्री ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार सावन भगवान शिव का प्रिय माह है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा करने, रुद्राभिषेक करने और भगवान शिव का स्मरण करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर मांगलिक शर्मा, अरविंद, वंश दीक्षित, मयंक चौबे, अरुण सीरोठिया, नरेश, सोनू पांडा, मोनू, रानी गुप्ता, अनीता अग्रवाल, राखी पांडे, राधा सुहाने सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खरीद 400 रुपये और MRP 700 लुधियाना में 3 हजार लीटर देसी घी जब्त

**लुधियाना।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के सेहत विभाग ने मंगलवार को दीप नगर स्थित एक गोदाम पर छापेमारी कर करीब 3,000 लीटर देसी गाय का घी जब्त किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष चावला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह घी गुजरात से मंगवाया गया था। घी की खरीद लगभग 400 रुपये प्रति लीटर की दर से की गई थी, जबकि पैकेट पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 700 रुपये प्रति लीटर अंकित है। फिलहाल विभाग खरीद से जुड़े बिल, परिवहन दस्तावेज, उत्पाद की लेबलिंग और अन्य जरूरी रिकॉर्ड की जांच कर रहा है। डॉ. चावला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक खाद्य कारोबार संचालक (एफबीओ) के पास वैध एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण होना अनिवार्य है। इसके अलावा खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और बिक्री के दौरान स्वच्छता के मानकों का पालन करना, सही लेबलिंग करना व आवश्यक रिकॉर्ड सुरक्षित रखना भी जरूरी है।

## अमृतसर में वेटलिफ्टर लवप्रीत सिंह का ग्रैंड वेलकम, कॉमनवेल्थ खेलों में जीता रजत पदक

**अमृतसर।** राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में रजत पदक डालने वाले अमृतसर के होनहार वेटलिफ्टर लवप्रीत सिंह मंगलवार को गुरु नगरी पहुंचे। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर परिवार के सदस्यों, समर्थकों और खेल प्रेमियों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने लाल की उपलब्धि पर परिजनों के साथ-साथ खेल प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले लवप्रीत सिंह ने एक बार फिर देश और पंजाब का मान बढ़ाया है। इससे पहले वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता था, जबकि इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक से वह महज एक किलोग्राम के अंतर से चूक गए। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ने उनसे एक किलोग्राम अधिक वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वागत के दौरान लवप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतना उनके लिए गर्व की बात है, लेकिन उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।

# बिधनू थाना क्षेत्र के खेत में हाईटेंशन तार गिरा, किसान की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र के जगदीश पुर गांव में मंगलवार सुबह एक खेत में हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से बड़ा हादसा हो गया,,,11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से 30 वर्षीय किसान कपिल कुरील की मौत हो गई। उन्हें बचाने के प्रयास में दो मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आपको बताते चलें कि घटना मंगलवार सुबह 11 बजें हुई,, जगदीश पुर गांव निवासी कपिल कुरील पुत्र शिवदत्त, अपने खेत में मजदूरों के साथ धान की रोपाई की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजरी 11 हजार केवी एचटी लाइन का जर्जर तार अचानक टूट कर पानी भरें खेत में गिर गया। खेत में पानी भरा होने के कारण पूरे खेत में करेंट फैल गया, और कपिल उसकी चपेट आ गए, उन्हें तड़पता देख खेत में दूसरे हिस्से काम कर रहे मजदूर अमन 18 वर्ष पुत्र कल्लू सिंह,और सृष्टि 20 वर्ष पुत्री बालकिशन, बचाने दौड़े, जिससे वह भी करेंट की चपेट में आ कर गंभीर रूप से



घायल हो गए,, ग्रामीणों ने चीख-पुकार सुनकर तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद बिजली आपूर्ति बंद की गई, तीनों घायलों को खेत से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने कपिल कुरील को म्रत घोषित कर दिया,घायल मजदूर अमन और सृष्टि का इलाज जारी है, पुलिस ने किसान कपिल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद म्रतक कपिल की पत्नी सुधा और उनकी दो मासूम बेटियों का बुरा हाल है कपिल अपने परिवार के एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि एचटी लाइन के तार लंबे समय से जर्जर थे उनकी शिकायत के बावजूद तारों को बदला नहीं गया था। बिजली विभाग के अवर अभियंता करन सिंह ने म्रतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। लेखपाल कल्पना गुप्ता ने भी घटना की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी है। बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएंगी।

## नीमगाँव पुलिस ने तीन अंतर्जनपदीय साइकिल चोरो को पकड़ा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** नीमगाँव पुलिस ने सोमवार को तीन अंतर्जनपदीय साइकिल चोरो को गिरफ्तार किया उनके पास से तीन चोरी की साइकिल बरामद की, सिकंदराबाद चौकी इंचार्ज राम गौरव ने बताया सोमवार दोपहर पुलिस गस्त के दौरान सिकंदराबाद के पिकट भुलैयाखेड़ा गांव के पास मोड़ के पास संदिग्ध अवस्था मे तीन युवको को देखा, उनसे कडाई से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म कबूला, सभी आरोपी शाहजहांपुर जिले के रहने वाले है। जिनमे 1.जाबिर अली पुत्र कादिर अली निवासी ग्राम नगला बलेटू थाना सिधौली जिला शाहजहाँपुर 2. मुबारिक अली पुत्र शमशाद अली निवासी ग्राम नगला बलेटू थाना सिधौली जिला शाहजहाँपुर 3. वसीम शाह पुत्र शेर अली शाह निवासी ग्राम नगरा बलेटू थाना सिधौली जिला शाहजहाँपुर जिन्हे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रमुख रूप से चौकी प्रभारी सिकंदराबाद राम गौरव व हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र शुक्ला, निसार अहमद और सुग्रीव गंगवार,सामिल रहे।

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हुआ कमिश्नरेट साइबर थाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से कानपुर कमिश्नरेट के साइबर थाने को आधुनिक संसाधनों और उन्नत तकनीक से सुसज्जित कर सिविल लाइंस स्थित नए भवन में स्थानांतरित किया गया है। नए साइबर थाने में विशेष तकनीकी प्रकोष्ठ, आधुनिक सॉफ्टवेयर और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल वित्तीय अपराध समेत अन्य साइबर मामलों की जांच अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक तरीके से करेगी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा तथा अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध संकल्प शर्मा ने नवनिर्मित साइबर थाने का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए थाने को नवीनतम तकनीक और आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया गया है। यहां सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर), प्रभारी निरीक्षक साइबर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से साइबर अपराधों की जांच में तेजी आएगी और पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से राहत उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। यहां प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम संयुक्त रूप से कार्य करेगी, जिससे साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल वित्तीय अपराध एवं अन्य साइबर अपराधों की जांच अधिक वैज्ञानिक, प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से की जा सकेगी।

नए साइबर थाने में सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर), प्रभारी निरीक्षक साइबर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात रहेंगे, जिससे साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई की गति और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# वार्ड 35 में दो करोड़ की सड़क निर्माण योजना का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 35 में डाबा-लोहारा मार्ग पर डाबा से स्टार पब्लिक स्कूल तक लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीमेंट-कंक्रीट (आरएमसी) सड़क के निर्माण कार्य का विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने शुभारंभ किया। विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के सभी शहरों और वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के सड़क, गलियां, सीवर, पेयजल तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डाबा-लोहारा मार्ग क्षेत्र की प्रमुख सड़कों में से एक है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। सड़क बनने से यातायात सुगम होगा, क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को लंबे समय तक बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। लोगों के सहयोग से पूरे क्षेत्र को आधुनिक, सुंदर और विकसित बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड संख्या 35 के पार्षद जगदेव सिंह धुन्ना ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग थी, जिसके पूरा होने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर चरणजीत सिंह, नगिंदर सिंह, बलजीत सिंह, प्रिंस सोनी, गुरइकबाल सिंह, अर्शदीप सिंह, जसपाल सिंह, अमरजीत प्रधान, गुरविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर तरह से पुख्ता इंतज़ाम किए जाएंगे: MLAब्रह्म शंकर जिम्पा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**होशियारपुर-** MLA ब्रह्म शंकर जिम्पा ने आज यहां डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में संबंधित विभागों के अधिकारियों और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की और आने वाले दिनों में माता चिंतपूर्णी जी के मेलों के मद्देनजर अलग-अलग इंतज़ामों और तैयारियों का जायज़ा लिया और कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर तरह से पुख्ता इंतज़ाम किए जाएंगे। होशियारपुर से जुड़े अलग-अलग धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ माता चिंतपूर्णी के मेलों के लिए ज़रूरी इंतज़ामों पर चर्चा करते हुए MLA ब्रह्म शंकर जिम्पा ने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने को लेकर ज़िले की सीमा के अंदर सही इंतज़ाम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जगहों पर लगने वाले लंगरों के लिए ज़रूरी सुविधाओं के साथ-साथ साफ़-सफ़ाई का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा, ताकि देश के अलग-अलग कोनों से आने वाली संगत को किसी तरह की दिक्कत न हो। धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा ट्रांसपोर्टेशन के इंतज़ामों के बारे में उठाए गए मुद्दों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों के ध्यान में लाते हुए, MLA ब्रह्म शंकर जिम्पा ने सड़कों की ज़रूरी मरम्मत को प्राथमिकता के आधार पर पक्का करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टेशन, सफ़ाई, रात में लाइटिंग, लंगर वाली जगहों पर बिजली सप्लाई और पीने के पानी के इंतज़ाम पर खास ध्यान दिया जाए, ताकि संगत को ये सुविधाएँ मिल सकें। MLA ब्रह्म शंकर जिम्पा ने कहा कि अलग-अलग इंतज़ामों के साथ-साथ मेडिकल मदद भी पक्की की जानी चाहिए, ताकि किसी भी इमरजेंसी में तुरंत मेडिकल मदद दी जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा इंतज़ामों को भी पूरी प्राथमिकता दी जानी चाहिए और भक्तों के लिए आने-जाने का रास्ता आसान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे हर समय सफ़ाई रखी जानी चाहिए, ताकि माता चिंतपूर्णी जी के दर्शन के लिए जाते समय भक्तों को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि संस्थाओं और सरकारी विभागों के बीच आपसी और अच्छे तालमेल से इन धार्मिक आयोजनों को और भी बेहतर तरीके से किया जा सकता है, जिसके लिए सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने को देखते हुए, ब्रह्म शंकर जिम्पा ने पुलिस अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए और कहा कि माता चिंतपूर्णी जी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल जाते हैं, जिन्हें हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करने तक कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट और नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों से कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत होनी है, उन्हें बिना देरी के पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वह सक्षम अधिकारी से बात करेंगे और मेले के दिनों में भारी वाहनों को बाईपास से निकालने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे। उन्होंने धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार जहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था करेगी, वहीं वह खुद पिछले सालों की तरह इन सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे ताकि श्रद्धालुओं के लिए यात्रा सुगम हो सके। इस मौके पर एडिशनल डिप्टी कमिश्नर राकेश कुमार मीणा, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर निधि कुमुद बंबाह, म्युनिसिपल कमिश्नर ज्योति बाला मट्टू के अलावा धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि कृष्ण गोपाल आनंद, भारत भूषण वर्मा, दिनेश चंद्र, दलजीत सिंह, दीपक मेहरा, अश्वनी कुमार शर्मा, मनमोहन भट्टी, ओंकार संधू, राजन शर्मा, अशोक कुमार, परमजीत, धर्मेंद्र कुमार, विक्रमजीत, अविनाश, राजिंदर राणा के अलावा अलग-अलग विभागों के सीनियर अधिकारी मौजूद थे।

# बटाला पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार 4.0 के तहत 102 आरोपियों को गिरफ्तार किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बटाला-** डॉ. मेहताब सिंह SSP बटाला ने बताया कि गौरव यादव डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस, पंजाब के निर्देशों के अनुसार और हरमनबीर सिंह गिल, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस, बॉर्डर रेंज अमृतसर की देखरेख में, बटाला पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार 4.0 के तहत गैंगस्टरों, ड्रग तस्करी, अवैध हथियारों और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ एक खास अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान, जिला पुलिस द्वारा विशेष टीमें बनाई गई हैं और संदिग्धों, वांछित आरोपियों और गैंगस्टरों के साथियों और उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई है। इसके अलावा, संवेदनशील इलाकों की घेराबंदी करके उन इलाकों में तलाशी ली जा रही है। इस ऑपरेशन के



दौरान, 102 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, 56 ग्राम हेरोइन, 120 गोलियां, 150 ग्राम सोना, 01 मोटरसाइकिल, 64 निवारक कार्रवाई, 05 PO गिरफ्तार किए गए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रहार के तहत 04 SPs, 08 DSPs, 355 NGOs और 435 EPOs को तैनात किया गया था। जिला पुलिस चीफ ने कहा कि बटाला पुलिस ऑर्गनाइज्ड क्राइम, गैंगस्टरिज्म और ड्रग ट्रैफिकिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपना रही है। आम लोगों की सुरक्षा और लॉ एंड ऑर्डर को और मजबूत करने के लिए ऐसे स्पेशल ऑपरेशन आगे भी जारी रहेंगे। बटाला पुलिस लोगों से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या क्रिमिनल एक्टिविटी के बारे में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या पुलिस हेल्पलाइन पर जानकारी दें। जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से कॉन्फिडेंशियल रखी जाएगी।

# 'खामोशियाँ' कविता संग्रह का साहित्यकारों के बीच लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमृतसर-** एकम साहित्य मंच, अमृतसर की मुख्य संपादक एवं एकम पत्रिका की संपादक आरतींदर संधू की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में साहित्यकार एस. प्रशोत्तम ने अपने नवप्रकाशित कविता संग्रह 'खामोशियाँ' को साहित्यकारों के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया। बैठक में एकम साहित्य मंच के साथ राब्ता मुकालमा साहित्य मंच के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस दौरान साहित्यिक गतिविधियों, विचार-विमर्श और आगामी साहित्यिक आयोजनों पर चर्चा की गई। एस. प्रशोत्तम ने उपस्थित साहित्यकारों को अपने कविता संग्रह 'खामोशियाँ' की प्रतियां भेंट कीं। साहित्यकारों ने संग्रह का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, कविता संग्रह पर शीघ्र ही एक विशेष परिचर्चा आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं आरतींदर संधू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा चाय-परिचर्चा का आयोजन किया। इस अवसर पर उस्ताद ग़ज़लगो



सरबजीत संधू, हरजीत सिंह संधू, विश्व पंजाबी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतविंदर सिंह ओठी, साहित्य, कला एवं संस्कृति प्रचारक सिफर सतबीर सिंह, मलकीत सिंह राशि, कवयित्री कंवलप्रीत कौर थिंद, भाई राजखुशवंत सिंह संधू, पंकज सिंह सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। वहीं वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक सतनाम मानक, प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. सुरजीत जज, वरिष्ठ नाटककार केवल धालीवाल, कथाकार मुख्तार गिल, लोकगीत शोध अकादमी के अध्यक्ष रमेश यादव, संपादक अनुताश कमल गिल, मेघला जतिंदर औलख तथा प्रबंध संपादक आखर धरविंदर औलख ने भी 'खामोशियाँ' के प्रकाशन पर एस. प्रशोत्तम को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कीं।

## दुग्गल कॉलोनी के रुद्राभिषेक कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भगवान शिव का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किए

**नई दिल्ली।** दुग्गल कॉलोनी खानपुर में सावन के पावन मास में भगवान शिव के रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आध्यात्मिक आयोजन लोगों के लिए श्रद्धा का केंद्र बना।भाजपा के वरिष्ठ नेता राम नारायण खन्ना ने रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन कराया, जिसमें हजारों की संख्या में गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर भगवान भोले शंकर का आशीर्वाद लिया तथा प्रसाद ग्रहण किए। प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी राम नारायण खन्ना द्वारा सावन मास के पहले सोमवार को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया था।श्री खन्ना सभी धार्मिक अवसरों पर आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं,जिसमें भारी संख्या में भक्त जन उपस्थित होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा अपनी भक्ति एवं श्रद्धा से कार्यक्रम स्थल को पूरी तरह से आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करने में अपने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते हैं। श्री खन्ना ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि रुद्राभिषेक कार्यक्रम के आयोजन में हजारों लोगों ने उपस्थित होकर भगवान भोले शंकर का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किया।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** जुझारपुरा बंबा से कूंड़ा नहर पुल तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क के निर्माण और इसकी जिम्मेदारी किसी एक विभाग को सौंपने की मांग को लेकर मंगलवार को तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम अभिनव कुमार यादव को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क तीन विभागों नहर विभाग, मंडी परिषद और लोक निर्माण विभाग के चंगुल में फंसी होने के कारण इसके निर्माण की जिम्मेदारी कोई भी विभाग उठाने को तैयार नहीं है। इसी वजह से वर्षों से सड़क इसी हालत में पड़ी अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हिंगुटा से जुझारपुरा तक करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। इस मार्ग से हिंगुटा, कूंड़ा, चमरउवा, बरहल, खुटैला और मवासा सहित छह गांवों की लगभग 15 हजार की आबादी बुरी तरह प्रभावित है। सैकड़ों लोग रोजाना आवागमन के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। इसी मार्ग से स्कूली बच्चे, मरीज, किसान और व्यापारी आते-जाते हैं। किसानों को खाद-बीज लाने और अपनी उपज कोंच मंडी तक पहुंचाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को किसी एक विभाग के अधीन कर शीघ्र निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, शिवकुमार वर्मा, सूर्य प्रताप गुर्जर, कमलकांत परिहार, आशीष कुमार, जतिन कुमार, पंकज कुशवाहा, अमित, आशीष समेले सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें, फाजिल्का डिप्टी कमिश्नर का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फाजिल्का-** फाजिल्का की डिप्टी कमिश्नर अमृतप्रीत कौर संधू ने सभी संबंधित डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे व्यापारियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्दी और असरदार तरीके से समाधान पक्का करें। डिप्टी कमिश्नर ने एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) डॉ. मंदीप कौर के साथ मिलकर जिले के व्यापारियों के साथ एक स्पेशल रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें उनके मुद्दों पर चर्चा की गई और पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के तहत उनकी शिकायतों को हल करने में हुई प्रोग्रेस को मॉनिटर किया गया। मीटिंग में असिस्टेंट कमिश्नर हरबंस सिंह, स्थरू फाजिल्का जगराज सिंह, फाजिल्का विधानसभा क्षेत्र ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन लवीश चावला के अलावा पुलिस डिपार्टमेंट,




म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन/काउंसिल और दूसरे संबंधित डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारी शामिल हुए। मीटिंग के दौरान, व्यापारी समुदाय द्वारा उठाए गए अलग-अलग मुद्दों पर डिटेल में चर्चा हुई, जिसमें CCTV कैमरे लगाना और उनका काम करना, पुलिस पेट्रोलिंग, पार्किंग का इंतज़ाम, शहर में सफ़ाई, सीवरेज से जुड़ी समस्याएं और दूसरी नागरिक और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं शामिल थीं। डिप्टी कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों को हल करने के लिए तुरंत और ठोस कदम उठाने और यह पक्का करने का निर्देश दिया कि व्यापारियों को अपने बिज़नेस के काम करने में बेवजह परेशानी न हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि असली शिकायतों को हल करने में कोई भी लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित विभागों को पेंडिंग मामलों को समय पर निपटाने के लिए करीबी तालमेल बनाए रखने का निर्देश दिया। डिप्टी कमिश्नर ने मीटिंग में बताया कि जिले से जुड़ी बड़ी संख्या में शिकायतों का समाधान पहले ही किया जा चुका है, जबकि बाकी शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द हल किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन व्यापारी समुदाय को एक सुरक्षित, साफ और बिज़नेस के लिए अच्छा माहौल देने और यह पक्का करने के लिए कमिटेड है कि व्यापारियों की असली चिंताओं का हल अच्छे से और तय समय में किया जाए।

# सड़क पर अनावश्यक रुकने वाले वाहनों पर अभियान चलाकर होगी कार्यवाही - डीसीपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों - हैलेट अस्पताल मार्ग, गोल चौराहा, कार्डियोलॉजी मार्ग, रावतपुर तिराहा, मरियमपुर चौराहा, फजलगंज चौराहा एवं विजयनगर चौराहा का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी यातायात द्वारा यातायात व्यवस्था, अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन, सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण तथा प्रमुख चौराहों पर यातायात संचालन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया गया कि यातायात को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी चौराहों / तिराहों से कम से कम 100 मीटर तक ई-रिक्शा एवं ऑटो खड़े ना हो। हैलेट अस्पताल मार्ग एवं कार्डियोलॉजी मार्ग के आसपास मरीजों एवं तीमारदारों की अधिक आवाजाही को दृष्टिगत रखते हुए अवैध पार्किंग हटाने तथा सड़क पर अनावश्यक रुकने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अस्पताल क्षेत्रों में एम्बुलेंस एवं अन्य मरीज वाहनों के निर्बाध एवं त्वरित आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए। उनके द्वारा बताया गया कि 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' का उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

# कक्ष समिति अध्यक्ष पद पर राकेश जायसवाल निर्विरोध निर्वाचित, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राहुल जायसवाल

**नैनी, प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज के जोन-05 में मंगलवार को कक्ष समिति अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं वार्ड संख्या-20 (चक रघुनाथ) के पार्षद राकेश जायसवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए।जोन-05 के सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से उनके नाम का समर्थन किया, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। निर्वाचन के उपरांत पार्षद सोनू यादव,दिलीप जायसवाल,नामित पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केशरवानी,दीपचंद्र (मुन्ना), रूबी पासवान,अनूप पासी, प्रदीप महरा शास्त्री, संजय पासवान,बलराज पटेल, आलोक, मंचो सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने राकेश जायसवाल को बधाई देकर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर हरे कृष्ण तिवारी, नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, दिनेश सिंह, घनश्याम जायसवाल, धनीराम मिश्रा, गुड्डू (गुडविल गैरेज), बृजेश सिंह, योगेश सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सीमेंट, आशु सिंह, चंद्रभूषण सिंह, संजय जायसवाल, सुजीत जायसवाल, मुन्ना शर्मा, समर सिंह, श्याम, भुसावर जायसवाल, सत्या जायसवाल, आनंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।



निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद राकेश जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता तथा प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व एवं सभी पार्षदों ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे। साथ ही सभी पार्षदों को साथ लेकर जोन-05 के समग्र विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# जलस्तर बढ़ने से शारदा नदी उफान पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम हजारा में शारदा नदी का कटान एक बार फिर भयावह रूप लेने लगा है। लगातार हो रहे भू-कटान से किसानों में दहशत का माहौल है। नदी ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की कृषि भूमि को गन्ने की लहलहाती फसल सहित अपनी आगोश में समा लिया है। कटान की रफ्तार तेज होने से ग्रामीणों को अब अपने गांवों के अस्तित्व पर भी संकट मंडराता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी के मुहाने पर ग्राम हजारा, शास्त्रीनगर, सिद्धनगर और भरतपुर सहित कई गांव बसे हुए हैं। यदि समय रहते प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में इन गांवों पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। वहीं धनाराघाट पर शारदा नदी में करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुल पर भी कटान का खतरा मंडरा रहा है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण शारदा नदी के किनारे एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन से तत्काल कटान रोकने के लिए स्थायी सुरक्षा कार्य शुरू कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष भी दर्जनों किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि और फसलें शारदा नदी में समा गई थीं। उस समय क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान से मिलकर समस्या के समाधान की मांग की गई थी, लेकिन कोई ठोस



कार्रवाई नहीं हुई। परिणामस्वरूप इस वर्ष फिर से नदी का कटान शुरू हो गया है और हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि कटान प्रभावित क्षेत्र का तत्काल सर्वे कराकर तटबंध, बोल्डर पिचिंग तथा अन्य सुरक्षा कार्य कराए जाएं, जिससे किसानों की भूमि, फसल और गांवों को बचाया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है। प्रदर्शन के दौरान राकेश यादव, ग्राम पंचायत सदस्य परमात्मा, रामचंद्र लाल, राधेश्याम, रामलखन, रामकिशोर, रजनीश कुशवाहा, लक्ष्मण, पुतूलाल, हरसुवरन लाल सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार पर लगाये मनमानी और अनियमित्ताओं के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** चार वर्षो से एक ही तहसील में जमे नायब तहसीलदार पर अनियमितताओं और अवैध मनमानियों का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में संबंधित नायब तहसीलदार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पूरनपुर निवासी अधिवक्ता मुकेश गुप्ता एवं नौशाद अली ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में कहा कि जनपद पीलीभीत की तहसील कलीनगर मे विगत 4 वर्षो से कार्यरत नायब तहसीलदार अक्षय यादव घोर अनियमित्ताओं और अवैध मनमानियों में लिप्त हैं। शिकायती पत्र में कहा गया कि तहसील कलीनगर में विगत वर्ष 2022 से कार्यरत् नायब तहसीलदार अक्षय यादव के वाद कारियों से अबैध दुर्व्यवहार पूर्ण क्रिया कलापों से जन सामान्य आहत हैं। आरोप है कि नायब तहसीलदार अक्षय यादव द्वारा पत्रावलियों में नियमविरूद्ध कार्यो से धन उगाही और राजस्व नियमावली को दरकिनार कर न्याय व्यवस्था को भंग किया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया कि अधिवक्तागण कई बार उक्त के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं कि इनके कोर्ट में बिना अवैध धन दिये पत्रावली का निस्तारण नहीं किया जाता है। परन्तु परिणाम ढाक के तीन पात रहा है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि यदि उक्त नायब तहसीलदार की मनमानियां इसी प्रकार निरन्तर होती रही और समयावधि के बाद भी इनका स्थानान्तरण नहीं किया गया तो जनमानस के घोर रोष के कारण शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है। शिकायती पत्र में वादकारी हित में उक्त नायब तहसीलदार अक्षय यादव के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाने हेतु की मांग की गयी है।

# एचडीएफसी बैंक के सामने खुले नाले में गिरी बाइक, नगर निगम की लापरवाही उजागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने मंगलवार सुबह नगर निगम की बड़ी लापरवाही सामने आई। सड़क किनारे बने लगभग पांच फीट गहरे खुले नाले में एक बाइक सवार अचानक गिर पड़ा। बारिश के कारण सड़क पर जलभराव होने से नाला दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे यह हादसा हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक बाइक समेत नाले में जा गिरा और कुछ देर तक बाहर नहीं निकल सका। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दौड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान इस स्थान पर पानी भर जाने से खुले नाले का पता



नहीं चलता। नगर निगम द्वारा नाले को ढकने या सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग नहीं की गई है। यही कारण है कि यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और राहगीरों की जान जोखिम में बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से खुले नाले को तत्काल ढकने, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मतुआ समाज ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के जन्मदिवस पर काटा केक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के संघाधिपति एवं केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर का जन्मदिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर माधोटांडा रोड स्थित रिछोला गांव में ऑल इंडिया मतुआ महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जय किशन मंडल के आवास पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केक काटकर केंद्रीय मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल जनसेवा जीवन की कामना की गई। समारोह में मतुआ समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान समाज की एकजुटता, सामाजिक उत्थान, शिक्षा के प्रसार, संगठन विस्तार और समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के नेतृत्व में मतुआ समाज को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान और सशक्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष जय किशन मंडल ने कहा कि शांतनु ठाकुर का जन्मदिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज से संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हरजिंदर सिंह कहलो, ग्राम प्रशासक उत्तम दलाल, नरेश मल्लिक, पूर्व ग्राम प्रधान मनोज राय, अभिजीत ढाली, ग्राम प्रशासक विश्वनाथ, मिथुन डे, विश्वजीत डे, जीवन हलदार, विष्णु हलदार, अजीत डे, मंजीत सरदार, दीपक मंडल, विष्णु मजूमदार सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड तथा संबंधित अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग एवं प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मयंक गोस्वामी द्वारा विद्युत लाइनों, पोलों, ट्रांसफार्मरों तथा अन्य विद्युत उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया गया। एसडीएम श्री गोस्वामी ने अधिशासी



अभियंता को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा अवधि में सभी विद्युत व्यवस्थाएं पूर्णतः सुरक्षित एवं सुचारु रहें। जर्जर अथवा झूलते हुए तारों, खुले विद्युत उपकरणों एवं अन्य संभावित जोखिम वाले स्थलों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना को समाप्त करने हेतु आवश्यक निवारक उपाय किए जाएं। उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान विद्युत विभाग की टीमें सतत सक्रिय रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे कांवड़ यात्रा सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# भाकियू (अरा0) ने ट्रांस शारदा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर डीएम को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला उपाध्यक्ष राजबीर सिंह ने शारदा पार क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी पीलीभीत को सम्बोधित ज्ञापन थाना हजारा के थानाध्यक्ष को सौंपा है। जिला उपाध्यक्ष राजबीर सिंह ने कहा कि शारदा नदी के कटान से हर बर्ष किसानों की सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन शारदा नदी में समा जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार हर बर्ष करोड़ों रूपयों शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए बजट आवंटित करती है। लेकिन नदी का कटान रोकने के लिए सम्बन्धित अधिकारी केवल औपचारिकता निभाकर आवंटित बजट ठिकाने लगा देते हैं। लेकिन शारदा नदी का कटान निरन्तर चलता रहता है। बरसात से पहले नदी के कटान रोकने हेतू जिले के उच्च अधिकारी



मौन धारण किए रहते हैं।जिससे हर बर्ष स्थानीय किसान भूमिहीन हो रहे हैं तथा उनके आगे भविष्य में बहुत बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है।शारदा नदी के किनारे के ग्रामीण वासी नदी की तबाही के आगे वेव्स हैं।उनकी पीड़ा को कोई सुनने वाला नही है। जिला उपाध्यक्ष राजबीर सिंह ने कहा कि शारदा नदी के कटान रोकने हेतु हुए कार्यो की उच्च स्तरीय जांच होने चाहिए। साथ ही राजबीर सिंह ने किसानों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि यंत्रों की खरीद हेतु सब्सिडी देने की घोषणा की है।लेकिन कृषि यंत्र सब्सिडी हेतु ऑनलाइन पोर्टल की समस्या कृषि विभाग की आनलाइन सब्सिडी आवेदन वेबसाइट पिछले कई दिनों से सही प्रकार से कार्य नही कर रही है।जिससे किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी हेतु समय से आवेदन नही हो पा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि निकट होने से किसानों को डर है कि वेबसाइट न चलने से वह लोग बंचित रह जायेंगें। राजबीर सिंह ने इस समस्या से निजात दिलवाने की भी जिलाधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है। बताते चलें कि और भी तमाम किसानों की जटिल समस्याओं के हल की मांग जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह से की है।

# सेहरामऊ उत्तरी में मुख्य सड़क पर टहलता दिखाई दिया बाघ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** मुख्य मार्ग पर बाघ को टहलता देखा गया। जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सर्वाधिक आवाजाही होने वाले मार्ग पर बाघ की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत साफ तौर पर दिखाई दे रही है। जानकारी मिलते ही वन विभाग और पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। वहीं लोगों से रात में अकेले बाहर न निकलने की अपील की जा रही है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में सोमवार देर रात एक वयस्क बाघ मुख्य सड़क पर घूमता दिखाई दिया। गढ़ाकलां नवदिया से सेहरामऊ उत्तरी जाने वाले मार्ग पर रात करीब 11 बजे गश्त कर रही पुलिस टीम ने बाघ को सड़क पर चहलकदमी करते देखा। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षित दूरी से उसका वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की हेडलाइट पड़ते ही बाघ सड़क किनारे धान के खेत में घुस गया और ओझल हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी। घटना के बाद गढ़ाकलां नवदिया सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से रात में अकेले बाहर न निकलने, बाघ को उकसाने का प्रयास न करने तथा दिखने पर तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना देने की अपील की है।

# मोबाइल चोरी कर चालक के खाते से उड़ाए 2.97 लाख रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में माल लेकर आए मध्य प्रदेश के एक ट्रक चालक का मोबाइल चोरी कर अज्ञात साइबर बदमाशों ने यूपीआई के माध्यम से उसके बैंक खाते से 2.97 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने यह रकम अपनी बेटी की शादी के लिए बचाकर रखी थी। मामले में नैनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित वार्ड संख्या-33, यादव कॉलोनी, सटई रोड निवासी राम किशोर यादव पुत्र बलराम यादव 15 जून को ट्रक से माल लेकर नैनी डांडी, प्रयागराज आए थे। इसी दौरान उनका लगभग 12,700 रुपये कीमत का मोबाइल फोन अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मोबाइल चोरी की शिकायत उन्होंने 22 जून को यूपी कॉप पोर्टल पर दर्ज कराई थी। पीड़ित का आरोप है कि चोरी हुए मोबाइल नंबर के जरिए 16 जून से 23 जून के बीच यूपीआई के माध्यम से लगातार कई लेन-देन और ऑनलाइन खरीदारी की गई। इस दौरान उनके बैंक खाते से 2,97,000 रुपये निकाल लिए गए। पूरी रकम निकलने के बाद खाते में मात्र 16 रुपये ही शेष बचे। उन्होंने बैंक स्टेटमेंट भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। राम किशोर यादव ने बताया कि बाद में उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपना नाम मोहित यादव बताते हुए खुद को रेलवे कर्मचारी बताया। उसने कहा कि वह फिलहाल दिल्ली में है और लौटने पर मोबाइल वापस कर देगा। लेकिन जब पीड़ित उससे मिलने पहुंचा तो वह नहीं मिला और बाद में उसका मोबाइल भी बंद हो गया। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी के लिए वर्षो की मेहनत से यह रकम जमा की थी। घटना के बाद से वह लगातार थाना नैनी और पुलिस चौकी के चक्कर लगा रहा है। उसके पास कथित चोर का सीसीटीवी वीडियो भी मौजूद है, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है।प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर एसीपी करछना के निर्देशन में नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मोबाइल की लोकेशन, बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# पति के प्रेम सम्बंधों के चलते उत्पीड़न से तंग महिला पहुंची थाने

## पीड़िता की शिकायत पर पति सहित छः पर दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** महिला द्वारा पति और उसके ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे अतिरिक्त दहेज 2 लाख रुपए और एक मोटरसाइकिल) के लिए प्रताड़ित और मारपीट की जा रही थी। थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़िता का आरोप है कि उसके पति का संबंध एक अन्य महिला से है। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और बात करने गई, तो उसके पति, ज्योति और उसके परिजनों ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की तथा उसका गला दबाने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर 1 अगस्त 2026 को पति अनिल कुमार, ज्योति और 4 अन्य आरोपियों हरवंश, रामऔतार, पवन, सूरजमुखी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन अभियान के संयोजक एवं जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया। आयोजित बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर भव्य तिरंगा यात्रा दिनांक 13 अगस्त को निकाली जाएगी, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस गोष्ठी एवं मौन जुलूस निकालकर मनाया जाएगा, 13



अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महापुरुषों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम भी होना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है। इसके सम्मान के लिए ही भाजपा निरंतर काम कर रही है। इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को सभी भेदभाव मिटाकर जनपद में भव्य तिरंगा यात्रा निकालनी है और हर घर में तिरंगा लगाने का काम करना है। आगामी विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चाहे हो भी हो हम सब कार्यकर्ताओं को एक होकर भाजपा को विजयी बनाने के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गाईन, अनुराग अग्निहोत्री, चेयरमैन नगर पालिका परिषद पीलीभीत डॉक्टर आस्था अग्रवाल, चेयरमैन नगर पंचायत बरखेड़ा श्याम बिहारी भोजवाल, अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, मानसिंह राठौर, लेखराज भारती, विकास श्रीवास्तव, रेखा सिंह परिहार, अतिंदर पाल सिंह, आयुष मिश्रा, नमन प्रताप राजपूत, जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, ऋचा सिंह पटेल, विकास वाल्मीकि, अमित कुशवाहा, सत्यपाल वर्मा, रेनू राज, सृष्टि गुप्ता, पंकजा तिवारी, नागेन्द्र प्रताप, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, जिला कार्यालय मंत्री पुष्पा शुक्ला, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा महेश वर्मा, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा डालचंद वर्मा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सतनाम सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा चेतन शर्मा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा शांति स्वरूप सोनकर, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, जिला आईटी सह संयोजक पंकज प्रजापति, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक विजय सरकार, जिला सह कार्यालय मंत्री राम चरन लाल राठौर, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, महेंद्र राजपूत, सुमित सागर, सुमित गंगवार, इंद्रेश चौहान, कपिल सिंह, महेश राजपूत, हेमराज दिवाकर, सतीश पाण्डेय, रत्न शुक्ला, साकेत सक्सेना, विवेक शुक्ला, सर्वजीत सिंह, विवेक तिवारी, विनोद शर्मा, प्रतीक पांडे, सूरज बॉथम, अशोक खंडेलवाल उपस्थित रहे।

# श्री साई गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड यूनिवर्सिटी की मुख्य परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पूरनपुर के श्री साई गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं को यूनिवर्सिटी के द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। छात्राओं की इस उपलब्धि को लेकर महाविद्यालय के प्रबंधक ने उन्हें बधाई दी है। रुहेलखण्ड विश्विद्यालय की एम0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (अंतिम वर्ष) सत्र 2025-26 की परीक्षा में श्री साई गर्ल्स डिग्री कॉलेज पूरनपुर पीलीभीत का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमे महाविद्यालय एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर (अंतिम वर्ष) की छात्रा श्रृष्टि सिंह पुत्री श्री आदित्य कुमार सिंह ने 81.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर और एम0ए0 (हिंदी साहित्य) चतुर्थ सेमेस्टर (अंतिम वर्ष) की छात्रा रीमा कुशवाहा पुत्री श्री रामचन्द्र कुशवाहा ने 78.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दोनों छात्राओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी की



मुख्य परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और यूनिवर्सिटी द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान किया गया। दोनों छात्राओं द्वारा यूनिवर्सिटी द्वारा गोल्ड मैडल प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया है। महाविद्यालय के प्रबंधक रजत सक्सेना ने समस्त छात्राओं व स्टाफ को बधाई दी और हर्ष व्यक्त किया तथा साथ ही छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रबंधक रजत सक्सेना व महाविद्यालय के अध्यापक वर्ग को अच्छी शिक्षा अनुशासन व अच्छे परीक्षाफल हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में तौसीब अहमद, (इंचार्ज) डॉ0 निधि जौहरी (प्राचार्या), किशन विश्वकर्मा, विपिन सागर, प्रदीप कुमार देवल, संजीव कुमार, डॉ0 जेनिफर पैट्रिक, नीलोफर खान, सुद्धेय जौहरी, खुशबू पाल, साहिबा बी, कुलसुम जिया, शीतल रॉय, सिमरन सक्सेना, सुपर्णा सिंह, लक्ष्मी सिंह कोहली, निशि सिंह, आशिया नाज़ , एवं, लाल सिंह, अचल पाल, देवकी आदि स्टाफ उपस्थित था।

# बारिश ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, 200 गांवों में घंटों गुल रही सप्लाई

## निगोहां व समेसी उपकेंद्र के कई फीडरों में फॉल्ट, 4 से 13 घंटे तक बिजली बाधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां/नगराम।** मंगलवार तड़के हुई बारिश ने निगोहां और समेसी विद्युत उपकेंद्रों की बिजली व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी। विभिन्न फीडरों में तकनीकी खराबी और ब्रेकडाउन के चलते करीब 200 गांवों की बिजली आपूर्ति चार से 13 घंटे तक बाधित रही। भीषण उमस के बीच हजारों उपभोक्ताओं को बिना बिजली के परेशानी झेलनी पड़ी, वहीं धान की रोपाई कर रहे किसानों की सिंचाई भी प्रभावित हुई। निगोहां क्षेत्र में पुराहिया, मस्तीपुर, रघुनाथखेड़ा और दयालपुर फीडरों में फॉल्ट आने से निगोहां कस्बे समेत भगवानपुर, मदारीखेड़ा, दयालपुर, लालपुर, गोसाईखेड़ा और उदयपुर सहित दर्जनों गांवों की बिजली चार से छह घंटे तक ठप रही। निगोहां कस्बे में ट्रांसफार्मर से धुआं उठने के कारण भी आपूर्ति प्रभावित हुई। बिजली गुल होने से



मोबाइल टावर और इन्वर्टर भी जवाब दे गए, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, समेसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े समेसी, बहरौली, मीरखनगर और नगराम आईपीडीएस फीडरों में बारिश के दौरान फॉल्ट आने से करीब 200 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हरदोइया, भोलापुरवा, नेहरूनगर, बहरौली, मुकुंदखेड़ा, सिरौना, करोरवा, अनैया, खरगापुर सहित करीब 50 गांवों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक बिजली नहीं रही। वहीं समेसी फीडर से जुड़े करोरा, भोरा कला, केवली, मितौली, अचलीखेड़ा, समेसी, शंकरखेड़ा और गनेशखेड़ा समेत लगभग 60 गांवों में भोर से ठप हुई आपूर्ति करीब 12 घंटे बाद बहाल हो सकी। हालांकि कुछ देर बाद दोबारा फॉल्ट आने से सप्लाई फिर बाधित हो गई। बिजली संकट के कारण घरों में पंखे, कूलर और पानी की मोटरें बंद रहीं। उमस और पेयजल संकट से लोग दिनभर परेशान रहे। किसानों ने धान की रोपाई के दौरान बिजली की लगातार ट्रिपिंग और आपूर्ति बाधित रहने से सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत की। समेसी उपकेंद्र के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि बारिश के कारण विभिन्न फीडरों में फॉल्ट आ गया था। करोरवा और दोरिया के पास हाईटेंशन लाइन पर पेड़ों की डालियां गिरने से आपूर्ति बाधित हुई। इसके अलावा समेसी फीडर की ट्रॉली खराब होने के कारण 132 केवी पावर हाउस खुजेहटा से शटडाउन लेकर मरम्मत कराई गई। फॉल्ट दूर करने के बाद सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति क्रमशः बहाल कर दी गई।

# जर्जर ब्लॉक रोड के निर्माण एवं चौड़ीकरण की उठाई गई मांग

## सभासदों ने चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता को सौंपा ज्ञापन, मिला सड़क निर्माण का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** नगर पूरनपुर से देहात क्षेत्र पूरनपुर को जाने वाले मार्ग की हालत अत्यधिक दयनीय बनी हुई है। जर्जर सड़क पर होने वाले जलभराव के कारण लोगों का यहां से गुजरा मुहाल है। आए दिन टूटी-फूटी सड़क हादसों का कारण बनती है। जनहित के इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए सभासदों ने चेयरमैन को ज्ञापन सौंप कर सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण करवाने की मांग की है। जिस पर चेयरमैन ने जल्द सड़क का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया है। नगर पालिका क्षेत्र की नगर पालिका से पूरनपुर ब्लॉक रोड के चौड़ीकरण को लेकर सभासद नुसरत परवीन पत्नी तौफीक कादरी और सभासद नादिर रजा बरकाती ने चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सड़क चौड़ीकरण के दौरान आमजन की सुविधा, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तथा आवश्यक



जनसुविधाओं को सुरक्षित रखने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पूरनपुर ब्लॉक रोड नगर का प्रमुख मार्ग है, जिस पर गुरुद्वारा, नगर पालिका बिजली घर, गन्ना क्रय केंद्र, गायत्री मंदिर, पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय और तहसील सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। सड़क निर्माण न होने से इधर से गुजरने वाले कई गांव को लोगो को आवागमन में काफी दिक्कत होती है।इसके अलावा महिला चिकित्सालय आने-जाने वाली गर्भवती महिलाओं व मरीजों को असुविधा होती है। सभासदों ने चेयरमैन से जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण की योजना में आवश्यक संशोधन एवं सुरक्षा उपाय कराने का अनुरोध किया। चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सभासदों ने ज्ञापन दिया है। पहले जर्जर मार्ग की मरम्मत और बाद में हार्ड मिक्स बनवाने का आश्वासन दिया गया है।

# पत्नी-बेटे से विवाद के बाद रेलकर्मी की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

## ......क्रिकेट बैट व लात-घूंसों से पीटने का लगाया आरोप, दोनों हिरासत में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह होगी स्पष्ट, पुलिस सभी पहलुओं की कर रही जांच ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां।** निगोहां थाना क्षेत्र के मीराखनगर गांव में सोमवार देर रात घरेलू विवाद के बाद रेलवे कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की मां ने बहू और बड़े पोते पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पत्नी और बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मीराखनगर निवासी कैलाशनाथ गौतम (54) पुत्र रामप्यारे गौतम रेलवे के इंदौर अस्पताल में अनुकंपा के आधार पर अटेंडेंट के पद पर तैनात थे। वह पत्नी लज्जावती और दो बेटों शिवम उर्फ अरुण तथा अनुज के साथ रहते थे, जबकि उनकी मां रमापति अन्य बेटों के साथ अलग रहती हैं। परिजनों के मुताबिक सोमवार देर शाम किसी बात को लेकर कैलाशनाथ का पत्नी और बड़े बेटे से विवाद हो गया। आरोप है



मृतक फाइल फोटो - कैलाशनाथ गौतम

कि विवाद बढ़ने पर दोनों ने उनकी पिटाई कर दी। मृतक की मां रमापति का कहना है कि शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचीं तो बहू और पोते को क्रिकेट बैट तथा लात-घूंसों से कैलाशनाथ की पिटाई करते देखा। बीच-बचाव करने पर उन्हें भी धक्का देकर वहां से भगा दिया गया। कुछ देर बाद छोटा बेटा अनुज घर पहुंचा तो पिता को अचेत अवस्था में पड़ा पाया। वह उन्हें तत्काल रेलवे अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए। घटना की सूचना मृतक के भाई दुर्गेश कुमार ने निगोहां पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां रमापति ने थाने में तहरीर देकर बहू लज्जावती और बड़े पोते शिवम पर पिटाई कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**थाना प्रभारी निगोहां रवींद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध मौत का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों के बयान और उपलध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।**

# फर्जी किसान की गिरफ्तारी के बाद अब मास्टरमाइंड पर कार्रवाई की मांग

## ......वादी ने डीसीपी से मिलकर पूरे सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की लगाई गुहार, पुलिस बोली—साक्ष्य मिलने पर किसी को नहीं बख्शेंगे ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के सिसेंडी में करोड़ों रुपये की जमीन की कथित फर्जी रजिस्ट्री के बहुचर्चित मामले में अब मुख्य साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है। मुकदमे के वादी आशीष गुप्ता ने मंगलवार को डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक से मुलाकात कर आरोप लगाया कि पुलिस ने अब तक केवल फर्जी किसान के रूप में सामने आए आरोपी हीरालाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जबकि पूरे कथित सिंडिकेट के मास्टरमाइंड अब भी गिरफ्त से बाहर हैं। डीसीपी को दिए गए शिकायती पत्र में आशीष गुप्ता ने कहा कि मृतक किसान की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि की कथित फर्जी रजिस्ट्रियों और उससे जुड़े गिरोह के खिलाफ उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, लेकिन कार्रवाई केवल एक आरोपी तक सीमित रह गई। उनका कहना है कि जब तक पूरे गिरोह के सभी सदस्यों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक मामले का वास्तविक खुलासा नहीं माना जा सकता। वादी ने आरोप लगाया कि राजेश कुमार जायसवाल और अमन जायसवाल इस कथित फर्जीवाड़े के मुख्य साजिशकर्ताओं में शामिल हैं, लेकिन अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई की मांग की। आशीष गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जांच के दौरान चौकी प्रभारी संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए लाते हैं, लेकिन बाद में प्रभारी निरीक्षक रामबाबू सिंह उन्हें छोड़ देते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग उठाई। वादी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कराने के बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नामजद आरोपियों से जुड़े लोग उन्हें और उनके परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने डीसीपी से सुरक्षा उपलब्ध कराने और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। आशीष गुप्ता ने कहा कि यह मामला केवल एक फर्जी किसान की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि करोड़ों रुपये की जमीन के कथित फर्जीवाड़े से जुड़े एक संगठित नेटवर्क का है। ऐसे में पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश कर सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसे मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### डीसीपी बोले, साक्ष्य मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

**डीसीपी दक्षिणी मोहमद मुश्ताक ने बताया कि मामले की विवेचना गंभीरता और निष्पक्षता के साथ की जा रही है। गिरतार आरोपी से मिली जानकारी और उपलध साक्ष्यों के आधार पर अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि विवेचना के दौरान जिन व्यतियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बशा नहीं जाएगा।**

# सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश में अलग पहचान रखते हैं विधायक राजेश्वर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश्वर सिंह जो अपनी ही विधानसभा में नहीं बल्कि समूचे प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं चाहे गरीब हो या असहाय हमेशा मदद के लिए आगे रहते हैं। कोई कितना ही परेशान क्यों न हो चाहे आर्थिक तंगी से या किसी अन्य समस्या से ग्रसित हो चाहे सड़क बिजली पानी या शिक्षा सम्बन्धी समस्या को लेकर जो भी इनसे मिला उसकी समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया। सरोजनीनगर विधानसभा में आजादी के बाद शायद ही कोई ऐसा विधायक सरोजनीनगर की जनता को मिला हो। विधायक राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर विधानसभा में चौमुखी



विकास की गंगा बहाई सरोजनीनगर विधानसभा में उन्होंने हर गांव में बिजली पानी शीतल पेय जल के लिए वाटर कूलर व सरोजनीनगर के अधिकांश मन्दिरों में सौर ऊर्जा लाइटे लगवाने के साथ ही जनता को बैठने के लिए सीमेंट की बेंचें लगवाई हैं। उनके द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं साइकिल व लैपटॉप वितरण कर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित भी किया किया गया। इतना ही नहीं शहर में मां तारा रसोई का उद्घाटन कर शहर में रोजाना लगभग 2 हजार गरीबों को निशुल्क भोजन की व्यवस्था कराई जो रोजाना गरीबों को वितरित किया जाता है। महिलाओं को हर गांव में सिलाई सेंटर खुलवाकर महिलाओं को घर पर ही रोजगार की व्यवस्था की ताकि महिलाएं सशक्त बन सके और अपने पैरों पर खड़ी हो सके। सरोजनीनगर विधानसभा में रामरथ की शुरुआत कर सरोजनीनगर के प्रत्येक गांव में बस भेजकर बुजुर्गों को अयोध्या के दर्शन कराने का कार्य किया। विकलांगों को ट्राईसकिल व बैटरी गाड़ी भी दी विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में जनचौपाल लगाकर लोगों की समस्या को सुनकर त्वरित निस्तारण कराया ऐसे हैं सरोजनीनगर विधानसभा के विधायक जिन्हें सरोजनीनगर की जनता अपना हमदर्द मानती है जनता का मानना है कि राजेश्वर सिंह को पिछली बार से भी ज्यादा वोटों से जीताकर विधानसभा भेजेंगे बगैर जाति भेदभाव के लोगों का काम करना ही उनकी अलग पहचान है सोमवार को विधायक राजेश्वर सिंह ने एक असहाय विधवा महिला जो अपनी बेटी के साथ गंभीर अवस्था में लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में उपचार के लिए भटक रही थीं। बेड उपलब्ध न होने के कारण उन्हें भर्ती नहीं किया जा रहा था, जिससे उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी।

# भव्य और राष्ट्रभक्ति से सराबोर होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन गरिमामय, भव्य और राष्ट्रभक्ति की भावना से परिपूर्ण हो। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को विधान भवन के समक्ष मुख्यमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन लखनऊ के माध्यम से किया जाएगा, जबकि मुख्यमंत्री का संदेश वीडियो लिंक और एलईडी स्क्रीन के जरिए भी प्रसारित होगा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि



आयोजन स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम, वीरता गाथाओं और प्रदेश की नौ वर्षों की विकास उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही 'विकसित प्रदेश, विकसित नगर एवं विकसित गांव की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश', 'आजादी का अमृत महोत्सव', 'भारत का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश' और 'माटी को नमन, वीरों का वंदन' विषयों पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जाएं। उन्होंने विधान भवन, लोक भवन और अन्य सरकारी भवनों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत सज्जा तथा सौंदर्यीकरण समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। महापुरुषों की प्रतिमाओं, उद्यानों और लॉन की विशेष साफ-सफाई कराने के साथ अतिथियों की बैठक व्यवस्था और आमंत्रण पत्रों के समय पर वितरण पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक पुष्प सज्जा, शहर के प्रमुख स्थलों पर राष्ट्रभक्ति आधारित सजावट तथा समारोह के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुरक्षा, अग्निशमन, यातायात, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छता की सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने को भी कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि 1090 चौराहा, 112 चौराहा और शहर के प्रमुख पार्कों में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर होमगार्ड, एसएसबी, पीएसी और पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

# व्यापारी नेता के आफिस में खुला किसान क्रांति यूनियन का प्रदेश कार्यालय

## नारायनपुर गांव निवासी अक्षत सिंह चौहान बनें युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** बंथरा कस्बे में किसान नेता व व्यापार मंडल बन्थरा के महामंत्री पिंटू तिवारी के कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन का प्रदेश कार्यालय खोला गया जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा द्वारा किया गया। उदघाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के कई लोगों को दायित्व दिए गए। इनमें से अक्षत सिंह नारायणपुर को युवा मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनाया गया साथ ही अन्य लोगों को भी दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित ऋषि मिश्रा ने कहा कि हमारा संगठन किसान मजदूरों के लिए काम करता है, उन्होंने कहा हम समाज में हर एक व्यक्ति की आवाज उठाते हैं चाहे वह किसी भी वर्ग का है हमारा संगठन प्रदेश के जिलों में काम करता है कार्यक्रम में सैकड़ों भारतीय किसान क्रांति दल के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नम आंखों के साथ निकला चेहल्लुम का जुलूस, गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल

## निगोहां में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय ने मिलकर किया मातम, कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ जुलूस ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ,संवाददाता।** निगोहां कस्बे में मंगलवार को चेहल्लुम का जुलूस गमगीन माहौल और नम आंखों के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम समुदाय के साथ हिन्दू समाज के लोगों ने भी नोहा और मर्सिया पढ़कर हजरत इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की और मातम में शामिल होकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। गम-ए-हुसैन की याद में गांव के बड़े चौक से ताजिए उठाए गए। जुलूस जगन टोला और दर्जिन टोला से होता हुआ कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे रास्ते नोहा और मर्सिया की सदाओं से



माहौल गमगीन बना रहा और अकीदतमंदों की आंखें नम हो गईं। जुलूस में ग्रामीणों के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। हिन्दू समुदाय के लोगों की सक्रिय भागीदारी ने सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति को और मजबूत किया। मार्ग में कई स्थानों पर लंगर और छबील की व्यवस्था की गई, जहां लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा की। ताजियादार जलील खान ने बताया कि निगोहां में हर वर्ष की तरह इस बार भी चेहल्लुम का जुलूस पूरी शांति और भाईचारे के साथ निकाला गया। सभी समुदायों के लोगों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल जुलूस के साथ तैनात रहा। एसओ निगोहां रवींद्र कुमार ने बताया कि चेहल्लुम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हुआ और पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

# उपचुनाव में भाजपा को जनता ने दिया 'रिटर्न गिफ्ट': अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि हालिया उपचुनाव में भाजपा को अपनी 12 वर्षों की सरकार का 'रिटर्न गिफ्ट' मिला है। उन्होंने दावा किया कि बांकीपुर उपचुनाव की हार ने भाजपा की जनाधार की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। मंगलवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इस उपचुनाव के जरिए यह परख रही थी कि बिना बेईमानी के उसे जनता कितना समर्थन देती है। उन्होंने कहा कि परिणामों से स्पष्ट है कि जनता में भाजपा के प्रति नाराजगी बढ़ी है। मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी की पूरी जिम्मेदारी के साथ मदद की। मध्य प्रदेश और झांसी के पार्टी संगठन



ने गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि वाहन निर्माता कंपनियों को इसके लाभों का प्रचार करना चाहिए। यदि ई-20 पेट्रोल से माइलेज बढ़ता है, रखरखाव का खर्च कम होता है और ईंधन सस्ता पड़ता है, तो कंपनियों को इसकी जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि कंपनियां ऐसा नहीं कर रहीं, तो इसका मतलब है कि वे भी सरकार के साथ मुनाफाखोरी में शामिल हैं। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी पर उन्होंने कहा कि मंदिर का चढ़ावा चोरी होना महापाप है।